आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 21 अगस्त 2024 ■ भाद्र कृष्ण पक्ष-02 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-143 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### महादेव सट्टा ऐप की जांच अब सीबीआई करेगी: गृहमंत्री

रायपुर। प्रदेश का बहुचर्चित मामला महादेव सट्टा ऐप की जांच अब सीबीआई करेगी। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने महादेव सट्टा ऐप केस को सीबीआई को सौंपने जा रही है। इस मामले में प्रदेश भर में लगभग 70 थानों में एफआईआर दर्ज है। इस मामले में बहुत से लोगों को गिरफ्तार भी किया है। महादेव सट्टा ऐप सट्टे के लिए बनाया है यूजर पोकर, कार्ड गेम, चांस गेम नाम के लाइव गेम खेलते हैं। ऐप के जरिए क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल और चुनाव जैसे खेलों में भी अवैध सट्टा लगाया जाता है। अवैध सट्टे के नेटवर्क के जरिए ऐप का जाल तेजी से फैला। सबसे ज्यादा खाते छत्तीसगढ़ में खोले गए।

### 22 अगस्त को जनदर्शन स्थगित

रायपुर,21 अगस्त। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन इस गुरूवार 22 अगस्त को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है. जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लोगों की समस्या सुनते हैं. वहीं मौके पर ही अधिकारियों समाधान के निर्देश देते हैं. जनदर्शन में बड़ी संख्या में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से लोग अपनी समस्याएं लेकर मुख्यमंत्री के पास आते हैं. नागरिकों के समस्या समाधान के बाद उसकी जानकारी भी जनसंपर्क विभाग के पोर्टल में अपडेट की जाती है.

### हाई कोर्ट का सेक्शन अफसर निलंबित

बिलासपुर,21अगस्त। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सेक्शन आफीसर प्रमोद पाठक द्वारा हाईकोर्ट परिसर में अशोभनीय गतिविधियां एवं अनुशासनहीनता के आरोप में रजिस्ट्रार जनरल छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट बिलासपुर द्वारा प्रमोद पाठक को सेवा से निलंबित किया गया। न्यायालयीन कर्मचारियों की मांग को लेकर हड़ताल की घोषणा करने के नाम अनुशासनहीनता करने वाले सेक्शन अफसर को निलंबन की सजा मिली है। मंगलवार को ही छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट अधिकारी कर्मचारी संघ की हड़ताल का पटाक्षेप ही गया था। अफसरों के आश्वासन के बाद भी पाठक ने धरना को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पाठक का दावा झूठ निकल गया है। मंगलवार को रात में कोर्ट परिसर में पुलिस के जवानों के अलावा कोई और नजर नही आया था।

### उपेंद्र कुशवाहा और मनन कुमार मिश्र ने राज्यसभा के लिए किया नामांकन

पटना ,21 अगस्त। पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनन कुमार मिश्र ने बुधवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल सहित एनडीए के कई नेता उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा लोकसभा चुनाव हार गए थे। इस बार काराकाट में उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। अब उच्च सदन पहुंचने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। देश के वरिष्ठ अधिवक्ता मनन मिश्र के राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में नाम की घोषणा मंगलवार को ही भाजपा ने की थी।

नामांकन पत्र भरने के बाद कुशवाहा ने सभी का आभार जताते हुए दावा किया कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बननी तय है। इधर, मनन मिश्र ने कहा कि आने वाला समय भाजपा का है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा मुझे जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, उसका बखूबी निर्वहन करने की कोशिश करेंगे और पार्टी को मजबूत करेंगे।

## उपदेश देने से बचें जज: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,21 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायाधीशों को उपदेश देने से बचने की सलाह दी है। दरअसल, मंगलवार को ही अदालत ने कलकत्ता हाईकोर्ट का एक फैसला पलटा है, जिसकी सुनवाई के दौरान जज ने किशोरियों को सेक्स की इच्छा पर नियंत्रण रखने की सलाह दी थी। एपेक्स कोर्ट ने जजों को फैसला सुनाने के दौरान निजी विचार रखने से भी बचने की सलाह दी है। सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग से रेप के आरोपी को फिर दोषी करार दिया है। मामले की सुनवाई जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच कर रही थी। बेंच ने कहा, जज को केस पर फैसला देना चाहिए और उपदेश नहीं देना चाहिए। फैसले में गैर जरूरी और बेमतलब की बात नहीं होनी चाहिए। फैसला सामान्य भाषा में हो और कम शब्दों में होना चाहिए...। कोर्ट ने यह भी कहा कि फैसला न ही थीसिस है और न ही साहित्य है। बेंच ने कहा, इस बात में कोई संदेह नहीं है कि कोर्ट हमेशा पार्टियों के आचरण पर टिप्पणी कर सकता है। हालांकि, पार्टियों के आचरण के संबंध में निष्कर्ष ऐसे आचरण तक ही सीमित होना चाहिए, जिसका असर फैसले पर पड़ रहा हो।

कोर्ट के फैसले में जज के निजी विचार शामिल नहीं किए जाने चाहिए। अदालत ने कहा, दुर्भाग्य से हमारे समाज में ऐसे कई मामले हैं, जहां POCSO एक्ट के अपराध के पीड़ितों के माता-पिता पीड़ितों को छोड़ देते हैं। फिर चाहे कारण जो भी हों। ऐसे मामलों में उन्हें घर, खाना, कपड़ा, शिक्षा के मौके आदि देना राज्य की जिम्मेदारी है। यहां तक कि ऐसे पीड़ित अगर बच्चे को जन्म दे दें, तो उनकी देखभाल भी इसी तरह करना राज्य का काम है। उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की थी, जिसे यौन उत्पीड़न के मामले में 20 साल की सजा सुनाई गई थी। हाई कोर्ट ने इस व्यक्ति को बरी कर दिया था। ताजा मामले को लेकर कोर्ट ने कहा, दुखद है कि इस ताजा मामले में स्टेट मशीनरी पूरी तरह से असफल रही है। कोई भी पीड़िता के बचाव के लिए नहीं आया। ऐसे में जीवित रहने के लिए उसके पास आरोपी के साथ रहने के आलावा कोई भी रास्ता नहीं बचा था।

### कोर्ट ने क्या कहा था

18 अक्टूबर 2023 के इस विवादित फैसले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा था कि किशोरियों को यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए, क्योंकि जब वह मुश्किल से दो मिनट का यौन सुख लेने के फेर में पड़ जाती है, तब वह समाज की नजरों में बुरी बन जाती है।



## छत्तीसगढ़ में दरिंदगी,महिला से 8 लोगों ने किया रेप

रायगढ़,21 अगस्त। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक आदिवासी महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को कहा कि रायगढ़ जिले में 27 वर्षीय एक आदिवासी महिला के साथ आठ लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार को पुसौर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई जब पीड़िता रक्षाबंधन त्योहार मनाने के बाद एक स्थानीय मेले में घूमने जा रही थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला ने मंगलवार को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई। उन्होंने बताया कि शिकायत के अनुसार, कुछ लोगों ने कथित तौर पर उसे रोक लिया और उठाकर जबरन पास के एक तालाब के किनारे ले गए। वहां ले जाकर सभी ने उसके साथ बारी-बारी से बलात्कार किया। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में आगे की जांच जारी है। बिलासपुर रेंज के आईजी संजीव शुक्ला ने बताया कि घटना सोमवार शाम की है। कहा कि महिला सोमवार को एक स्थानीय मेले में गई थी। वह आरोपियों में से एक को जानती थी और उन दोनों ने स्थानीय बाजार के पास मिलने का फैसला किया। जब मुख्य आरोपी उससे मिला तो वह अन्य आरोपी लोगों के साथ था। महिला के अनुसार, उसके साथ आठ लोगों ने बलात्कार किया, जो मुख्य आरोपी के साथ थे। घटना के बाद आरोपियों ने महिला को धमकी भी दी थी। उसके बाद वे लोग वहां से भाग गए।आईजी ने बताया कि मंगलवार रात तक हमने छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। दो आरोपी फरार हैं। रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक दिव्याग पटेल ने कहा कि वह गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं ताकि इसमें शामिल अन्य लोगों के बारे में पता लगाया जाए और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसपी ने कहा कि मामले में पुसौर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है। हम आरोपी की पहचान उजागर नहीं कर रहे हैं क्योंकि इससे जांच में बाधा आ सकती है। मामला गंभीर है। इस बीच, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घटना को गंभीर बताया और सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और उन्हें सजा देने की मांग की।

### कानपुर हाईवे पर भीषण सड़क हादसे में 4 की मौत, दो घायल

इटावा ,21 अगस्त। कानपुर हाईवे पर बुधवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। इटावा के इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए इस हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक महिला और तीन पुरुष शामिल हैं। वहीं, दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। घायलों में एक बच्चा भी शामिल है। इटावा के इकदिल में हुए इस हादसे के पीछे कहा जा रहा है कि कार चालक को झपकी लग गई थी। जिसके चलते वह कार पर संतुलन संभाल नहीं सका।बुधवार सुबह 6.30 बजे हुई इस घटना की सूचना मिलने पर इकदिल पुलिस मौके पर पहुंची।

## छत्तीसगढ़ में भारत बंद का मिला-जुला असर

- राजधानी में कोई खास प्रभाव नहीं
- जगदलपुर में सड़कों पर उतरा आदिवासी समाज

रायपुर,21 अगस्त। छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ ने आज उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी आरक्षण वर्गीकरण के आदेश के विरोध में भारत बंद आह्वान का छत्तीसगढ़ में मिलाजुला असर देखने को मिला है। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने समर्थन नहीं किया है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भारत बंद का असर नहीं दिख रहा है। सुबह से बंद समर्थक वाहनों में बंद कराने निकल गये थे। राजधानी की अधिकांश दुकानें व बाजार खुले रहे। माहौल आम दिनों की तरह था। वहीं आरक्षण के मुद्दे पर सर्व आदिवासी समाज के आव्हान पर भारत बंद का बस्तर में व्यापक प्रभाव दिख रहा है। बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के समर्थन से व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद है। स्कूल कॉलेज व अन्य आवश्यक सेवाएं चालू हैं। नगरनार स्टील प्लांट के मुख्य प्रवेश द्वार पर आदिवासी समाज के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। गेट बंद कर दिया गया है। अधिकारी, कर्मचारी प्लांट के पीछे अस्थाई गेट नंबर दो से ड्यूटी पर जा रहे हैं। सुकमा, बीजापुर,कांकेर,जगदलपुर में बंद का असर देखने को मिला। रायपुर में सभी स्कूल-कॉलेज, बस सेवा, पेट्रोल पंप और दुकानें खुली हुई है. वहीं शहर में पुलिस अलर्ट मोड पर है. छत्तीसगढ़ में बंद के लिए बहुजन समाज पार्टी, सर्व आदिवासी समाज और भारतीय बौद्ध महासभा ने समर्थन दिया है. सर्व आदिवासी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा, आज भारत बंद का आयोजन किया गया है, छत्तीसगढ़ में इसका असर दिख रहा है.

## सीबीआई की रडार पर आए ईडी अधिकारी ने दी जान

नई दिल्ली,21 अगस्त। भ्रष्टाचार के एक मामले में सीबीआई की जांच के दायरे में आने वाले ईडी के एक अधिकारी का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। संभावना है कि उन्होंने आत्महत्या की है। ईडी अधिकारी आलोक कुमार पंकज का शव मंगलवार को दिल्ली के पास साहिबाबाद में रेलवे ट्रैक पर मिला। गाजियाबाद के रहने वाले आलोक कुमार नई दिल्ली में ईडी में प्रतिनियुक्ति पर थे। इससे पहले उन्होंने आयकर विभाग में काम किया था। हाल ही में कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में सीबीआई ने उनसे दो बार पूछताछ की थी, लेकिन सबूतों के अभाव में उन्हें छोड़ दिया गया था। आलोक कुमार पंकज का नाम रिश्वत मामले में तब सामने आया था जब ईडी के एक सहायक निदेशक संदीप सिंह को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। सीबीआई को एक व्यक्ति से शिकायत मिली थी कि संदीप सिंह ने उसके बेटे को गिरफ्तार नहीं करने के लिए कथित तौर पर 50 लाख रुपये की मांग की थी। इसके बाद एजेंसी ने जाल बिछाया और सिंह को दिल्ली में 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। संदीप सिंह ने कथित तौर पर मुंबई के एक जौहरी से भी रिश्वत ली थी, जिसके स्टोर पर पहले ईडी ने छापा मारा था।

## हाईवा की टक्कर से बच्चे की मौत

रायपुर,21अगस्त। राजधानी के आरंग थाना अन्तर्गत भीषण हादसा हो गया है, यहां स्कूल जा रहे बाइक सवार बच्चों को हाईवा ने ठोकर मार दी, हादसे में एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरे की हालत गंभीर है, जिसे इलाज के लिए अभनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवा में आग लगा दी है। जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे ग्राम तोरला स्कूल पल्सर बाइक से पढ़ने जा रहे थे, तभी मुरूम से भरे हाईवे ने बच्चों को ठोकर मार दी, जिसमे एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका अभनपुर अस्पताल में इलाज जारी है। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवा को आग के हवाले कर दिया, सुचना पर पहुंची पुलिस आग को बुझाने की कोशिश कर रही है। घटना में कक्षा 10वीं के छात्र रूपेश साहू (उम्र 17 वर्ष) की मौत, कक्षा 09वीं का छात्र धीरज सेन उम्र (16 वर्ष) घायल हुआ है।



## चलते ट्रक में आग लगी

कांकेर,21 अगस्त। केशकाल घाटी से इस वक्त एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां केशकाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच 30 पर एक चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। इस घटना की सचूना मिलते ही स्थानीय इलाकों में हड़कंप मच गया। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने लोगों की मदद से आग पर काबू पाया और मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। बता दें कि, घटना केशकाल थाने के एनएच-30 बहीगांव की है। ट्रक जगदलपुर से रायपुर की ओर लोहे की गिट्टी लोड करके जा रहा था। आग ने ट्रक के पिछले पहियों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गया। वहीं सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। मामले में पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन ट्रक को काफी नुकसान पहुंचा है। फिलहाल ट्रक में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी हो सकती है।



## बीजेपी विष है,इसे निकालकर फेंकने की जरूरत है : खरगे

नई दिल्ली,21 अगस्त। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विवादित बयान दिया है. मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'बीजेपी विष है और इसे निकालकर फेंकने की जरूरत है. अगर आप BJP को पकड़ कर देखने की भी कोशिश करेंगे तो उसका विष आपके शरीर में घुस जाएगा.' मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'महाराष्ट्र को महाराष्ट्र के लोग चलायेंगे , दिल्ली में बैठे मोदी नहीं. संविधान बचाने की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई. आपको हमें राज्यों में भी मजबूत करना होगा. राज्य में हमारे विधायक नहीं होंगे तो राज्य सभा में हमारे सांसद चुन कर नहीं आएंगे. विपक्ष को दोनों सदनों में मजबूती चाहिए. आपने महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में सांसद देकर मोदी के संविधान बदलने के मंसूबे को परास्त किया.' खरगे ने कहा, 'मोदी सरकार ने हाल ही में लेटरल एंट्री का विज्ञापन निकाला था लेकिन आज ये विज्ञापन वापस ले लिया. मोदी सरकार ने ये फैसला वापस लिया, क्योंकि आप मजबूत हैं. अगर मोदी सरकार बहुमत में होती, तो बिना किसी को आरक्षण दिए उन पदों पर RSS के लोगों को बैठा देती.' उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था- युवाओं को हर साल 2 करोड़ नौकरियां दूंगा, लेकिन किया कुछ भी नहीं. यहां लोग बेरोजगारी, महंगाई से तड़प रहे हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी इसपर कोई बात नहीं करते. वे सिर्फ कहते हैं कि कांग्रेस ने क्या किया? मोदी जी, अब आप अपने काम का हिसाब दीजिए. राजीव गांधी के समय BCG, TB, OPV (पोलियो), DPT के टीकों से लाखों बच्चों की रक्षा हुई लेकिन वैक्सीन सर्टिफिकेट पर उन्होंने कभी अपनी फोटो नहीं लगाई, जैसे नरेंद्र मोदी ने अपनी फोटो लगाई थी.' वो बोले, 'देश के संसदीय इतिहास में सबसे ज्यादा 415 सीटें राजीव जी के नेतृत्व में आई थीं. नरेंद्र मोदी कह रहे थे- इस बार 400 पार, लेकिन महाराष्ट्र के लोगों ने मोदी जी को झटका दे दिया. नरेंद्र मोदी अब अपने बल पर नहीं खड़े. वे TDP और JDU के बल पर खड़े हैं. अगर इन्हें हटा दिया गया तो मोदी जी चल नहीं पाएंगे. 400 से ज्यादा सीटें आने के बाद भी राजीव जी ने शांति से अपना काम किया. वे 11 बड़े प्रोजेक्ट लेकर आए, जिससे सबका फायदा हुआ.'

### आप सांसद संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ी

सुलतानपुर ,21 अगस्त। उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जिले की एक अदालत ने 23 वर्ष पूर्व एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रवक्ता अनूप संडा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। इस मामले में जमानतीय वारंट को कोर्ट ने जारी रखा है। 28 अगस्त को कोर्ट अब मामले की सुनवाई करेगा। न्यायिक विभाग के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि करीब 23 वर्ष पूर्व 19 जून 2001 को बिजली-पानी समेत अन्य समस्याओं के विरोध में इन नेताओं ने सड़क पर जाम लगाकर धरना प्रदर्शन किया था, जिस पर कोतवाली नगर में तैनात उपनिरीक्षक अशोक सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था।

## व्यापारी से 75 लाख की ठगी करने वाले 14 आरोपी बिहार से गिरफ्तार

रायगढ़,21 अगस्त। खरसिया थाना क्षेत्र में एक बड़े साइबर ठगी मामले का पर्दाफाश करते हुए रायगढ़ पुलिस ने 75 लाख रुपये की धोखाधड़ी में संलिप्त एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह के 14 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ठगबाजों से 40 मोबाइल फोन, 49 एटीएम कार्ड पासबुक जब्त की गई है। खरसिया रहवासी पीड़ित व्यवसायी ने करीब डेढ से दो माह पहले इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की डीलरशिप के लिए फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा और दिए गए नंबर पर संपर्क किया। फ़ोन कालर ने खुद को कंपनी का प्राधिकृत कर्मचारी बताया और धीरे-धीरे पीड़ित से विभिन्न शुल्कों के नाम पर 75 लाख रुपये ठग लिए। जब डीलरशिप नहीं मिली और आरोपितो ने और पैसे की मांग की, तब व्यवसायी को ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने खरसिया थाना में शिकायत दर्ज कराई।



### छत्तीसगढ़ में खेल पदाधिकारियों की निष्क्रियता से खिलाड़ियों का भविष्य अंधकारमय

jasclaudius@gmail.com

## ओलंपिक संघ के चुनाव हों नेशनल कोड अनुसार

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खेलकूद में अनुशासन, समय की पाबंदी का सबसे ज्यादा महत्व होता है। मजेदार बात यह है कि पदाधिकारी चाहे राष्ट्रीय खेल संघ के हो, राज्य या जिला संघ के हो वे सभी खिलाड़ियों से टीम को अनुशासन व समय के पाबंदी का पाठ पढ़ाते हैं लेकिन खुद आमतौर पर उसका पालन नहीं करते हैं। यह स्थिति खेलकूद के माहौल को साफ सुथरा रखने में कभी भी मददगार नहीं हो सकती। हमारे देश की जनता को खिलाड़ियों के प्रदर्शन से अपार उम्मीद रहती है। करीब 144 करोड़ की आबादी वाले देश में विश्व स्तर के प्रतिभागियों की संख्या गिनी चुकी है। उस पर पदक जीतने वालों को उंगलियों पर गिना जा सकता है। पेरिस 2024 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय दल में 16 खेलों के 117 खिलाड़ियों ने योग्यता हासिल की थी। उनमें से सिर्फ चार खिलाड़ियों ने एक रजत व पांच कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। पिछले 124 वर्षों में भारत के खिलाड़ियों ने प्रतिष्ठित बहुखेल खेल स्पर्धा ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन ओलंपिक खेलों में अब तक कुल मिलाकर 41 पदक जीते हैं। जिसमें 10 स्वर्ण, 10 रजत,21 कांस्य पदक सम्मिलित हैं। ये पदक एथलेटिक्स,हाकी, कुश्ती, टेनिस, निशानेबाजी, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी, बैडमिंटन याने सिर्फ आठ खेलों में आये हैं। ओलंपिक खेलों में कुल 28 खेलों को प्रमुख खेल माना जाता है। इस तरह हम कह सकते हैं कि अभी भारतीय खिलाड़ियों को ओलंपिक खेलों में पदक लाने के लिए और कड़ी मेहनत करनी होगी। दूसरी तरफ हमारे खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों की कमी, स्तर के खेल सामग्री, खेल मैदान, उचित खान पान को माना जाता है लेकिन इन सबसे बढ़कर जो आपसी खींचातान खेल संघ के पदाधिकारियों में पाया जाता है। उस ओर ध्यान नहीं दिया जाता।

राष्ट्रीय व राज्यस्तर के खेल संघ के पदाधिकारियों में किसी भी प्रकार का मतभेद नहीं होना चाहिए। सभी को अपने-अपने खेलों के खिलाड़ियों की कमी की जानकारी जरूरी है और तो और प्रशिक्षकों को नियम कानून की सही जानकारी का अभाव खिलाड़ियों के आगे बढ़ने में बाधक है। इस तरह विभिन्न समस्याओं को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार में खेल से जुड़े लोगों के द्वारा एक ड्राफ्ट जिसे नेशनल कोड फार गुड गवर्नेंस इन स्पोर्ट्स 2017 तैयार किया गया है। इसे भारत के खेल व खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए तैयार करने में अध्यक्ष आई श्रीनिवास, सचिव इंदर धमीजा, सदस्यगण क्रमशः नरिंदर बत्रा, अभिनव बिंद्रा, प्रकाश पादुकोण, अंजु बाबी जार्ज, नंदन कामथ तथा विजय लोकपल्ली ने अपना योगदान दिया। इसमें खेल संघ के पदाधिकारियों की उम्र 70 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। चुनाव के तरीके, चुनाव में भाग लेने वालों की पात्रता , सदस्यता आदि का विस्तृत पैमाना तैयार किया गया है। वस्तुतः आज की परिस्थिति में जबकि भारत में 2036 के ओलंपिक खेलों के आयोजन की चर्चा है तब पूरे देश में 2017 के नेशनल स्पोर्ट्स कोड और उसके बाद उसमें हुए संशोधन को लागू किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ में 2024 में छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ का चुनाव संभावित है। छत्तीसगढ़ के ओलंपिक संघ के 2020 से 2024 के कार्यकाल के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री से लेकर अन्य पदाधिकारियों में आपसी मतभेद रहे हैं और महासचिव पद को लेकर एक ही कार्यकाल में दो व्यक्तियों ने नाम आते रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री की उदासीनता के कारण छत्तीसगढ़ में होने वाले 38 वें राष्ट्रीय खेलों को उत्तराखंड को आबंटित कर दिया गया है। यह हमारे प्रदेश के किशोरों व युवाओं के लिए निराशाजनक खबर है। अतः छत्तीसगढ़ राज्य ओलंपिक संघ के निष्पक्ष चुनाव और खेल प्रेमी पदाधिकारियों के चयन के लिए यहां पर नेशनल कोड फार गुड गवर्नेंस इन स्पोर्ट्स 2017 को लागू किया जाना अत्यंत आवश्यक है ताकि उसी के आधार पर चुनाव हो और छत्तीसगढ़ के खेल व खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल व सुरक्षित हो सके।

## स्टील कारोबारी के पुत्र की गोली मारकर हत्या

### जंगल किनारे कार में मिली लाश, अपहरण के बाद मर्डर की आशंका

अंबिकापुर,21 अगस्त। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है. स्टील कारोबारी के पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. युवक कल शाम से लापता था, आज सुबह उसकी लाश जंगल किनारे कार में मिली है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और विभाग के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं. यह मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है. मामले में पुलिस ने एक संदेही को हिरासत में लिया है. मिली जानकारी के अनुसार, अंबिकापुर के मनेंद्रगढ़ रोड निवासी अंबिका स्टील के संचालक महेश केड़िया के पुत्र अक्षत अग्रवाल की लाश गांधीनगर थाना क्षेत्र के चठिरमा जंगल में मिली है. युवक के शव को उसके कार में ही बरामद किया गया है. बताया जा रहा है कि अक्षत अग्रवाल मंगलवार को पैसा रिकवरी के लिए अपनी कार से गया हुआ था. इस दौरान शाम करीब 6.30 बजे से लापता हो गया और उसका फोन बंद आ रहा था.



## एक नजर

### करोड़ों के मादक पदार्थ किए नष्ट



**भिलाई, 21 अगस्त।** भिलाई रेंज के अंतर्गत आने वाले 3 जिलों में जब्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया गया. जिसमें करोड़ों रुपए के गांजा,शराब और नशीली दवाई सिरप को नष्ट किया गया. बड़ी मात्रा में जब्त गांजा को भिलाई स्टील प्लांट में किया गया. इस मौके पर आईजी राम गोपाल गर्ग समेत पुलिस और बीएसपी के अधिकारी मौजूद थे.इस दौरान आईजी और एसपी ने अपनी मौजूदगी में मादक पदार्थों को नष्ट करवाया. भिलाई स्टील प्लांट में हुआ भस्मीकरण दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग ने बताया कि अन्तर्गत जिलों में जब्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण के लिए रेंज स्तर पर हाई लेवल ड्रग्स डिस्पोजल समिति गठित की थी. जिसमें भिलाई भट्ठी क्षेत्र के भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-03 के भस्मीकरण उपकरण में जलाकर थाना नेवई, थाना भिलाई, जिला दुर्ग के क्षेत्रांतर्गत भिलाई इस्पात संयंत्र के मड़ौदा डेम के पास ट्राइपोलिडेन सिरप की 9440 बोतल को बुलडोजर से कुचलकर नष्ट किया गया वहीं दुर्ग रेंज के 141 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों एवं नशीली दवाइयों को नष्ट किया गया. जिसमें जिला दुर्ग से 79, बालोद 23 , बेमेतरा 39 प्रकरण शामिल थे. इसमें गांजा-989.303 किलोग्राम , 09 नग गांजा पौधा, हीरोइन 170.220 ग्राम, ब्राउन शुगर 225.764 ग्राम, टैबलेट 11,91,314 नग, कैप्सूल 4200 नग, सीरप 9440 शीशी थी।

### युवक पर चाकू से हमला

**भिलाई, 21 अगस्त।** भिलाई खुर्सीपार थाना अंतर्गत दोस्त के साथ खड़े एक युवक का मोबाइल छीनकर भाग रहे दो युवकों को पकड़ा। थोड़ी देर में आरोपियों के अन्य साथियों आ गए और युवक पर चाकू से हमला कर लिए घायल युवक का दुर्ग अस्पताल में इलाज चल रहा है खुर्सीपार पुलिस के अनुसार 19 अगस्त को सोनू पटेल राखी बंधवाने के बाद सड़क किनारे अपने दोस्त के साथ खड़ा होकर बात कर रहा था तभी दो युवक मोटर साइकिल से आए और सोनू के हाथ से मोबाइल छिनकर भागने लगे गाड़ी की स्पीड बढ़ पाती इससे पहले सोनू ने दौड़कर गाड़ी को पकड़ लिया और अपना मोबाइल वापस ले लिया तभी युवकों ने अपने साथियों को फोन कर दिया कई संख्या में युवक मौके पर पहुंचे और सोनू पर चाकू आदि से हमला कर दिया घायल सोनू को पहले सुपेला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उसे दुर्ग जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां उसकी स्थिति सामान्य बनी हुई है।

### चाकू मारकर दो को किया घायल

**भिलाई, 21 अगस्त।** भिलाई मोबाइल छिना झपटी को लेकर विवाद के बाद दो युवकों ने युवती और युवक पर चाकू से हमला कर दिया घटना के बाद दोनो को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है शिकायत के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है घटना कतोवाली दुर्ग थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक राजीव नगर दुर्ग निवासी जागृति साहू, वेदप्रकाश रास्ते में खडे होकर मोबाइल से बात कर रहे थे। इस दौरान नशे की हालत में उमेश साहू और रग्गा नामक युवक पहुंचे और मोबाइल को छिनने लगे विरोध करने पर आरोपी युवकों ने जागृति को कमर और वेदप्रकाश के पैर में चाकू से वार कर दिया घटना गुप्ता किराना स्टोर्स के पास की है गौरतलब हो कि शहर में चाकूबाजी की घटनाएं रोकने का नाम नहीं ले रहा है नशे में चूर होकर नशेड़ी युवक आम लोगों के साथ चाकूबाजी घायल कर फरार हो गए घटना के बाद पुलिस पहुंच रही है पिछले तीन-चार दिन दुर्ग में चाकूबाजी की आधा दर्जन से भी घटनाएं हो चुकी है सुरक्षा को लेकर आम लोग पुलिस पर भरोसा जता रहे है पुलिस सुरक्षा को लेकर खरा उतरने में नाकाम है ।

### अभिजीत ने किया नेशनल के लिए क्वालिफाई

**भिलाई, 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ स्टेट रायफ़ल एसोसियेशन माना शूटिंग रेंज में भिलाई के युवा खिलाड़ी अभिजीत सराफ का नेशनल के क्वालिफ़ाई हुआ है। अभिजीत, अवकाश प्राप्त डिप्टी एसपी स्मृतिशेष सीताराम सराफ के पौत्र एवं नवीन सराफ-अर्चना सराफ के सुपुत्र हैं।



### ग्रामीणों ने उठाया बीएसपी के निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ



**भिलाई, 21 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में 20 अगस्त को आदर्श इस्पात ग्राम दनिया में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम दनिया में आयोजित चिकित्सा शिविर में डॉ एम सरस्वती, बीपी शुगर जांच हेतु श्रीमती रेखा देव, फार्मासिस्ट खिलावन कुंभकार, पंजीयन हेतु मंसूर अली तथा सीएसआर विभाग से आशुतोष सोनी उपस्थित थे7 इस शिविर में कुल 22 लोगों की जांच करके उनको दवाइयों का वितरण किया गया7 जिसमें 12 पुरुष, 08 महिलाएं एवं 02 शिशु लाभान्वित हुए7 प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

# जिला सदस्यता अभियान टोली का संयोजक राजेन्द्र एवं रविशंकर, रोहित व मानसी को बनाया गया सदस्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 21 अगस्त।** जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि दुर्ग जिले में सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के लिए जिला सदस्यता अभियान टोली बनाई गई है। जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल के अनुमोदन एवं जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा की अनुशंसा से प्रदेश भाजपा नेतृत्व द्वारा जिला सदस्यता अभियान टोली का संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये (जिला भाजपा उपाध्यक्ष) को बनाया गया है तथा इस टोली में रविशंकर सिंह (भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य), रोहित साहू (जिला भाजपा मंत्री) और डॉ. श्रीमती मानसी गुलाटी (जिला भाजपा कार्यकारिणी सदस्य) को सदस्य के रूप में सदस्यता अभियान चलाने की जिम्मेदारी दी गई है। जिला सदस्यता अभियान टोली के संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने कहा कि भाजपा ने अखिल भारतीय स्तर पर 10 करोड़ लोगों को पार्टी का सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अलग-अलग राज्यों को अलग-अलग लक्ष्य प्रदान किया गया है। वर्ष 2014 और वर्ष 2019 की सदस्यता अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में 29 लाख सदस्य बनाए गए थे। 20 अगस्त मंगलवार को सदस्यता टोली की बैठक प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर में आहूत की गई है, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह विशेष रूप से इस बैठक में सदस्यता के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे, इस बैठक में सदस्यता के लिए व्यापक रणनीति तय की जाएगी। इस बैठक में जिले की सदस्यता टोली के साथ-साथ प्रदेश कोर ग्रुप भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारी व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश भाजपा पदाधिकारी, संभाग प्रभारी एवं सह प्रभारी, सांसद, विधायक, प्रदेश सदस्यता अभियान टोली, जिला प्रभारी एवं सह प्रभारी, जिला भाजपा अध्यक्ष एवं महामंत्री, मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक एवं सहसंयोजक, नगर निगम के महापौर एवं नेता प्रतिपक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष शामिल होकर सदस्यता अभियान संबंधी राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देशों को ग्रहण करेंगे। जिला सदस्यता अभियान टोली के सदस्य रविशंकर सिंह, रोहित साहू, डॉ.मानसी गुलाटी ने कहा कि दुर्ग जिले में विगत 2019 में हुई सदस्यता के रिकॉर्ड को तोड़कर नया रिकॉर्ड बनेगा। बूथ स्तर पर नए सिरे से सदस्य बनने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी जाएगी।

# जैतखाम को रक्षा सूत्र बांध विधायक रिकेश ने की पूजा-अर्चना



**भिलाई, 21 अगस्त।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने रक्षाबंधन पर्व की शाम नेहरू नगर रेशने आवास पहुंच जैतखाम को रक्षा सूत्र बांध बाबा की पूजा आरती की। उन्होंने कहा कि जैतखाम सतनामियों के सत्य नाम का प्रतीक और सतनाम पंथ की विजय कीर्ति को प्रदर्शित करने वाला आध्यात्मिक पताका है। आमतौर पर सतनाम समुदाय के लोगों द्वारा अपने मोहल्ले, गाँव में किसी चबूतरे या प्रमुख स्थल पर खंभे में सफेद झंडा लगा दिया जाता है जिसे जैतखाम कहा जाता है। यहाँ कई तरह के धार्मिक आयोजन किये जाते रहे हैं। इसलिए हाल ही में उन्होंने निर्णय लिया कि वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत लगभग सौ जैतखंभ वाले स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा ताकि पूजा अर्चना सहित विभिन्न धार्मिक आयोजनों को बेहतर ढंग से संपादित किया जा सके। राखी के पूर्व ही एक और बड़ा निर्णय जैतखाम को लेकर वैशाली नगर में लिया गया है। छत्तीसगढ़ के गिरोधपुरी में सबसे बड़ा जैतखाम है जिसकी ऊंचाई 77 मीटर (243 फीट) है यह कुतुब मीनार से भी ऊँचा हैं लेकिन भिलाई दुर्ग के सभी वृद्धजन वहां दर्शन के लिए नहीं पहुंच पाते इसलिए वैशाली नगर में ही मिनी गिरोधपुरी धाम का निर्माण होगा और इसे तीर्थ स्थल की तरह डेवलप किया जाएगा। विधायक रिकेश सेन ने रेशने आवास स्थित जैतखाम की पूजा अर्चना कर उसे रक्षा सूत्र बांध सामाजिक सद्भाव का संदेश देते हुए कहा कि परम पूज्य घासीदास बाबा के उद्देश्य मनखे मनखे एक समान को जन-जन पहुंचाने वैशाली नगर विधानसभा में नेहरू नगर रेशने आवास से बाबा की पूजा आरती कर शुरुआत हुई है। जल्द वैशाली नगर विधानसभा के सभी जैतखंभ को व्यवस्थित कर सतनामी समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक होगी जिसमें मिनी गिरौदपुरी धाम की स्थापना के स्वप्न को साकार करने चयनित जमीन पर कार्य शुरू होगा।

### भारत बंद पर चर्चा की

**रायपुर, 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी ,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ छत्तीसगढ़ एवं सर्व समाज के पदाधिकारी आज चेम्बर भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में उच्चतम न्यायालय के द्वारा जारी आरक्षण वर्गीकरण के आदेश के विरोध में भारत बंद के आव्हान को लेकर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से समर्थन मांगने पहुंचे। चेम्बर प्रदेश अयक्ष श्री अमर पारवानी ने बताया कि बैठक में चेम्बर के पदाधिकारी के साथ सर्व समाज के पदाधिकारियों की गहन चर्चा हुई। चूंकि यह विषय भारत बंद को लेकर था अतः चेम्बर से संबद्ध राष्ट्रीय संगठनों से भारत बंद के विषय पर चर्चा की गई ।

# नोडल अधिकारी ने निगम क्षेत्र में चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया



भिलाई, 21 अगस्त । मंगलवार को जिला शिक्षा विभाग के कॉर्डिनेटर जिला कलेक्टर के आदेश का पालन करते हुए स्वच्छता नोडल अधिकारी निगम भिलाई क्षेत्र का औचक सर्वे करने पहुंचे। नोडल अधिकारी द्वारा वार्ड क्रमांक 31 से 35 तक के वार्डों का बारीकी से सर्वे किया गया। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र पांडे द्वारा प्रमुख रूप से सड़क सफाई, नाली की सफाई एवं डोर-टू-डोर कराये जा रहे सफाई कार्यो की जानकारी प्राप्त की गई। उनके द्वारा सफाई व्यवस्था को देखकर निगम के कार्य की सराहना की गई। इसी प्रकार स्व सहायता समूह की महिलाओ द्वारा डोर-टू-डोर वार्डो एवं घरो में जाकर सफाई एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में प्रचार-प्रसार कर रही है उनकी जानकारी प्राप्त किये। साथ ही समूह की महिलाओ द्वारा सफाई को लेकर नागरिको से कचरा सड़को एवं नालियों में नहीं डालने की समझाईस दे रही है उनके बारे में भी जानकारी प्राप्त की । पांडे द्वारा जोन के सुपरवाइजर वीरेंद्र बंजारे से निगम क्षेत्र में एस.एल.आर.एम. सेंटर पहुंचकर वेस्ट सेग्रीगेशन, मशीनों द्वारा किये जा रहे कार्य एवं पंजी रजिस्टरों जानकारी प्राप्त की । उनके द्वारा पूछा गया कि कितने कर्मचारी यहां कार्य कर रहे है एवं किन-किन कर्मचारियों को क्या-क्या कार्य सौंपा गया है। एस.एल.आर.एम. सेंटर में संग्रहित कचरे कैसे अलग-अलग किये जा रहा है। ऑर्गेनिक वेस्ट से किस प्रकार मशीनों के माध्यम से खाद बनाया जा रहा है, उसको देखा। अन्त में जाते समय उन्होने निगम भिलाई के कार्यो से खुशी व्यक्त करते हुए सबको अपनी सुरक्षा रखते हुए मिलकर कार्य करने की सलाह दी गई। वापस लौटते समय उनके द्वारा महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे खाद खरीद कर अपने साथ लेकर गये।

### आकाशगंगा सब्जी मंडी से हटाया गया कचरा संग्रहण पॉइंट




भिलाई, 21 अगस्त । आकाशगंगा गंगा थोक सब्जी मंडी से कचरा संग्रहण का पॉइंट था। उसको हटाने के लिए शिकायत मिल रही थी, इसे नगर निगम ने हटा दिया है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर अब उसके जगह पर वहां पर एक ट्राली रखी गई है। व्यापारी अपनी दुकानों से निकलने वाली सब्जी के कचरे को उसे ट्राली में डालेंगे। जिसे निगम की गाड़ी दो टाइम सुबह 11 से 12 बजे शाम को 4 से 5 बजे के बीच में लेकर जाएगी और उसका खाद बनाया जाएगा। अब व्यापारी कहीं इधर-उधर कचरा फेंकेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना जाकर व्यापारियों के पदाधिकारी से बात किया। उनको समझाइश दी की सुबह भीड़ रहता है गाड़ी लोडिंग अनलोडिंग होता है। इसलिए रिक्शा प्रत्येक दुकान के सामने नहीं आ सकता है। दोपहर के समय एक बार नगर निगम का रिक्शा प्रत्येक दुकान पर जाएगा आप अपना कचरा उसे रिक्शा में डालें, बाकी कचरे को रखी हुई ट्राली में डालें अब कोई इधर.उधर फेंकेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम भिलाई सहयोग कर रहा है व्यापारी भी सहयोग करें। सब्जी मंडी को साफ रखने की जिम्मेदारी दोनों पक्षों की है। व्यापारी भी सहमत हुए हैं।

न्योता-भोज




### शिक्षाविद जी.पी. शुक्ला ने छात्रों को दिया न्योता-भोज

**दुर्ग, 21 अगस्त ।** शासकीय प्राथमिक शाला तितुरडीह क्रमांक-2 दुर्ग में शिक्षाविद एवं अवकाश प्राप्त प्राचार्य जी.पी. शुक्ला की तरफ से न्योता-भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुर्रेजी एवं खान सर विशेष रूप मौजूद रहे। इस दौरान जी पी शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को मनोयोग से अध्ययन एवं खेलकूद के साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहने की शुभकामनाएं दीं।

# नगर में भारत बंद का मिला-जुला असर रहा



**भिलाई, 21 अगस्त।** भिलाई भारत बंद का ट्विनसिटी में दिखा मिला जुला असर आरक्षण में क्रीमीलेयर के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में पारित निर्णय के खिलाफ भारत बंद के आह्वान का आज ट्विन सिटी भिलाई - दुर्ग में मिला जुला असर देखने को मिला समर्थन में एससी-एसटी संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने रैली निकाली।इस दौरान केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ ने 21 अगस्त को उच्चतम न्यायालय के द्वारा जारी आरक्षण वर्गीकरण के आदेश के विरोध में भारत बंद का आह्वान किया है, जिसका भिलाई - दुर्ग में मिलाजुला असर दिख रहा है। आज के बंद को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने समर्थन नहीं किया है। इसलिए ट्विन सिटी की ज्यादातर दुकानें अपने समय पर खुल गई थी। बाद में एससी-एसटी संयुक्त संघर्ष मोर्चा सहित अन्य संगठनों की रैली निकालकर समर्थन देने का आग्रह किया गया तो कुछ कुछ दुकानदारों ने अपने शटर गिरा दिया। वहीं शहर के अंदरूनी हिस्से की व्यवसायिक गतिविधियां निर्बाध रूप में चलती रही। स्कूल कॉलेज, पेट्रोल पंप, अस्पताल, होटल व रेस्टोरेंट जैसे अन्य आवश्यक सेवाएं चालू रहने से लोगों को खास दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा। रायपुर - दुर्ग मार्ग पर रोज की तरह यात्री बस सहित आटो जैसी परिवहन सेवा जारी रही। लोगों को अपने कार्यालय आने जाने में कोई परेशानी नहीं हुई भारत बंद का आह्वान आरक्षण में क्रीमीलेयर के विरुद्ध दिए गए फैसले को लेकर किया गया। लिहाजा मामले को संवेदनशील मानते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया गया। शहर के सभी चौक चौराहों से लेकर बाजारों में पुलिस की टीम नजर रखे हुए थी। जहां जहां पर रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया, वहां पुलिस जवानों की तैनाती सुनिश्चित रखी गई थी। सबसे बड़ी रैली सेक्टर 6 के सतनाम भवन से निकाली गई। यह रैली सुपेला चौक, नेहरू नगर चौक, मालवीय चौक होते हुए पटेल चौक से जिला प्रशासन दुर्ग को राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया

### ग्राम पंचायत खोपली के डीहपारा में संत गुरु बालक दास की जयंती मनाई गई



**उतई, 21 अगस्त।** इस अवसर पर तहसील सतनामी समाज के अध्यक्ष दिनेश देशलहरे ने गुरु बालक दास के जीवनी पर प्रकाश डाला,फत्ते लाल वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष उतई ने कहा कि गुरु बालक दास महान प्रतापी राजा थे। जो सतनामी समाज को सादा जीवन यापन के लिए हमेशा कार्य किया,हमेशा मनुष्य को सत्य के मार्ग में चलने का संदेश समाज को दिया,मानव मानव एक समान का संदेश समाज को दिया।इस अवसर पर ग्राम पंचायत खोपली के सरपंच श्रीमती मंजू वर्मा,ग्रामीण सतनामी समाज के अध्यक्ष भागीरथी कुर्रे,पूर्व उपसरपंच डोमन लाल चतुर्वेदी,राहुल मारकंडे,राजेंद्र बघेल,युवराज भारती,लक्ष्मी मारकंडे,हर्षा,सोहद्र बाई,अरुण खूटेल,एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### रामायण एवं लोककला महोत्सव के 2025 में आयोजन पर बैठक में की गई चर्चा



**उतई, 21 अगस्त।** श्री रामायण मानस परिवार उतई उमरपोटी के तत्वधान में विगत वर्ष की भाती इस वर्ष भी लोककला महोत्सव का अयोजन किया जा रहा है दिनांक 1 एवम 2 फरवरी दिन शनिवार रविवार 2025 को आयोजन किया जायेगा जिसमे लुप्त होती छत्तीसगढ के संस्कृति को बढ़ावा देने वा सजोने हेतु इस लोककला महोत्सव का अयोजन किया जा रहा है जिसमे छत्तीसगढ के संस्कृति से जुड़े हुवे विधा सुवा कर्मा ददरिया पंडवानी फाग झाकी पंथी रिलो राउत नित्य मानस मण्डली जस झाकी जैसे विभिन्न प्रकार के विधावो के कलाकार देंगे अपनी रंगारंग प्रस्तुती और बैठक इस अवसर पर उतई से प्रहलाद वर्मा बिरेंद्र गोस्वामी मुकेश साहू सहयोगी ग्राम उमरपोटी से उमाशंकर नरेश साहू उमेश साहू रविकांत साहू यशवंत साहू चिंता राम साहू समिती के सदस्य उपस्थित थे ।


### आरक्षण में क्रीमीलेयर के खिलाफ भिलाई में निकली रैली

**भिलाई, 21 अगस्त ।** आरक्षण में क्रीमीलेयर के विरूद्ध फैसले के खिलाफ एससी-एसटी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले केन्द्र सरकार के खिलाफ भारत बंद के समर्थन में रैली का आयोजन आज 21 अगस्त को किया गया। इस दौरान एससी,एसटी संयुक्त मोर्चा के लोगों ने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठान को बंद रख समर्थन करने की अपील की। रैली सतनाम भवन सेक्टर-6 में एकत्र होकर सुपेला चौक नेहरू नगर चौक, मालवीय नगर चौक होते हुए पटेल चौक से पैदल जाकर जिला प्रशासन दुर्ग को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर अनलि मेश्राम,विनोद वासनिक, भूषण नादिया, किसन मानकर सहित मोर्चा में शामिल अन्य समिति के सदस्यों ने संबोधित किया। इस दौरान आंनद रामटेके, शोभाराम ठाकुर, आर डी देशलहरा, गीतालाल मंडावी, मंथीर खलेन्द्र, जीवनलाल पैकरा, मनीभूषण पन्ना, गैंदलाल राय, अशोक कंगाली, चंद्रिका रावत, नमिता ठाकुर, मीना नारवारे, तामेश्वरी ठाकुर, रामाराव ढोक, फकीर राम ठाकुर सहित 25 से 30 समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विश्व मच्छर दिवस पर रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक



**भिलाई, 21 अगस्त ।** विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के जन स्वास्थ्य अनुभाग और जिला नगर कार्यालय (डीएमओ), दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से रैली निकालकर लोगों को मच्छर जनित रोगों के विषय में जागरूक किया गया। सेक्टर-4 में निकाली गई रैली के माध्यम से लोगों को मच्छर जनित रोगों, उनके लक्षण व बचाव के उपाय तथा मच्छरों की उत्पत्ति को कैसे कम करें, आदि अन्य आवश्यक उपायों के बारे में लोगों को जागरूक किया। भिलाई इस्पात संयंत्र के जनस्वास्थ्य विभाग ने इस्पात नगरी के सभी शहरवासियों से अपील की कि वेक्टर जनित बीमारियां हमारे स्वास्थ्य को बहुत प्रभावित करती हैं, अतः इन बीमारियों के प्रति जागरूक रहते हुए सभी आवश्यक सावधानियों एवं उपायों का पालन अवश्य करें।



देवकर में नहीं दिखा भारत बंद का असर



भारत बंद का दिखा असर कवर्धा में

# पाटेकोहरा व बरनारा चेक पोस्ट में करोड़ों रुपये का हेराफेरी ?

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छूरिया राजनांदगांव, 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ परिवहन चेक पोस्ट पाटेकोहरा बेरियर व अस्थाई बेरियर बरनारा कला में दोनो जगहों से करोड़ों रुपए का हेरा फेरी कर रहे हैं परिवहन- निरीक्षक छत्तीसगढ़ में पहला टीम जो आजतक किसी भी शिक्षको को 24 माह राज करने का मौका दिया हो । इससे साफ है कि राजनीतिक आइडिया है। या तो चुनाव खर्च किया होगा या दबाकर राशि नेताओं के पास भेजा होगा।

राजनांदगांव- जिले के पुलिस चौकी चिचोला अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र सीमा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा परिवहन चेक पोस्ट बॉर्डर बेरियल व डोंगरगढ व बोरतलाव थाना के मध्य बननारा कला में अस्थाई बेरियर जो सभी मालवाहक चेकिंग पॉइंट बनाया गया है जहां शासन को सी.एफ. काटना होता है। इसके अलावा शासन को 1 रु का राशि नहीं देना होता है। लेकिन यहां के कुछ प्राइवेट कर्मचारी व निरीक्षक की मिली भगत से पुराने रीति रिवाज से पहले एंट्री के नाम से एक विशेष तरह का कार्ड बनाया जाता था बेरियल बंद होने पर यह सब बंद कर दिया अब नया नियम बनाया गया है प्रत्येक वहां से 100 ,200 ,500 ,1000,1500, 2000 इस तरह से की राशि वाहन के पहिए के हिसाब से लिया जाता है।साथ साथ ओवरलोड का अलग हिसाब है इन सबका जिम्मेदार बताया जाता है प्राइवेट अधिकारी अनिल वर्गीस, राजकुमार सिन्हा व लखन साहू व अन्य प्राइवेट अधिकारी के माध्यम से संचालन हो रहे हैं यह लोग बेरियल के प्राइवेट कमाई के बारे में आइडिया देते हैं इस कारण इन लोग को प्राइवेट अधिकारी बना कर रखा हुआ है इनका मासिक पेमेंट 30000 से 40000 का आसपास है।ये तीनो के ऊपर 420 केश भी लगा है।इन लोगो का ऊपरी कमाई का कोई हिसाब नही है। अब रही बात कुछ चुनिदा ट्रांसपोर्टरो को लाभ पहुचने के चक्कर मे अपने निजी स्वार्थ के लाभ के लिस्ट सिस्टम तैयार किया है जो सीधा 1000 वाहनों का शासन को उनका न तो सी.एफ कटता है नही शासन को 1 रु का लाभ मिलता है। राजकुमार सिन्हा को लिस्टधारियो का बॉस बनाकर रखा हुया राजकुमार सिन्हा भी अपने परिवार चलाने ये सब कामो में लिप्त है।लेकिन राशि सीधा शासन के अधिकारी कर्मचारियों अपने लेवल के हिसाब से यहां का पैसों का बंटवारा किया जाता है।उसी तरह लखन साहू जो बेरियर का कुबेर कहे जाने वाला पाटेकोहरा बेरियर का सीएफ व वाहन टैक्स परमिट का राशि सीधा शासन को जाता है ।प्राइवेट राशि जो आता है उनका अलग हिसाब कर अलग रखा जाता है। पाटेकोहरा बेरियल मे छत्तीसगढ़ शासन को जितना राजस्व जाता है ।उतना हेराफेरी का राशि आता है।अगर इन सभी शासकीय कर्मचारियों के यहां ईडी का छापा मारा जाएगा का करोड़ो रुपये निकलेगा।पटेकोहरा के अलावा छत्तीसगढ़ के सभी परिवाहन विभाग के अधिकारियों के यहाँ ईडी का छापा मारा जाय।दूध का दूध व पानी का पानी हो जाएगा।छत्तीसगढ़ में भाजपा के सरकार आने के बाद अब कुछ दिनों तक बेईमानी की कमाई कमा सकते है परिवाहन विभाग।कुछ दिनों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने परिवाहन चेक पोस्ट बंद करने का पुनः ऐलान करेगें।

## एक नजर

### ब्रम्हाकुमारी दीदियों ने जेल में बंद कैदियों व आईटीबीपी के जवानों को बांधी राखी



**डोंगरगढ़,21 अगस्त।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रजपिता ब्रम्हकुमारी की बहनों ने डोंगरगढ़ के उप जेल में बंद कैदियों व जेलर सहित पूरे स्टाफ तथा ग्राम कन्हारगाव के कैम्प में पहुच कर आईटीबीपी के भाइयों को राखी बांध कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जेल अधीक्षक राहुल गंगरेला,सोन कुमार सिन्हा अध्यक्ष प्रेस क्लब डोंगरगढ, के उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ रक्षा बंधन के एक दिन पूर्व डोंगरगढ के उप जेल में बंद कैदियों को व जेल स्टाफ को प्रजपिता ब्रह्मकुमारी की बहनों ने आज जेल के बंदियों को राखी बांधी प्रजपिता ब्रह्मकुमारी डोंगरगढ़ की दीदी युगेश्वरी जी ने भाई ने बताया कि बहन के पवित्र पर्व पर जेल में बंद कैदियों एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्राम कन्हारगाव में आईटीबीपी केम्प के भाइयों को भी वहां पर पहुच कर रखी बांधी गई है , राखी बांध कर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रवचन के माध्यम से जीवन जीने का तरीका बताई इस अवसर पर उनके साथ संथा की अन्य भाई व बहन शामिल थे।

### रक्षाबंधन पर्व पर सेन समाज ने वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधा



**छुरिया,21 अगस्त।** आज राखी पर्व में सेन समाज के युवा वर्ग ने छात्र व छात्राओं संग मिलकर ग्राम तुता में निमार्ण युक्त सेन भवन में हर साल की तरह रक्षाबंधन पर्व को धुमधाम से मनाते हुये वृक्षों में रक्षा सुत्र बांध कर देख रेख करने का संकल्प लिया । जिसमें जिलाध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर के साथ तेजराम सेन,मोहन सेन ,गितांजली, गुजा,मधुरिमा,कुलदीप सेन,कान्हा,बिंदिया,आरती,सुशीला,रानु सेन,बबली,सभी ने एक ध्वनि मत से वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प लिया।उक्त जानकारी अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर ने दी।

### पुलिस की चौकसी से दोनों फरार शराब तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे



**डोंगरगांव, 20 अगस्त।** दिनांक 19.08.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है इस दरम्यान दिनांक 14.08.2024 की शाम को ग्राम पदगुढा मे बादराटोला रोड गजाधर साहू के घर के पास, थाना डोंगरगांव मे अवैध रूप से शराब बिक्री की जानकारी मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना डोगरगांव मे पुलिस की स्माल टीम गठित कर शराब रेड कार्यवाही किया गया जहां रेडकार्यवाही के दौरान शराब खरीदने वाले पुलिस पार्टी को आते देखकर भाग निकले ,तभी शराब के बोरियों से शराब निकालकर बिक्री कर रहे आरोपियों को भी अचानक पुल?स पार्टी भनक लगने पर शराब से भरी बोरियों को छोड़कर अंधेला एवं बारिश की फायदा उठाकर घर की पीछे की ओर से भाग निकले एवं मौके पर बिक्री हेतु रखे शराब को छोड़ दिये जिसे मौके पर समक्ष गवाहान के सफेद रंग की प्लास्टिक की 04 बोरीयों मे कुल 415 नग पौवा ÷देशी दारू संत्रा ÷ प्रीमियम डिलक्स सुपर , प्रत्येक मे 180द्वद्य आकोला महाराष्ट्र निर्मित कुल जुमला 74 लीटर 700 द्वद्य जुमला कीमती 29,050/- रूपये को जप्त किया गया है । मौके पर फरार आरोपियों के खिलाफ थाना डोंगरगांव पुलिस के द्वारा अप0 कायम कर विवेचना मे लिया गया है । फरार आरोपी की पता तलाश किया जाकर घटना के संबंध मे पुछताछ करने पर जप्तशुदा शराब को स्वयं का होना एवं बिक्री करने हेतु रखना बताये , एवं वैध दस्तावेज नही होना लिखित मे देने पर दिनांक 18.08.24 को गिर0 किया ,गिर0 की सुचना उनके परिजनो को दी गई है आरोपी का जुर्म अजमानतीय होने से ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है । उक्त कार्यवाही मे उपनिरी0 लाभाराम ध्रुव ,उनि भानुप्रताप, बिसराम वर्मा, सगनू राम की भूमिका रही।

### भर्रेगांव के शासकीय उमा शाला में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

राजनांदगांव। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भर्रेगांव मे 15 अगस्त 2024 को 78 वा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम बच्चों द्वारा गांव की गलियों में रैली निकाली गई। इसके उपरान्त हायर सेकेण्डरी स्कूल भर्रेगांव में ध्वजारोहण शाला प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष मनोज चंद्राकार द्वारा किया गया। सांस्कृतिक गतिविधियों का मंच संचालन नूतन लाल साहू (व्याख्याता) एवम् श्रीमती कुसुमकिरण साहू (सहा. शि. विज्ञान) द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज चंद्राकर (एसएमडीसी अध्यक्ष), अध्यक्षता श्रीमती सुलेखा चंद्राकार सरपंच), विशेष अतिथि रोहित चंद्राकर राजनांदगांव के प्रतिनिधि के रुप में नील निर्मलकर, हरीश निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।

## छुरिया नगर में दही लूट,भव्य गोविंदा कार्यक्रम कराने का निर्णय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया,21 अगस्त।** नगर में इस वर्ष दही लूट गोविंदा का पर्व कार्यक्रम भव्य रूप में करने का निर्णय जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों ने दिनांक 18 अगस्त को शीतला मंदिर प्रांगण में आहूत की गई बैठक में लिया गया। जिसमें क्रेन के माध्यम से स्कूल ग्राउंड में साज सज्जा, गाने, बाजे, डीजे के साथ गोविंदा दही लूट कार्यक्रम किया जावेगा।वही जो टोली दही लूट गोविंदा कार्यक्रम में हिस्सा लेकर दहीहंडी लूट लेगा उसे ?21000 का इनाम भी रखा गया है। जो उसे मिलेगा।

नगर पटेल सुरेश पटोती और आनंद सिन्हा ने बताया कि वैसे तो प्रतिवर्ष दही लूट,कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाते हैं चूंकि नगर में दही लूट का कार्यक्रम जैसे होने चाहिए वैसा नहीं होता है और इस क्षेत्र के लोग डोंगरगढ़ दहीहंडी का कार्यक्रम देखने जाते हैं। छुरिया नगर के वरिष्ठ नागरिकों व जनप्रतिनिधियों के नए पहल से इस वर्ष नगर में विशाल रूप में दहीहंडी गोविंदा का कार्यक्रम का प्रस्ताव किया गया है जिसमें सभी नगरवासियों के द्वारा आर्थिक सहयोग लिया जाएगा व जनप्रतिनिधियों से निश्चित धनराशि लेने का प्रस्ताव भी उक्त बैठक में किया गया है। उन्होने बताया कि 3-00 दोपहर से रामसत्ता भजते हुए नगर भ्रमण करते करते चौंक चौराहे मे दही लुटते हुए शाम 7-00 बजे स्कूल ग्राउंड में टोली पहुंचेगी और विशाल दही लूट का कार्यक्रम मुख्य अतिथि व विशेष अतिथि के द्वारा फीता काटकर किया जाएगा। ग्राउंड में फुल लाइट की व्यवस्था भी होगी ऐसा कार्यक्रम नगर में पहले बार हो रहा होगा और यह शुरुआत होगी फिर प्रतिवर्ष इससे और अच्छा युवा वर्ग लोग करेंगे यही से प्रेरणा भी मिलेगी और परंपरा भी बनी रहेगी।

बहु प्रतिक्षित माता संतोषी मंदिर का नवनिर्माण का भी प्रस्ताव इस बैठक में लिया गया है। जन्माष्टमी के दिन ही मंदिर निर्माण का भूमि पूजन किया जाएगा।इस अवसर पर शिवकुमार चंद्रवंशी वरिष्ठ नागरिक, रितेश जैन अध्यक्ष मंदिर समिति ,सुरेश पटोती एवं आनंद सिन्हा नगर पटेल ,श्रीमती सीमा सिन्हा अध्यक्ष नगर पंचायत, मनोज यादव उपाध्यक्ष नगर पंचायत, मनभावन सिंह उइके पूर्व पार्षद, प्रकाश साहू पुर्व पार्षद रमेश कश्यप पार्षद ,योगेश्वर पटेल पार्षद, त्रिवेणी कुंभकार पार्षद ,भूषण नेताम पार्षद ,रोहित सिन्हा पत्रकार , टामेश कुंभकर पूर्व पार्षद,नाथू रजक , दशरथ कुंभकार ,हेमलाल सिन्हा सहित दर्जनों नागरिक बैठक में शामिल हुए।

## श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड बोर्ड फंड जुटाने पर विचार करेगा

**रायपुर, 21 अगस्त।** वित्तीय समाधानों में अग्रणी, श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड (बीएसई- 539217) ने घोषणा की है कि उसका बोर्ड 19 अगस्त, 2024 को प्रेफरेंशिएल अलॉटमेंट के माध्यम से इक्विटी शेयर्स/कन्वर्टिबल इंस्ट्रूमेंट्स/अन्य प्रतिभूतियों राइट इश्यू, क्यूआईपी, एडीआर जीडीआर, एफसीसीबी, सदस्य और अन्य आवश्यक अनुमोदन के अधीन धन जुटाने पर विचार करने के लिए मीटिंग करेगा। यह धन जुटाने के लिए अपेक्षित पेशेवरों, विशेषज्ञों, मर्चेंट बैंकरों, कानूनी सलाहकारों और अन्य मध्यस्थों को नियुक्त करने पर भी विचार करेगा। हाल ही में, कंपनी ने घोषणा की कि श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड (स्ह्नह्यह्लह्नद्बड्ड) और फेलिक्स इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (स्नद्गद्यद्ब×) के बीच मौजूदा बिज़नेस अरेंजमेंट को जारी रखते हुए, रिन्यूएबल एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी इनीशिएटिव्स को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक फैसिलिटी एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करके एक बार फिर हाथ मिलाया है, जिसके अंतर्गत श्रेष्ठ सस्टेनेबल डेवलपमेंट के उद्देश्य से रिन्यूएबल एनर्जी और क्लीन वॉटर से जुड़े प्रोजेक्ट्स में ऋण देने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इस नए एग्रीमेंट की मदद से, फेलिक्स रिन्यूएबल एनर्जी, क्लीन वॉटर और वॉटर रीसाइक्लिंग से जुड़े प्रोजेक्ट के लिए फेलिक्स द्वारा आरती इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के साथ खरीदे गए ऑर्डर हेतु प्लांट इंस्टॉलेशन के कैपिटल वर्क के लिए कुल मिलाकर लगभग 50 मिलियन रुपये की दो चरणों में फंडिंग की जाएगी। रिन्यूएबल एनर्जी और वॉटर सेग्मेंट में विविधता को मज़बूत फाइनेंशियल सपोर्ट देने, स्थिरता को बढ़ावा देने और ग्रीन एनवायरनमेंट और सस्टेनेबल प्रोजेक्ट्स की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था फेलिक्स के फाइनेंशियल सपोर्ट को मज़बूत करेगी।इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की है कि श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड (स्ह्नह्यह्लह्नद्बड्ड) और फेलिक्स इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (स्नद्गद्यद्ब×) ने रिन्यूएबल एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी इनीशिएटिव्स को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक फैसिलिटी एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करके हाथ मिलाया है। इस फैसिलिटी एग्रीमेंट में रिन्यूएबल एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी से जुड़े प्रोजेक्ट्स के लिए समर्थन बढ़ाने के उद्देश्य से अनेक प्रोविजन शामिल हैं। श्रेष्ठा अगले 1-2 वर्षों में उपरोक्त मिशन को टार्गेट करने और नई टेक्नोलॉजी सेक्टर्स में अपने फुटप्रिंट्स का विस्तार करने के लिए 250 मिलियन रुपये की फंडिंग करेगी। 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने ऑपरेशनल रेवेन्यू से 391.85 लाख रुपये रिपोर्ट किए, जिसमें सालाना 462.36त्न की वृद्धि हुई। शुद्ध लाभ (क्क्ष्) 506 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही) पर रिपोर्ट किया गया था और शुद्ध लाभ (क्क्ष्) (कुल व्यापक आय) 1767.74 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही) रहा। 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए, कंपनी ने ऑपरेशनल रेवेन्यू से 269त्न की शानदार वृद्धि देखी, जो 274.56 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 23) से 1013.01 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24) बढ़ रही है। शुद्ध लाभ (क्क्ष्)173.86 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24) पर आया, जबकि शुद्ध पीएटी (ह्श्वञ्ज क्क्ष्) (कुल व्यापक आय) 2404 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24) था। श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड फाइनेंशियल सॉल्यूशंस के क्षेत्र में अग्रणी है, जो व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों के लिए व्यापक समाधान पेश करता है। भारतीय फाइनेंशियल लैंडस्केप में जो मुख्य रूप से ट्रेडिशनल फाइनेंसिंग मार्गों पर निर्भर है, श्रेष्ठा फिनवेस्ट उन कमियों को पहचानता है जो इस सेक्टर में स्पेशलाइज्ड प्लेयर्स की कमी के कारण उत्पन्न होती हैं।

### ग्राम उसरीबोड के तुलसीदास जन्मोत्सव में शामिल हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम उसरीबोड में आदर्श मानस परिवार एवं तुलसी मानस प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 14 व 15 अगस्त को संत शिरोमणी गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्मोत्सव समारोह मनाया गया। समारोह के द्वितीय दिवस 15 अगस्त को बतौर अतिथि के रूप में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल हुए। समारोह में पहुंचे श्री छाबड़ा ने गोस्वामी तुलसीदास जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण की।समारोह में उपस्थित श्रोता समाज को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरित मानस में बताएं मार्ग पर चलने से ही मानव जीवन का कल्याण हो सकता है। संत शिरोमणी गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरित मानस की रचना कर जनमानस समाज को अमूल्य ग्रंथ दी है। आखिरी समय में राम ही याद आता है समय रहते हुए राम नाम की जाप भजन कीर्तन करते रहना चाहिए ऐसे रामचरित्र होने से आज के कलयुग में प्रभाव छोड़ता है मानस मंडलियों के माध्यम से जनमानस को जीने का संदेश देती है। आयोजन के लिए मानस मंडलियों व ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं। इससे पूर्व आयोजन समिति द्वारा मंचस्थ अतिथियों का तिलक एवं बैंच लगाकर सम्मानित कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से अध्यक्ष तुलसीमानस परिवार पोषण शुक्ला, योगेन्द्र प्रताप सिंह, योगेन्द्र वैष्णव, कुंदन चंद्राकर, ओमप्रकाश अंकुर, ग्राम प्रमुख चोवाराम साहू, बुधराम साहू, नकुलराम साहू, चिन्ताहरण पटेल, वासुदेव साहू, ढालचंद साहू, रमेश साहू, ललित साहू, टेकराम, डॉक्टर कौशल, गौतम साहू, एचके साहू, केआर खरसियान, रोशन साहू, सहित आदर्श मानस परिवार एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## आखिरी सावन सोमवार को जटाशंकर मंदिर में दर्शनार्थियों की लगी रही भीड़



**डोंगरगढ, 21 अगस्त।** श्री जटाशंकर मंदिर शिवधाम पर्वत) डोंगरगढ में महाकाल के दरबार मे सावन के आखरी दिन भक्तों की उमड़ी भीड़आज सावन डोंगरगढ़ आखरी सोमवार था इस दिन शिवधाम पर्वत जटाशंकर मंदिर में महाकाल के भक्तों की सुबह से ही भीड़ शुरू हो गई थी। जहां नगर के अन्य सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ थे वही शिवधाम पर्वत जटाशंकर मंदिर जो कि पहाड़ी में प्रदेश के अन्य जिलों से भी भक्तों का आना जाना लगा रहा बता दें कि यह जो मंदिर है जो यह पर पहाड़ पर स्वयंभू शिवलिंग भी है। यह मंदिर डोंगरगढ़ की विख्यात मां बमलेश्वरी देवी मंदिर के पिछले भाग में स्थित है।जिस स्थान में मंदिर का निर्माण कराया गया है वह एक बहुत बड़ा विशालकाय चट्टान है जिसका आकार 2000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है जो स्वयं शिवलिंग के आकार में आकृति लिया हुआ है यह जो शिवलिंग है वह स्वयंभू है किसी के द्वारा स्थापित किया गया है जैसे कि सावन के महीना में पांचों सोमवार भक्तों का रेला लगा हुआ रहता है उसी क्रम में आज शुभ सोमवार कर अवसर पर भक्तों का मेला लगा रहा। भक्त बताते हैं कि एक पहाड़ी पर पर चढ़ने के बाद जो लोगों को थकान महसूस होता है रास्ते भर तो थकावट महसूस होता है लेकिन ऊपर जैसे ही श्री महाकाल के दर्शन होते हैं सारी थकावट दूर हो जाती हैं एवं मन प्रफुल्लित हो उठता है मानो शरीर की सारी पीड़ा हर गई हो। इस मंदिर के प्रत्यक्के पत्थरो पर स्वम नागों का चित्र बना हुआ है । हालांकि वर्तमान में श्री जटाशंकर मंदिर पहाड़ी की शिखर तक पहुंचने के लिए सीढ़ियों का निर्माण कराया गया है और अभी मन्दिर का जीर्णोद्धार प्रारंभ है।

## सावन सोमवार को महाकाल त्रिशूल का किया अनावरण

**राजनांदगांव 21 अगस्त।** महाकाल भक्तों की मांग पर उनकी भावना के अनुरूप नगर निगम द्वारा भव्य महाकल त्रिशुल का निर्माण कर सिद्धपीठ मॉ शीतला मंदिर में स्थापित किया गया, जिसका आज सावन मास के अंतिम दिन सावन सोमवार के पावन अवसर पर भगवान चंद्रमौलेश्वर को साक्षी मानकर महाकाल भक्तों की अपार भीड के बीच पूजा अर्चनाकर महाकाल के परम भक्त श्री पवन डागा द्वारा विधिवत अनावरण किया गया।अनावरण अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डे, महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, प्रजापिता ब्रम्हकुमारी संस्था की ब्रम्हकुमारी पुष्पादेवी सहित पूर्व सांसद श्री अशोक शर्मा व श्री मधुसूदन यादव, पूर्व महापौर श्री सुदेश देशमुख, पूर्व निगम अध्यक्ष श्री रमेश डाकलिया, वरिष्ठ नेता श्री श्रीकिशन खण्डेलवाल व श्री थानेश्वर पाटिला के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री भागचंद साहू, मधुकर वंजारी, सतीश मसीह, विनय झा, गणेश पवार,जिला योजना समिति के सदस्य श्री अमीन हुद्दा, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता व श्री शरद पटेल, पूर्व पार्षद श्री गुरूमुखदास वाधवा, श्रीमती शारदा तिवारी व श्रीमती माया शर्मा,श्री देवेश देवांगन, पूर्व नामांकित पार्षद श्री एजाजुल रहमान, श्री मामराज अग्रवाल व श्री प्रभात गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि दुर्गेश यादव व श्री राजेश यादव सहित महाकाल भक्त बडी संख्या में उपस्थित थे।महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने त्रिशुल अनावरण अवसर पर सावन सोमवार व रक्षाबंधन की बधाई देते हुये कहा कि महाकाल भक्त श्री पवन डागा एवं महाकाल सेना व भक्तों की मांग थी कि मानव मंदिर चौक का नामकरण महाकाल चौक कर वहा भव्य महाकाल त्रिशुल की स्थापना की जावे। मांग अनुसार नगर निगम द्वार त्रिशुल लगाने प्रक्रिया की गयी किन्तु मानव मंदिर चौक में यातायात एवं अन्य तकनिकी अडचन के कारण सिद्ध पीठ माता देवालय में त्रिशुल की स्थापना की गयी। जिसका आज सावन के अंतिम दिन सावन सोमवार के पुनित दिवस पर महाकाल भक्त पवन डागा के हाथो अनावरण किया गया। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि बाबा महाकाल की चंद्रमौलेश्वर यात्रा भी शीतला मंदिर से आज नगर भ्रमण के लिये प्रारंभ हो रही है यह परम सौभाग्य की बात है कि भोलनाथ के इस विशाल त्रिशुल के अनावरण का बाबा चंद्रमौलेश्वर भी साक्षी बने। उन्होंने कहा कि महाकाल भक्तों की मंशानुरूप एवं धार्मिक भावना के आधार पर 25 फीट के 14 सौ किलो वजनी पंचधातु से त्रिशुल का निर्माण किया गया है। उन्होंने इस पावन अवसर पर उपस्थिति के लिये सांसद श्री संतोष पाण्डे, पूर्व सांसदगण, उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में उपस्थित महाकाल भक्तों का आभार व्यक्त किया।सांसद श्री पाण्डे ने इस अवसर पर सावन सोमवार तथा सावन मास के अंतिम दिन भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा में बडी तादात में उपस्थित महाकाल भक्तो को बधाई देते हुये कहा कि भगवान चंद्रमौलेश्वर की अंतिम पालकी यात्रा आज माता शीतला मंदिर के दरबार से निकाली जा रही है।



## भाजयुमो मीडिया प्रभारी से बदसलूकी,कार्रवाई की मांग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ, 21 अगस्त।** भाजपा युवा मोर्चा के मीडिया प्रभारी खुशाल चक्रवर्ती पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद चक्रवर्ती निवासी वार्ड नं. 16 को पुलिस के द्वारा रात्रिकालीन गस्त के दौरान बदसुलकी करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले का उजागर होते ही शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जैन के नेतृत्व में दर्जन भर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयो के साथ थाने पहुँचकर लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गई है।

मामले की गंभीरता को लेकर थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा इस घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को देने के बाद गंभीरता से जाँच करने व आगे की कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया है। पूरे मामले को लेकर बताया जाता है कि 18-19 अगस्त की देर रात गोंदिया निवासरत बहन के यहाँ राखी छोड़कर देर रात लगभग 02 बजे ट्रेन से उतरने के पश्चात अपने घर जा रहा था इस दौरान रात्रि गश्त के दौरान ड्यूटी में तैनात एएसआई मुजीब कुरैशी व हमराह सिपाही के द्वारा मारपीट व मोबाईल छिनने सहित गंदी गंदी गाली गलौज करने का आरोप प्रार्थी के द्वारा आरोप लगाया गया है। प्रार्थी के द्वारा यह भी बताया गया कि प्रार्थी के स्व. पिता के साथ आरोपी एएसआई ड्यूटी भी कर चुका है जिसके बाद भी प्रार्थी के साथ इस प्रकार की बदसुलकी करना कई प्रकार के सवाल खड़ा कर दिया है। यक्ष सवाल यह उठ रहा है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बाद भाजपाई ही सुरक्षित नहीं है तो आम जनता की स्थिति क्या बनती होगी। ये पुलिस के आलाधिकारी व प्रदेश में बैठे सत्ता सरकार में बैठे नेताओ के लिए जाँच का विषय बन गया है । चर्चा तथा आरोप यह है कि रात्रि गश्त के दौरान हमराह के रूप में तैनात कुछ कर्मचारी नशे की हालत में बताया गया है। जाँच के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## मेंडरका में कई विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन



**कुरूद, 21 अगस्त।** ग्राम पंचायत मेंडरका में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवम भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ जिसमें क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर जी के मुख्यआतिथ्य में श्रीमती नेमिन सिन्हा के अध्यक्षता में विशिष्ट अतिथि कुलेश्वर चंद्राकर मंडल अध्यक्ष,कृष्णकांत साहू विधायक प्रतिनिधि,थानेश्वर साहू सेक्टर सहप्रभारी,प्रभात बैस मंडल महामंत्री,वैभव चंद्राकर,गणेश सिन्हा,रामकुमार मार्कण्डे, सनत साहू , ओसाराम साहू की मौजूदगी में संपन्न हुआ। मुख्यअतिथि की आसंधी से अजय चंद्राकरजी ने कहा कि मेंडरका के लिए हर कार्यों के लिए तत्पर है जो भी मांग है सभी को पूरा करेंगे। शिक्षा के लिए इधर उधर न भटके इसके लिए उन्होंने विधानसभा में कई मिडिल स्कूलों की स्वीकृति कराए है जिसमें परसवानी कला में और कुरूद विधानसभा में कुरूद कालेज में बी ए एलएलबी, बीएड जैसे नए विषयों पर पढ़ाई होगी उन्होंने आगे कहा कि खेत का जोत पहले था आज भी उतना ही है पर जनसंख्या में वृद्धि हुई है जिससे बड़े किसानों की खेती परिवार में बट गया और आज वो छोटे किसान बन गए इन सभी स्थितियों को देखते हुए युवाओं को अब तकनीकी शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए इसके लिए उन्होंने विधानसभा में दूध शीतलीकरण ,पशुपालन,मछलीपालन जैसे विषयों पर जोर देने और आर्थिकरूप से मजबूत होने के सारे संसाधन कुरूद में उपलब्ध होंगे ऐसी बात कही, मातृ शक्तियों द्वारा विधायक जी को रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन पर्व की बधाई शुभकामनाएं दिया गया ।कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीणजनों की भी उपस्थिति रही जिसमें गांधी साहू, कामदेव बंजारे, मिश्री सिन्हा,संजय साहू,हेमाराम, चंद्रकुमार,देवेंद्र, चुन्नीलाल,रिंकू चंद्राकर,राजू, ललित चंद्राकर,विजय ,कृपारामसाहू सहित गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

संपादकीय

# विरोध प्रदर्शन के कई संदेश होते हैं

राजनीतिक दल जब भी विरोध प्रदर्शन करते है तो उस पर सवाल उठाया जा सकता है कि विरोध प्रदर्शन की जरूरत क्या है। क्या न्याय व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। इस सवाल का जवाब दिया जा सकता है कि लोकतंत्र में सभी को विरोध प्रदर्शन का अधिकार होता है। जब तक कोई किसी मामले में दोषी साबित नहीं हो जाता है तब तक उसे और उसकी पार्टी को निर्दोष बताने का अधिकार है। अभिव्यक्ति की आजादी है। नेता और उसकी पार्टी को अपना पक्ष रखने का अधिकार है, अपनी बात कहने का अधिकार है।यह आरोप लगाने का अधिकार है कि हमारे नेता को फंसाया जा रहा है। कोई सबूत नहीं है फिर भी गिरफ्तार किया जा रहा है। हकीकत में किसी मामले में किसी नेता की गिरफ्तारी होती है तो उसे दो तरह से देखा जा सकता है। एक होता है कानूनी पहलू और दूसरा होता है राजनीतिक पहलू। किसी पार्टी के नेता को किसी मामले में गिरफ्तार किया जाता है तो एक तरफ राजनीतिक मोर्चा खोला जाता है तो दूसरी तरफ जमानत के लिए कोर्ट में याचिका भी लगाई जाती है।यानी उसे निर्दोष बताने के लिए काम दोनों मोर्चों पर शुरू हो जाता है। राजनीतिक तौर पर किसी नेता को बचाने के लिए किसी सबूत की जरूरत तो होती नहीं है। सीधा आरोप लगाया जा सकता है कि हमारे नेता को जबरन गिरफ्तार किया गया है,कोई सबूत नहीं है फिर भी गिरफ्तार किया गया है, हमारे नेता को फंसाया गया है। पुलिस ने हमारे नेता को सरकार के इशारे पर गिरफ्तार किया है। सरकार बदले की भावना से काम कर रही है, सरकार पुलिस व जांच एंजेंसियो का दुरुपयोग कर रही है। राजनीति में आरोप तो कुछ भी लगाया जा सकता है। इन आरोपों का मकसद सरकार व जांच एजेंसियों को सवालों के कठघरे में खड़ा करना होता है। यह बताना होता है कि विपक्ष को डराया जा रहा है, विपक्ष की आवाज को कुचलने के लिए ऐसा किया जा रहा है, चाहे केंद्र सरकार की एजेंसी किसी नेता के खिलाफ कार्रवाई करे या राज्य सरकार की एजेंसी किसी राज्य के विपक्षी नेता के खिलाफ कार्रवाई करे विरोध प्रदर्शन करना तो अनिवार्य हो गया है। चाहे राहुल गांधी को पूछताछ के लिए बुलाया जाए या देवेंद्र यादव को किसी मामले में गिरफ्तार किया जाए अब कांग्रेस की रणनीति एक ही रहती है कि व्यापक व बड़ा विरोध प्रदर्शन करना है। यह विरोध पर्दशन इसलिए तो किया ही जाता है कि सरकार व जांच एजेंसियों को संदेश दिया जा सके कि कांग्रेस के किसी नेता को यूं ही गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। किसी भी कांग्रेस नेता को गिरफ्तार करोगे तो हम उसका विरोध करेंगे। हमारे नेता को गिरफ्तार करोगे तो हम चुप नही बैठेंगे। एक संदेश गिरफ्तार होने वाले नेता को यह भी तो देना रहता है कि डरो मत, खुद को अकेला मत समझो, पूरी पार्टी तुम्हारे साथ है।यह गिरफ्तार नेता के डर को कम करने का प्रयास भी होता है। यह बताने की कोशिश भी होती है कि हम तुम्हारे लिए राजनीतिक लड़ाई के साथ कानूनी लड़ाई भी लड़ रहे है। राहुल गांधी भले ही कहे कि डरो मत, लेकिन कांग्रेस नेता गिरफ्तारी से डरते तो है। देवेंद्र यादव भी डर रहे थे कि पूछताछ के लिए बुलाकर उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है, इसलिए वह कई समन के बाद भी पूछताछ के लिए बुलाने पर भी नहीं गए। फिर भी वह गिरफ्तारी से बच नही सके। ऐसा भी हो सकता है कि देवेंद्र यादव ने पार्टी की रणनीति के अनुरूप पूछताछ के लिए बुलाने पर जानबूझकर नहीं गए ताकि पुलिस उनको गिरफ्तार करे और पार्टी को राज्य में इसे मुद्दा बनाकर राजनीति करने का मौका मिले। किसी भी पार्टी के लिए साल मे दो चार बार बड़े प्रदर्शन किसी मुद्दे पर इसलिए भी करने पड़ते हैं कि इससे पार्टी को एकजुट होने का मौका मिलता है,पार्टी में नए उत्साह का संचार होता है। एक विरोध प्रदर्शन से पूरी पार्टी रिचार्ज हो जाती है। बलौदाबाजार में हिंसा व आगजनी के बाद एक बड़ा प्रदर्शन कांग्रेस विधानसभा घेराव का कर चुकी है। अब देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी कोई बड़ा मुद्दा नहीं है लेकिन उसे बड़ा मुद्दा बनाकर दूसरा बड़ा प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है। इस तरह के प्रदर्शन के देवेंद्र यादव को निर्दोष साबित तो नहीं किया जा सकता। देवेंद्रे यादव को संदेश तो दिया जा सकता है कि देखों तुम्हारे पार्टी ने कितना बड़ा प्रदर्शन किया है। जहां तक कानूनी मोर्चे की बात है तो देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के साथ ही उनकी जमानत के लिए प्रयास किए गए लेकिन इस मोर्चे पर कांग्रेस को कोई सफलता नहीं मिली है, कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है,यानी उनको कुछ दिन न्यायिक हिरासत में जेल में रहना पड़ेगा। इसका मतलब यह निकाला जा सकता है कि कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को गलत नहीं माना है। जांच एजेंसी ने गिरफ्तारी के लिए जो सबूत बताए है,उससे अदालत संतुष्ट है। अब कांग्रेस नेता लाख कहें कि पुलिस देवेंद्र यादव के खिलाफ पुलिस के पास कोई सबूत है तो पेश करे, पुलिस कांग्रेस नेताओं को तो सबूत बताएगी नही लेकिन जहां बताना है वहां उसने बता दिया है। यह साफ कर दिया है कि उसके पास सबूत है। उसने सबूत के आधार पर देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी की है। यानी कांग्रेस पहले राउंड की कानूनी लड़ाई हार गई है।

यादें

सुशील भोले

# त्याग अउ करुणा के देवी रहिन नगरमाता बिन्नी बाई सोनकर

मैं नून चटनी म बासी खाके जी लेहूं फेर कोनो किसम के सरकारी सहायता नइ झोंकव₹ ए कहना रिहिस रायपुर नगर निगम द्वारा नगरमाता के उपाधि ले सम्मानित बिन्नी बाई सोनकर के. आज के बेरा म जब लोगन अपन अंगरी के नख ल कटा के शहीद होए के या कुछ एती-तेती के उदिम कर के समाजसेवी अउ दानदाता होए के देखावा करत सरकारी पद अउ पइसा झोंके बर लुलुवालत रहिथें, अइसन बेरा म हमन बिन्नी बाई सोनकर सहीं वइसनो देवी के साक्षात दर्शन करे हावन, जेन ह अपन पैतृक खेती-खार के संगे-संग साग-भाजी बेच-बेच के अपन जिनगी भर के सकेले पइसा ल लोककल्याण के कारज सेती दान कर दिए रिहिसे अउ जब सरकार ह बदला म उंकर बुढ़ापा ल देखत मासिक पेंशन दे खातिर घोषणा करिस त वो सोज्झे कहि दिस- ₹मैं नून चटनी म बासी खाके जी लेहूं फेर सरकार के कोनो किसम के सहयोग नइ झोंकौं.₹



रायपुर के पुरानी बस्ती स्थित सोनकर पारा म घुटरू सोनकर अउ महतारी रामबाई के घर सन 1927 म जनमे बिन्नी बाई सोनकर ल हमन छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के सदस्य रहे रामबिशाल सोनकर के माध्यम ले जानेन. तब हमू मन साहित्य समिति के सदस्य रेहेन, अउ हर इतवार के टिल्लू चौक के देवबती सोनकर धरमशाला म होवइया कवि गोष्ठी म जावत रेहेन. रामबिशाल जी बिन्नी बाई के भतीजा रिहिस, जेकर संग जा-जा के ही बिन्नी बाई ह जम्मो किसम के दान-धरम अउ सामाजिक कारज ल करय. रामबिशाल जी हमन ल बिन्नी बाई के समाजसेवा अउ दानशीलता के बारे म बतावंय तब हमूं मन बिन्नी बाई के घर उंकर संग भेंट करे बर चल देवत रेहेन.

ए बात ल तो सबो जानथें, के तइहा के बेरा म सियान मन पढ़ई-लिखई ल जादा महत्व नइ देवत रिहिन हें. तेमा नोनी मनला पढ़ाए के तो चेते नइ करत रिहिन हें. एकर ले जादा उंकर मन जगा रंधना-गढ़ना अउ खेती-किसानी के बुता जादा करवाए जाय. बिन्नी बाई ल घलो स्कूल के बदला रंधनी खोली अउ पैतृक धंधा बारी-बखरी म भेज दिए गिस. संग म बारी के साग-भाजी टोरई अउ बजार लेग के बेचई म लगा दिए गिस.

उमर के बाढ़ते उंकर बिहाव ल भांठागांव के आंधू सोनकर संग कर दिए गिस. बिहाव के दू बछर के होवत उन एक नोनी के महतारी घलो बनगें, जेकर नांव धरिन फागन. तभो बिन्नी बाई ल ससुरार के जइसन सुख मिलना रिहिस, तइसन नइ मिलिस. उंकर जांवर-जोड़ी के संगति ह बने नइ रिहिस, तेकर सेती वो पियई-खवई अउ जुआ-चित्ती के चिभिक म बुड़गे राहय.

ए बीच बेटी फागन ह बर-बिहाव के लाइक होगे, त फेर वोकरो बिहाव ल रायपुरे के रामकुंड म बसंत सोनकर संग कर दिस. एकर खातिर बिन्नी बाई ल अपन महतारी-ददा के सहयोग लेना परिस.

बेटी के बिदा करे के बाद तो बिन्नी बाई के जिनगी अउ जादा पीरा म समागे, त थक-हार के वोहा अपन ससुरार ल छोड़ के अपन मइके आगे, अउ इहें अपन पुरखौती रोजगार म हाथ बटाए लागिस. रोज पुरानी बस्ती ले रामकुंड के बारी रेंगत जावय. उहाँ कुआँ म टेड़-टेड़ के साग-भाजी के कियारी मन म पानी पलोवय अउ टोरे के लाइक साग-भाजी ल टोर के बजार लेगय अउ अपन सियान के पसरा म बइठ के उनला बेंचय. जब जमो बेचा जावय त रतिहा 8-9 के बजत घर लहुट आवय.

कुछ दिन बाद उंकर महतारी सियान दूनों वोला छोड़ के ये दुनिया ले बिरादरी ले लेइन. तब बिन्नी बाई निच्चट अकेल्ला रहिगे. काबर ते वोकर बेटी घलो अपन घर-परिवार म रमगे राहय, वो अपन दाई-ददा के कभू सोर नइ लेवत राहय.

दाई-ददा के सरग सिधारे के बाद बिन्नी बाई के जिनगी भइगे मशीन बरोबर होगे राहय, सूत के उठे ले लेके रतिहा सोवा के परत ले बस काम काम अउ काम. इही बीच वोकर मन म भाव जागिस- आखिर ए सब मैं काकर बर करत हौं? आखिर अतका पइसा ल मैं का करहूं? नता-गोता मन तो मोर ए पइसा खातिर लड़ई-झगरा मता डारहीं. तेकर ले कुछ अइसे करे जाय जेकर ले गरीब गुरबा मन के मदद हो जाय, मैं उंकर सहारा बन जावंव.

तब उन अपन जम्मो धन-दोगानी ल जनकल्याण के कारज म लगाए के गुनिस. सबले पहिली वो ह अपन घरे जगा के लोहार चौक म शिव मंदिर बनवाइस. अपन खुद तो पढ़-लिख नइ पाए रिहिसे, तेकर पीरा जानत 1987-88 म अपन कुशालपुर रिंग रोड के जमीन ल बेच के रामकुंड म एक प्रायमरी स्कूल खोलवाइस. ए स्कूल ल अभी बिन्नी बाई सोनकर के नांव ले ही जाने जाथे.

सन 1993 म जब उन इलाज खातिर इहाँ के बड़े अस्पताल पं. जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल हास्पिटल म भर्ती रिहिस, त देखिस के उहाँ इलाज करवाए बर दुरिहा-दुरिहा के लोगन आथें. फेर उंकर रूके-ठहरे खातिर उहाँ कुछुच नइए, खाए-पीए बर बने गतर के जगा नइए. ए सबला देख के उंकर मन म पीरा जागिस अउ वो उहाँ धरमशाला बनवाए के गुनिस. एकर खातिर उन अपन जिनगी भर म साग-भाजी बेंच-बेंच के जोड़े 10 लाख रुपिया ल सरकार ल दे दिए रिहिसे ए धरमशाला के कारज वतका म पूरा नइ हो पाइस त पांच लाख अउ दिए रिहिन हें. जेकर ले बने धरमशाला के 1997 म बिन्नी बाई के नांव ले ही उहाँ उद्घाटन होइस. तब के मुख्यमंत्री ह वो धरमशाला के उद्घाटन करत बिन्नी बाई ल हर महीना एक हजार रुपिया पेंशन दे के घोषणा करे रिहिसे, जेला बिन्नी बाई ह 'मैं नून चटनी म बासी खा लेहूं फेर सरकार के कोनो सहायता ल नइ झोंकंव' कहे रिहिसे.

बिन्नी बाई सोनकर के अइसने जनकल्याण के कारज मनला देखत रायपुर नगर निगम डहार ले 1998 म उनला ₹नगरमाता₹ के उपाधि ले सम्मानित करे गे रिहिसे. छत्तीसगढ़ शासन के समाजसेवा के क्षेत्र म दिए जाने वाला प्रतिष्ठित पुरस्कार 'मिनी माता सम्मान' ले घलो बिन्नी बाई सोनकर ल सम्मानित करे गे रिहिसे. 20 अगस्त 2004 के ए दया अउ करुणा के देवी ह अपन नश्वर देंह ल छोड़ के परमधाम के रद्दा धर लिए रिहिसे.

इहाँ ए जानना जरूरी हे, तब अभी के डॉ. अंबेडकर अस्पताल के तब नांव नइ धरा पाए रिहिसे, तब हमन वो अस्पताल के नांव ल बिन्नी बाई के नांव म करे खातिर मांग करे रेहेन. फेर इहाँ राष्ट्रीयता के नांव म क्षेत्रीय उपेक्षा के जेन खेल चलत हे, तेन ह पहिली घलो चारों मुड़ा दिखय. आखिर हमर समिति के प्रयास ले भांठागांव के हाई स्कूल के नांव ल ₹ नगरमाता बिन्नी बाई सोनकर शा. उ. मा. विद्यालय ₹ करे गिस. मैं बिन्नी बाई ले बहुतेच प्रभावित रेहेंव, तेकर सेती उंकरे संदर्भ म कुछ कल्पना के सहारा लेवत एक कहानी घलो लिखे रेहेंव- 'धरमिन दाई' ए कहानी ह मोर संकलन 'ढेंकी' म संकलित हे.

आज बिदागरी तिथि के बेरा म उंकर सुरता ल पैलगी जोहार...

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आप अपने लिए किसी नए घर और मकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं। आपको किसी लोन को लेना बेहतर रहेगा। आपके किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती हैं। आप विदेशों से व्यापार करने की सोच सकते हैं। आप संतान आपकी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। आपको खर्चों के साथ-साथ अपनी इनकम के सोर्स पर भी ध्यान देना होगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए कमजोर रहने वाला है। आपको आज आर्थिक मामलों में सोच समझकर निर्णय लेने होंगे। आप किसी बात से लेकर परेशान रहेंगे। आप ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से लेनदेन ना करें। आपको अपने किसी मित्र के लिए कुछ रूपयों का इंतजाम करना पड़ सकता है। आपको ईर्षालु व झगडालु लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। व्यवसाय के किसी काम से आपको यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। विधार्थियों को किसी प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। आप कहीं से लोन आदि के लिए अप्लाई ना करें। आपको लाभ की योजनाओं पर ध्यान देना होगा। व्यवसाय में कोई तकनीकी समस्या होने के कारण आप परेशान रहेंगे। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी से यदि कोई लड़ाई झगड़ा चल रहा है, तो उसे बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करें।

कर्क- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अच्छा लाभ मिलेगा। आपका यदि कोई काम लंबे समय से लटका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। आपको मेहनत के अनुसार फल मिलेगा। आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान देंगे। यदि आपसे किसी बात को लेकर कोई गलती हुई है, तो उसके लिए आपको माफी मांगनी पड़ सकती है। आपके बॉस आपके ऊपर पूरा भरोसा करेंगे।

सिंह- आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों के प्रति सावधान रहना होगा। कारोबार कर रहे लोगों को कुछ नई तकनीकों का सामना करना पड़ सकता है। आपकी सोचने व समझने की शक्ति थोड़ा कमजोर रहेगी। आपकी संतान को अपनी पढ़ाई से संबंधित कामों को लेकर विदेश जाना पड़ सकता है। आप अपने व्यापार में कुछ नई योजनाओं की शुरुआत कर सकते हैं। आपको कोई निर्णय बहुत ही सोच विचार कर लेने होंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। व्यापार में आप कुछ नया करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे। अपने यदि कोई लोन आदि अप्लाई किया था, तो वह भी आपको मिल सकता है। आपको अपने परिजनों का पूरा साथ मिलेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। लेनदेन से संबंधित मामलों में आपको सतर्क रहने की आवश्यकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप सभी क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपको तरक्की करते देख परिवार के सदस्य प्रसन्न रहेंगे। नव विवाह जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आप अपने पुराने कर्ज को उतारने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप किसी से कोई वादा बहुत ही सोच विचारकर करें। आपका कोई कानूनी मामला परेशान कर सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर थकावट महसूस करेंगे। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको खर्चो को लेकर सावधान रहना होगा। आपके जीवन में जीवनसाथी से किसी बात को लेकर कलह रहेगी। परिवार में किसी सरप्राइज पार्टी का आयोजन हो सकता है। आपको किसी संपत्ति संबंधित विवाद में पड़ने से बचना होगा। आप अपने परिवार के सदस्यों को लेकर कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं।

धनु- आज का दिन आपके लिए सेहत के प्रति सचेत रहने के लिए रहेगा। आपको कोई पेट संबंधित समस्या हो सकती है। आपको अपने खान-पान पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप बड़े सदस्यों की मदद के लिए आगे आएंगे। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको किसी काम में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए अपने पिताजी से बातचीत करनी होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है।

मकर- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुपए हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। जीवनसाथी से आपका किसी बात को लेकर लडाई झगड़ा हो सकता है। आपके साथी कामों में आपका पूरा साथ देंगे। परिवार में किसी सदस्य को नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। परिवार में किसी मागंलिक कार्यक्रम आयोजन रहेगा, लेकिन आपको वरिष्ठ सदस्य भी आपको कोई सलाह दे, तो आप उस पर अमल अवश्य करें। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए कार्यक्षेत्र में समस्याओं को कम करने के लिए रहेगा। व्यवसाय में आपको अपनी चतुर बुद्धि का प्रयोग करके आगे बढ़ना होगा, नहीं तो लोग आपको आपके साथ धोखा कर सकते हैं। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आपको किसी नए वाहन की खरीदारी करना अच्छा रहेगा। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। वैवाहिक जीवन में खुशीयां आएंगी जल्दबाजी में आप कोई काम ना करें।

मीन- आज का दिन आपके लिए उतार चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपको व्यवसाय में कोई काम बहुत ही सोच समझकर करना होगा, नहीं तो आपको किसी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। दोस्तों के साथ कुछ आप कहीं मूवी आदि देखने जा सकते हैं। आप अपने मन में नकारात्मक विचारों को न रखें। आप जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करेंगे। यदि आपको संतान से संबंधित कोई समस्या लंबे समय से परेशान कर रही थी,

# बंद ! नहीं है एकमात्र सहारा !

डॉ. सूयर्कांत मिश्रा

आज भारत बंद का आह्वान करने वालों ने सुबह से ही आवागमन को बाधित कर कानून को आइना दिखाने का जो साहस दिखाया है , वह कहीं न कहीं पुलिस प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है । अपनी बात मनवाने का यह तरीका किसी भी स्थिति में मानवीय नहीं कहा जा सकता है । कानून की परिधि में रहते हुए अपनी बात कहने के लिए तंत्र बना हुआ है । केवल आज के बंद की ही बात नहीं किसी भी तरह के विरोध स्वरूप इस तरह का कदम उठाने से पूर्व विद्रोह करने वालों को यह भी सोचना चाहिए कि उनके द्वारा किए जा रहे काम से उन्हीं के समाज में रहने वालों का कितना नुकसान हो सकता है ? अपनी बात रखने के लिए हमारे संविधान में प्रावधान बनाए गए हैं । न्यायालयों की शरण उनमें से प्रमुख चरण माना जा सकता है । आज सुबह से ही अपनी ड्यूटी जाने के लिए निकले लोगों की विवशता मैंने स्वयं देखी है । कहीं भी पुलिस प्रशासन के न होने से स्थिति अराजक हो जाए तो होगा । भारत बंद के लिए ज्ञापन सौंपने के बाद प्रशासन ने किस स्तर पर अपनी तैयारी की यह भी आज सुबह से दिखाई पड़ा । कहीं आंदोलनकारियों से प्रतिभागी अनुनय - विनय करते दिखाई पड़े तो कहीं गरमा - गरमी का माहौल भी बन गया । क्या आज की होने वाली परीक्षाओं को अगले दिन के लिए टाला जा सकता है ? क्या आज आपात कालीन स्थिति में मरीजों के इलाज को डॉक्टर और किसी दिन करने की स्थिति में आ सकते हैं ? बैंकों में काम करने वाले कमर्चारियों से लेकर शिक्षक आदि का काम क्या देश की विकास की गति को ग्रहण नहीं लगा जायेगा ? इन सारी समस्याओं पर गहन चिंतन की जरूरत स्थानीय प्रशासन से लेकर प्रदेश सरकार को महसूस करनी होगी । ईश्वर न करे आंदोलन में शामिल किसी परिवार के सदस्य की अचानक तबियत बिगड़ जाए और वह अव्यवस्था का शिकार हो जाए ? जहां तक बात की जाए आंदोलन के कारण की , तो वह भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरुद्ध होना कानून का उल्लघंन ही माना जाना चाहिए । मैं इस बहस में नहीं पड़ना चाहता कि क्रीमी लेयर



जिम्मेदारी किसकी होगी ? यह भी ऐसे ज्ञापन के बाद व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाना चाहिए । किसी भी तरह के आंदोलन में आवागमन को रोकना आपराधिक कृत्य करार दिया जाना चाहिए । कौन , किस स्थिति में यात्रा कर रहा है , इसे आंदोलनकारी गंभीरता से नहीं लेते हैं । उन्हें तो केवल अपनी मांग ही प्रमुख नजर आती है । कोई बीमारी से ग्रसित है तो कोई , किसी जरूरतमंद को सहायता पहुंचाने के लिए यात्रा पर होता है । अनेक बार ऐसी ही स्थिति में बुरे परिणाम सामने आते रहे हैं । आज जब एस सी .एस टी के लोगों ने आंदोलन का सहारा लिया तब कुछ महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाएं भी आयोजित होनी थीं । उन परीक्षाओं के लिए प्रतिभागियों को केंद्र तक पहुंचने का माध्यम बसें हुआ करती हैं । आज रायपुर के अनेक केंद्र जहां नेट की महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए तैयारी किए बैठे हैं , वहीं दूसरी ओर अपने भविष्य की चिंता करते हुए प्रतिभागी परीक्षा देने घरों से निकले । उनकी परेशानी तब और बढ़ गई जब आंदोलनकारियों ने बसों के चक्के जाम कर दिए । आज ही बी एस सी , एग्रीकल्चर के बच्चों की भी परीक्षाएं होने की जानकारी प्रकाश में आई है । भला वे केंद्रों तक कैसे पहुंचे ? पुलिस प्रशासन को भी इस विषय पर सोचना की बात करना या इस वर्ग को आरक्षण से बाहर करना उचित है या नहीं ? कहीं न कहीं न्यायाधीशों की बेंच ने आर्थिक संपन्नता को आधार मानकर अपना निर्णय सुनाया है । ऐसे में नयायविदों की खिलाफत संविधान के अपमान से कम कैसे हो सकता है ? देश की सरकार को ऐसी स्थिति पैदा न हो इसके लिए विशेष प्रावधान बनाने की जरूरत है । संसद के दोनो सदनों में इस तरह के विरोध के लिए कदम न उठा सकने के लिए सख्त कानून बनाना ही होगा । कानून किसी धर्म , जाति ,वर्ग से संबंधित न होकर मानवीय समाज के कल्याण को ध्यान में रखकर बनाया जाना चाहिए । जिसे भी ऐसा प्रतीत हो कि उनके साथ गलत किया जा रहा है , उन्हें न्यायालय की शरण में जाकर अपने हक की आवाज उठानी चाहिए । जब हम अपने अधिकारों की बात करते हैं तब साथ ही साथ कर्तव्यों का ख्याल भी आना चाहिए । किसी भी तरह का बंद किसी वर्ग के लिए उचित नहीं कहा जा सकता है । हम पुलिस को कोसते हैं, जबकि उनके भी हाथ कहीं न कहीं कानून की धाराओं ने जकड़ रखे हैं । जब तक मानवीय समाज खुद अराजकता से दूर रहने का संकल्प नही ले लेता है , तब तक इस तरह की समस्याएं समाप्त नहीं होंगी ।

स्मृति

(शिवप्रकाश-विभूति फीचर्स)

# पुण्य श्लोका महारानी अहिल्याबाई होल्कर



पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई होल्कर, का जीवन सादगीपूर्ण एवं शासन शैली संवेदनशील, सहज, धर्मनिष्ठ, न्यायप्रिय एवं लोक कल्याणकारी थीं। इन्हीं गुणों के कारण उनकी प्रजा उन्हें सदैव लोकमाता के रूप में देखती थी। उनके अप्रतिम गुणों को देखकर ब्रिटिश इतिहासकार जॉन केयस ने उन्हें दार्शनिक रानी ( The Philosopher Queen ) की उपाधि दी । अहिल्याबाई पिता मंकोजीराव शिंदे एवं माता सुशीलाबाई के परिवार में 31 मई 1725 को जन्मी थीं। उनका जन्मस्थान चौंडी ( अहमदनगर, महाराष्ट्र ) था, जो अब अहिल्यानगर के नाम से ही परिवर्तित हो गया है। धनगर जाति में जन्म लेने के बाद भी उनकी प्रतिभा को पहचानकर पेशवा बाजीराव एवं मल्हारराव होल्कर दोनों के परस्पर परामर्श के उपरान्त अहिल्याबाई का विवाह मल्हारराव ने अपने पुत्र खंडेराव के साथ संपन्न कराया । युद्ध में वीरगति प्राप्त होने के कारण उनको पति वियोग सहना पड़ा । अपने जीवन काल में उन्होंने श्वसुर मल्हार राव होल्कर, नवासे ( पुत्री के पुत्र) एवं पुत्री सभी की असमय मृत्यु को देखा। इसी असहय वेदना को सहते-सहते वे स्वयं भी 70 वर्ष की उम्र में 1795 में संसार छोड़कर चली गई।

पति की मृत्यु के पश्चात अपने श्वसुर के आग्रह पर उन्होंने राजकाज सम्हालना प्रारंभ किया। उनका शासन प्रजावत्सल, न्यायप्रिय, सुशासन का प्रतीक था। धर्म के प्रति भक्ति के कारण उन्होंने अपनी राजधानी इंदौर से परिवर्तित कर पवित्र नदी नमर्दा के किनारे महेश्वर में स्थानांतरित की । उनका महेश्वर में राजधानी स्थानान्तरित करने का उद्देश्य था कि राज्य संचालन के साथ-साथ वह माँ नमर्दा की सेवा एवं आराधना कर सकें । माँ नमर्दा के किनारे उनका महल एक सर्वस्व त्यागी सन्यासिनी का महल था । जिसमें उन्होंने अपनी आयु के 28 वर्ष व्यतीत किए थे।

देश की सरकारें वतर्मान समय में अपनी आर्थिक नीतियों के केंद्र में समाज के जिस पिछड़े वर्ग के उत्थान एवं लघु उद्योग केंद्रित नीतियों का विचार करती हैं, आज से लगभग 300 वर्ष पूर्व महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने इस दूरदृष्टि का परिचय देते हुए 1745 में एक राजज्ञा द्वारा बुनकर, सुतार, कारीगरों से महेश्वर में निवास करने का आग्रह किया । आर्थिक विकास की दिशा में उनके द्वारा की गई अनेक पहल में से एक महेश्वर में निर्मित साड़ी आज भी संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध है , जिसे महेश्वरी साड़ी के नाम से जाना जाता है । इस उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए वह स्वयं भी वहाँ निर्मित वस्त्र पहनती थी एवं देश- विदेश से आने वाले महानुभावों को भेंट स्वरूप इन्हीं वस्त्रों को प्रदान भी करती थीं । प्राकृतिक आपदा में किसानों का सहयोग, सेना के आवागमन से होने वाली फसलों की क्षतिपूर्ति की व्यवस्था भी उन्होंने की थी । आत्मनिर्भरता के साथ-साथ शिक्षा का केंद्र महेश्वर बने इसके लिए विद्वानों, धर्माचार्यो को बुलाकर संस्कृत पाठशाला प्रारंभ करने का कार्य भी उनके द्वारा हुआ।

मल्हारराव के युद्ध अभियानों पर जाने के उपरांत महारानी अहिल्याबाई राज्य का संचालन भी कुशलता के साथ करती थीं। पत्राचार के माध्यम से मल्हार राव को अपने राज्य के समाचार भेजना एवं प्रत्युत्तर में राज्य संचालन के लिए सुझाव लेना यह उनकी नियमित प्रक्रिया थी । सेवा एवं रसद सामग्री का प्रबंध, कर वसूली आदि की व्यवस्था बड़ी निपुणता के साथ उन्होंने की थी ।

महारानी स्त्री होने के बाद भी न केवल राज्य संचालन में निपुण बल्कि एक कुशल योद्धा भी थीं। बचपन में ही सैन्य शिक्षा, घुड़सवारी, शस्त्र संचालन उन्होंने सीखा था । राघोवा के आक्रमण के समय अपने राज्य की रक्षा के लिए कूटनीति का परिचय देते हुए उन्होंने पुराने संबंधों के आधार पर सिंधिया, भोंसले, गायकवाड आदि का सहयोग माँगा । राघोवा को उचित दंड देने के लिए 500 महिलाओं की सैन्य टुकड़ी को प्रशिक्षित भी किया । राघोवा को उनके द्वारा लिखा पत्र आज भी उनकी कूटनीतिक दूरदर्शिता को प्रकट करता है, जिसमें उन्होंने लिखा कि आप मुझे अबला



समझकर राज्य हड़पने के लिए यहां आए हैं लेकिन मेरी शक्ति आपको युद्ध क्षेत्र में ज्ञात होगी । मैं महिला सेना के साथ आपका मुकाबला करूंगी।यदि मैं युद्ध में पराजित हो गई तब मेरी हंसी और आपकी प्रशंसा कोई नहीं करेगा और यदि आप युद्ध में हार गए तो आप कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे । केवल राघोवा ही नहीं अपने राज्य की सीमाओं पर राजस्थान की ओर से मिलने वाली चुनौती का भी उन्होंने साहस के साथ सामना कर शत्रु को कुचलने का कार्य किया । सेना का संचालन, सैनिकों की चिकित्सा आदि भी उन्होंने कुशलता के साथ की । नाना फड़नवीस ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा था कि अब तक देवी अहिल्याबाई की धार्मिकता की प्रशंसा तो हम सुनते आए हैं मगर हम नहीं जानते थे कि वह बहादुर भी हैं अपने शत्रुओं के दांत खट्टे कर सकती हैं।

महारानी अहिल्याबाई का शासन कठोर एवं न्यायप्रिय शासन था । उन्होंने जाति-पांति, ऊँच - नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर चोरों के भय से जनता को मुक्ति प्रदान करने वाले नौजवान से अपनी पुत्री का विवाह किया । गरीब एवं कमजोर लोगों की सेवा में वह हमेशा तत्पर रहती थी। पति की मृत्यु के पश्चात पति की संपत्ति पर पूर्ण अधिकार की व्यवस्था एवं स्त्री को दत्तक लेने का अधिकार देना यह उनके महिला सशक्तिकरण के उदाहरण हैं । उनके राज्य में रहने वाले भीलों (जनजाति) को अपराध मुक्त करने के लिए कृषि के औजार उपलब्ध कराकर सशक्त करने का कार्य उन्होंने किया। अपराध करने पर कठोर दंड एवं समस्याओं का त्वरित समाधान यह उनके शासन की विशेषता थी । पक्षपात रहित सभी को समान न्याय उनके शासन में था । इसके लिए अपने सेनापति के पुत्र को भी अपराध करने पर उन्होंने जेल में डलवा दिया था। प्रजा को न्याय दिलाने के लिए न्यायालय एवं न्यायाधीशों की नियुक्ति उन्होंने की थी। अपने राज्य कमर्चारियों के प्रति संवेदनशील एवं आत्मीयतापूर्ण व्यवहार, युद्ध में वीरगति पाने वाले सैनिक परिवारों के कल्याण की व्यवस्था को राज्य कोष से करने का प्रबंध उन्होंने किया था। अपने प्रति कठोर जीवन जीते हुए, प्रजा का पुत्र की तरह पालन, लोक कल्याण की योजनाएं एवं न्यायप्रियता के कारण उनको लोकमाता की उपाधि मिली ।

राज्य संचालन में अनेक गुण होने के बाद भी उनका शासन मूलतः धर्म अधिष्ठित शासन था । जहां उनके व्यक्तिगत जीवन में सेवा, त्याग -तपस्या एवं दान का महत्व था वहीं उन्होंने मंदिरों के जीणोद्धार, उनकी स्थायी आर्थिक व्यवस्था, यात्रियों के लिए विश्राम स्थल एवं अन्न क्षेत्र स्थापित कराए। अपना राज्य भगवान शिव को समर्पित कर वह उनके प्रतिनिधि के रूप में शासन चलातीं थी। हिमालय में स्थित भगवान बद्रीनाथ, केदारनाथ , दक्षिण में रामेश्वरम, पश्चिम में द्वारिका से लेकर पूर्व में जगन्नाथ पुरी तक उनके द्वारा चलाए सेवा कार्य आज भी प्रसिद्ध है । तीर्थ स्थानों पर गंगाजल भिजवाने की व्यवस्था देश को एक सूत्र में बांधती दिखाई देती है । काशी विश्वनाथ मंदिर के जीणोद्धार सहित देश के लगभग समस्त तीर्थक्षेत्रों के विकास, हरिद्वार के गंगा घाटों सहित देश भर की नदियों के किनारे सैकड़ो स्थानों पर उन्होंने पक्के घाटों का निर्माण कराकर तीर्थ यात्रियों के लिए उचित स्नान की व्यवस्था करायी। समस्त अगणित धार्मिक कार्य वह अपने भाग में प्राप्त संपत्ति के द्वारा कराती थी । वह दीन- दुखी, गरीबों के लिए समर्पित निष्ठावान कमयोगी थी। दक्षिण के प्रसिद्ध इतिहासकार रायबहादुर चिंतामणि विनायक वैद्य ने महारानी के संदर्भ में लिखा है कि वह लोकोत्तर स्त्री अपने अनेक गुणों के कारण महाराष्ट्र के लिए ही नहीं वरन् समूची मानवजाति के लिए भूषण रूप हुई है । इंदौर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी अपने उद्बोधन में कहा था कि मैं देवी अहिल्याबाई को भी नमन करता हूं उनका पुण्य स्मरण करता हूं। देवी अहिल्याबाई ने शासन संचालन में छोटी-छोटी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी, उनके जीवन का एक-एक अध्याय इतना प्रेरक होता है कि आने वाली पीढ़ियों को उनसे सीख मिलती रहेगी । लोकमाता महारानी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर उनकी 300 वीं जयंती के अवसर पर हम उनके दिखाये मार्ग का अनुसरण करते हुए एकात्म, समृद्ध, समरस एवं शक्तिशाली भारत का निर्माण करें तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए विश्व कल्याण करने का संकल्प लें । महारानी अहिल्याबाई होल्कर को उनकी 300वीं जन्म-जयंती पर यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**लेखक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं।**

**एक नजर**

## कलेक्टर ने चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं और मांगें

**कांकेर, 21 अगस्त ।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार योजना के बेहतर क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानने कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज जिले के कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत दूरस्थ संवेदनशील इलाके में स्थित ग्राम पानीडोबीर में चौपाल लगाई और ग्रामीणों की समस्याओं से सिलसिलेवार रूबरू हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टर के समक्ष अपनी मांगें एवं समस्याएं रखीं।कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से बस्तर क्षेत्र के दूरस्थ अंचलों में अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस योजना के तहत जिले के ग्राम पानीडोबीर का चयन हुआ है, जिसमें आसपास के गांवों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से आग्रह करते हुए कहा कि आगे बढ़कर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि गांव की सभी मांगों और आवश्यकताओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। कलेक्टर ने ग्रामीणों को बताया कि उनकी मांग पर नियद नेल्लानार योजना के तहत क्षेत्र के दो नए गांव चिलपरस और जुंगड़ा को जोड़ा गया है, जिससे वहां के ग्रामीण भी इस महत्वाकांक्षी योजना से लाभान्वित हो सकें। इस मौके पर ग्रामीणों ने वन अधिकार मान्यता पत्र के लंबित प्रकरण के जल्द निराकरण की मांग की, जिस पर जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के सीईओ ने बताया कि 80 आवेदकों को पट्टा तैयार करने का कार्य अंतिम चरण पर है। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों ने आवास, शौचालय, पेयजल आपूर्ति, चिकित्सक, शाला भवन मरम्मत, शिक्षक की मांग, सड़क, आंगनबाड़ी केंद्र, हैंडपंप, स्ट्रीट लाइट, हाई मास्ट लाइट सहित कई मांगों और समस्याओं से जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। इसी तरह बालक आश्रम की तर्ज पर कन्या आश्रम शुरू करने और धान खरीदी केंद्र खोलने की भी मांग रखी। इस पर कलेक्टर ने कहा कि आगामी खरीफ विपणन वर्ष में यहां के किसानों को अपना धान बेचने 17- 18 किलोमीटर दूर कोयलीबेड़ा जाना नहीं पड़ेगा। उन्होंने यहां खरीदी केंद्र हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही कलेक्टर ने ग्रामीणों के आवेदनों पर प्राथमिकता से नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही। इसी तरह ग्रामीणों की कतिपय अन्य मांगों पर कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने ग्रामीणों को समझाइश देते हुए बताया कि नवीन कार्यों के लिए प्रस्ताव तैयार करने, प्रशासकीय स्वीकृति मिलने, वित्तीय आबंटन में शामिल करने जैसी प्रशासनिक प्रक्रियाओं में थोड़ा समय लगता है, अतः ग्रामीणजन धैर्य रखते हुए ।

# सुप्रीम कोर्ट के कोटा के अंदर कोटा के फैसले के खिलाफ भारत बंद का व्यापक असर रहा





**मंगल कुंजाम**

**किरंदुल, 21 अगस्त**1 अगस्त 2024 के माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति और जनजातियों के आरक्षण में आरक्षण लागू कर सकती हैं, इसके विरोध में अनुसूचित जाति और जनजातियों के विभिन्न सगठनों और कर्मचारियों ने 21 अगस्त को भारत बंद का आव्हान किया था। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लोगों ने कोर्ट के इस फैसले को आरक्षण विरोधी और समाज को तोड़ने वाला बताया और इसे वापस लेने को सम्पूर्ण भारत बंद का आव्हान किया। कोर्ट ने अपने ही 20साल पुराना फैसले को पलट दिया जिसमें कहा गया था कि अनुसूचित जातियां खुद में एक समूह हैं उसने शामिल जातियों के आधार पर और बटवारा नहीं किया जा सकता। जिसे 6 जजों की पीठ ने इस 20 साल पहले के आदेश को पलट दिया। आदेश के आते ही इस वर्गो के सभी संगठनों ने पुरजोर विरोध किया।और इस फैसले को आरक्षण विरोधी और समाज को बांटने वाला बताया। यह भी विदित हो कि आरक्षण के विरोधी लोग अक्सर ही आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की वकालत करते रहे हैं जबकि ये संविधान में आरक्षण के प्रावधान का घोर उल्लंघन है। इन तबके के लोगों को आरक्षण छुआछूत और समाजिक पिछड़ेपन के आधार पर है तो आरक्षण आर्थिक आधार पर नहीं दिया जा सकता है। कुछ दिन पहले भी केंद्र की भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजातियों में भी क्रीमीलेयर लाने का प्रस्ताव लाई थी जिसका भी विरोध हुआ और इन वर्गों के सांसदों ने प्रधानमंत्री से मिलकर अपनी चिंता जताई थी जिसके बाद केंद्र सरकार ने इसे भी वापस लिया था। केंद्र सरकार की एक के बाद एक आरक्षण विरोधी फैसले से इन वर्गों के लोगों को अपना अधिकार हाथ से निकलता दिख रहा है। पहले भी एट्रोसिटी एक्ट, निजीकरण, एस टी एस सी में क्रीमी लेयर अब सुप्रीम कोर्ट के कोटे के अंदर कोटा के फैसले से इन वर्गों को लगने लगा है कि एक सोची समझी साजिश के तहत इस तरह कदम उठाए जा रहे हैं। और इन वर्गों की संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों पर कुठाराघात कर कमजोर किया जा रहा है। अब इस बंद को कई सगठनों और समाजिक कार्यकर्ताओं ने अपना समर्थन दिया। इन संगठनों के लोग सुबह से ही लाउड स्पीकर और बाइक रैली कर व्यापारिक संस्थान और दुकानदारों को बंद का सहयोग के लिए आह्वान करते रहे। लोगों ने भी इस बंद का पूर्ण रूप से सहयोग दिया और अपने दुकान और व्यापार बंद रखे। किरंदुल के सभी व्यापारिक संस्थान पूर्ण रूप से बंद रहे।

## हत्या एवं दुष्कर्म के अलग-अलग मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 21 अगस्त।** नगर में अगस्त माह में हुई एक महिला की हत्या एवम एक महिला से हुए दुष्कर्म मामले में दंतेवाड़ा सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए दोनो मामलों के आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें सलाखों के पीछे सजा भुगतने जेल भेज दिया है। गौरतलब है की बीते 17 अगस्त को दंतेवाड़ा के कतियार रास साप्ताहिक बाजार स्थल के नजदीक इन घर से लाश की बदबू आने से इसकी शिकायत कोतवाली में की गई थी। घर का ताला तोड़ जब पुलिस अंदर दाखिल हुई तो एक शादी शुदा महिला की धार धार हथियार से बार कर उसकी हत्या की हुई लाश पड़ी मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने उसके फरार पति की तलाश शुरू कर दी थी। हत्या के मामले में 57/2024 103 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी मयंक उपाध्याय को गरियाबंद से जाकर पकड़ा। आरोपी मयंक ने इस बात को पुलिस के समक्ष स्वीकार कर लिया है की उसने अपनी पत्नी की हत्या की है। हत्या की वजह उसने बताया की उसकी बीवी का दूसरे किसी लड़के से अफेयर चल रहा था इस वजह से उसकी हत्या करना उसने काबुल किया है। वहीं एक दूसरे मामले में भी दुष्कर्म के एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ प्रार्थिया की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में 58/2024 धारा 376(2)(3) 292(2)(घ)506 भादवि 67.67(रु) सूचना प्रौद्योगिकी अधि02000 कार विवेचना में लिया गया है। जिसके आधार पर आरोपी गणेश्वर यादव पिता कुपचंद यादव निवासी झामुपारा कारली थाना गीदम को दंतेवाड़ा पुलिस ने आरोपी को घर से हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार करना स्वीकार किया है। 20.08.2024 को दोनों आरोपियों को गवाह 1 सबूत के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। कोर्ट से दोनो आरोपियों को जेल दाखिला कर दिया गया है। दोनो मामले में सिटी कोतवाली दंतेवाड़ा विजय पटेल की टीम ने काफी मेहनत किया और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की। एसपी ने भी इस उपलब्धि के लिए पुलिस की पीठ थपथपाई है।

### 2 नवीन राशन दुकान के लिए 27 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**सुकमा, 21 अगस्त।** कलेक्टर श्री हरिस. एस के निर्देशानुसार जिले के अनुविभाग छिंदगढ़ अंतर्गत 02 नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटित किया जाना है। जिसके तहत विकासखण्ड छिंदगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत पेरमारास के ग्राम लिटटीरास और ग्राम पंचायत चिपुरपाल के ग्राम हिकमीरास में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक ग्राम पंचायत,स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वन सुरक्षा समिति या सहकारी अधिनियम के तहत पंजीकृत अन्य संस्थाएं उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छिन्दगढ़ में 27 अगस्त 2024 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## गादीरास में रैली निकालकर दिया गया स्वच्छता का संदेश



**सुकमा,21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरिस.एस के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत गादीरास में बाजार स्थल में आयुष्मान कार्ड शिविर, स्वच्छता रैली एवं सामुदायिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की उपस्थिति में एवं निगरानी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम दौरान ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं अन्य ग्राम पंचायत के सचिव के साथ-साथ स्वच्छाग्राही स्व सहायता समूह की दीदीयां एवं ग्राम में गठित अन्य स्व सहायता समूह की दीदी , शिक्षक, स्कूली छात्र-छात्रा एवं ग्रामीण जन सम्मिलित हुए। वहीं उपस्थित अन्य ग्रामों के सचिवों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुकमा द्वारा निर्देशित किया गया कि आप अपने ग्राम पंचायत अंतर्गत स्वच्छता गतिविधि करावे एवं ग्राम को स्वच्छ बनाने में ग्रामीणो की भागीदारी को बढ़ावा दे जिससे स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता हो। पंचायत स्तर में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित करें एवं बाजार लगने वाले ग्रामों में बाजार समाप्त होने पश्चात बाजार में स्वच्छता कार्यक्रम सामूहिक श्रमदान का आयोजन कर स्वच्छता का प्रचार प्रसार करें। वही ग्राम पंचायत गादीरास में कपड़ा सिलाई प्रशिक्षित स्व सहायता समूह की दीदियों से चर्चा करते हुए उन्नत सिलाई तकनीक, फैसन डिजाइनिंग प्रशिक्षण , उन्नांत मशीन का उपयोग कर आय बढ़ाने के संबंध में उन्मुखीकरण बहुत ही सरलता से किया , लखपति दीदी बनाना है संगठित होकर सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने प्रोत्साहित किया गया। समझाइश पश्चात सभी ने लखपति बनना सहमति दिया। दीदियों में उत्साह एवं उमंग देखते ही बन रहा है।

# भारत बंद का बीजापुर जिले में व्यापक असर ...







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 21 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के विरोध मे आज बीजापुर जिले मे भारत बंद का व्यापक असर देखने को मिला सर्वे आदिवासी समाज के बैनर तले आज सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण विरोधी आदेश के तहत बीजापुर मुख्यालय सहित पूरे जिले मे भारत बंद का व्यापक असर रहा समाज के आवहान पर आज नगर सहित पूरे जिले में बंद का असर रहा नगर की सभी दुकानों के अलावा जिले भर में बसों तथा अन्य वाहनों की आवाजाही बंद रही इस बंद को सभी समाज के लोगों ने अपना समर्थन दिया जिले के भोपाल पटनम भैरमगढ़ आवापल्ली में भी बंद का अच्छा खासा असर दिखा बंद के दौरान नये बस स्टैंड पर एक सभा भी हुई जिसमें सभी प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार रखे इसमें सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध किया गया है।

## हर घर जल उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**सुकमा,21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत सुकमा जिले के विकासखंड छिंदगढ़ के ग्राम ईरपा पंचायत



डोलरास में हर घर जल उत्सव समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत सरपंच हिड़मे मुचाकी एवं वार्ड पंच ग्राम पंचायत मुखिया एवं पटेल की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर ग्राम सभा प्रस्ताव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सौपा गया जल कर, सामुदायिक सहभागिता, संचालन एवम् रख रखाव जैसे प्रमुख जिम्मेदरी से अवगत कराया गया । साथ ही मंथली रजिस्टर बनाए रखने के लिए जल विहिनी को बताया गया ।

### कलेक्टर जनदर्शन में 19 आवेदन मिले

**कांकेर, 21 अगस्त।** कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। आज जनदर्शन में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए।जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में जनकपुर वार्ड कांकेर के वार्डवासियों ने शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की, इसी तरह कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम नेड़गांव के ग्रामीणों ने पक्की सड़क निर्माण की मांग की। कांकेर विकासखण्ड के ग्राम मरकाटोला के ग्रामीणों ने व्यपवर्तन नाली में पुलिया निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।

## एसएलआरएम सेन्टर में आयुक्त ने कचरा पृथक्करण की जानकारी ली

**राजनांदगांव 21 अगस्त।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज सुबह तकनीकि अधिकारियों के साथ इंदिरा नगर तथा राजीव नगर एसएलआरएम सेन्टर का जायजा लेकर कचरा पृथककरण की जानकारी ली तथा अधोसंरचना मद अंतर्गत नाला निर्माण एवं प्रस्तावित एसटीपी निर्माण के लिये स्थल निरीक्षण किये।

आयुक्त श्री गुप्ता इंदिरा नगर एसएलआरएम सेंटर एवं राजीव नगर एसएलआरएम सेन्टर का क्रमशः निरीक्षण कर सेन्टर प्रभारी से कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर प्रतिदिन गीला सुखा कचरा पृथककर गीला कचरा से खाद बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पीट में डले कचरा की निर्धारित समयावधि में पल्टी करे, समयावधि के पश्चात कार्य न करे, खाद बनाने में कोताही न बरते। वर्तमान में वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर खाद का विक्रय करे खाद के लिये निजी उद्यान, घर की बागवानी हेतु उपयोग करने लोगों को जानकारी देवे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदी कचरा संग्रहण के



दौरान लोगों को घर में ही कचरा पृथककरण कर देने समझाईस देवे, उन्हे बताये कि जिला एवं सुखा कचरा अलग अलग डिब्बा में रखे तथा बतावे कि कचरा गाडी आने पर ही स्वच्छता दीदीयों को कचरा देवे, घर के आस पास व नाली में कचरा न डाले। उन्होंने प्रभारी से कहा कि सतप्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करे, जिनके द्वारा लंबे समय से यूजर चार्ज नही दिया जा रहा है, वहा वार्ड प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक के साथ जाकर वसूली करे। इस संबंध में उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को भी निर्देशित किये। आयुक्त श्री गुप्ता निरीक्षण के दौरान गौरव पथ में समता भवन के पास अधोसंरचना मद अंतर्गत नाला निर्माण के लिये स्थल निरीक्षण कर कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके से कहा कि जल्द नाला निर्माण प्रारंभ कराये, जिससे पानी निकासी की समस्या दूर हो सके और पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने एसटीपी निर्माण के लिये प्रस्तावित स्थल मोहारा नाला के पास एवं पारीनाला के पास जायजा लेकर नाला से पानी आने की जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने बताया कि मोहारा नदी व पारीनाला में गंदा पानी आने रोकने एसटीपी का निर्माण किया जाना है, जिसके लिये शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। पारीनाला के पास 15 एमएलडी प्लांट निर्माण किया जायेगा जिसमें रेल्वे पटरी पार के ढाबा, चिखली, गौरीनगर आदि क्षेत्र से नाले के माध्यम से पानी प्लांट में आयेगा, इसी प्रकार मोहारा के पास 26 एमएलडी के प्लांट में गोकुल नगर, आर.के.नगर, आशा नगर, इंदिरा नगर, नंदई आदि क्षेत्र के नाला का पानी प्लांट में आयेगा, जिसका शोधन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शासन स्वीकृति पश्चात कार्य प्रारंभ किया जायेगा। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि शासन स्वीकृति पश्चात जल्द प्रक्रिया कर प्राथमिकता से कार्य कराया जावे, ताकि नाला का गंदा पानी नदी नाला में न जावे। उन्होंने शेष निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता श्री दीपक महला, उप अभियंता श्री तिलक राज ध्रुव, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू उपस्थित थे।

## धान के पत्ती मोड़क कीट (सोरटी) के प्रभावी नियंत्रण के उपाय

**सुकमा, 21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा के पौध रोग वैज्ञानिक श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कीट वैज्ञानिक डॉ. योगेश कुमार सिदार तथा चिराग परियोजना के एस.आर. एफ.



यामलेशवर भोयर ने बताया कि वर्तमान मे जिले के मुरतोणडा, पेरमापारा, नीलावरम, तोगपाल, सोनाकुकानार,नयानार, रामपुरम का मैदानी भ्रमण के दौरान धान के खेत मे पत्ती मोड़क कीट का आक्रमण दिखाई दिया है इसे पत्ति लपेटक या चितरी या सोरटी कहा जाता है। इस कीट की इल्ली अवस्था फसल को नुकसान पहुंचाती है इस कीट की इल्ली अपने लार द्वारा पत्ती की नोंक को या पत्तियों के दोनों सिरो को चिपका लेती है इस तरह इल्ली इसके अंदर रहकर पत्तियों के हरे भाग (क्लोरोफिल) को खुरच खुरच कर खा जाती है जिसके कारण पत्तियों पर सफेद धारियां दिखाई देती है जिसकी वजह से पत्तियों मे भोजन बनाने की प्रकिया नहीं हो पाती है कीट द्वारा ग्रसित पत्तियाँ बाद में सुखकर मुरझा जाती हैं व फसल की बढवार भी रूक जाती हैं, इसके नियंत्रण के लिए प्रभावी उपाय अपनाना चाहिए। जिनमें खेतो एवं मेड़ो को खरपतवार मुक्त रखें। संतुलित मात्रा में पोषक तत्वों का उपयोग करें। खेतों मे चिडियो के बैठने के लिए टी आकार की पक्षी मीनार लगाए। रात्रि चर कीट को पकड़ने के लिए प्रकाश प्रंपच या लाइट ट्रैप खेतो मे लगाए।अण्डे या इल्ली दिखाई देने पर उसे इकट्ठा करके नष्ट करें। कीट से प्रभावित खेतो में रस्सी चलाएं।बारिश रुकने व मौसम खुला होने पर कोई एक कीटनाशक का स्प्रै काराये।क्लोरोपायरीफास 20 ई.सी. 1250 मि.ली. प्रति हेक्टेयर या कर्टाफ हाइड्रोक्लोराइड 50 त्न एस.पी. 1000 ग्राम प्रति हेक्टेयर या क्लोरेटानिलिप्रोएल 18.5त्न एस.सी. 150 ग्राम प्रति हेक्टेयर या इंडोक्साकार्ब 15.80 प्रतिशत ई.सी.200 मि.ली. प्रति हेक्टेयरका उपयोग करके प्रभावी नियंत्रण कर सकते हैं , ठीक न होने पर 15 दिन बाद दूसरे कीटनाशक का छिडकाव करें शामिल है और अधिक जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क करके ही रासायनिक दवाइयों का उपयोग करें।

# पुलिस महानिरीक्षक ने रक्षित आरक्षी केन्द्र राजनांदगांव का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव, 21 अगस्त।** रेंज श्री दीपक कुमार झा द्वारा वार्षिक निरीक्षण हेतु दिनांक 20.08.2024 को रक्षित केन्द्र राजनांदगांव पहुंचे जहां क्वार्टर गार्ड में उन्हें सलामी दी गई तत्पश्चात जनरल परेड में उन्होंने सलामी लिया।

पुलिस महानिरीक्षक के वार्षिक निरीक्षण परेड में रक्षित केन्द्र/थाना/चौकी/यातायात शाखा एवं डॉग स्कार्ट के कुल 100 अधिकारी/कर्मचारी हुए शामिल। परेड में शामिल पुलिस जवानों का टर्नआउट एवं परेड का निरीक्षण किया साथ ही डॉग स्कॉड का भी



निरीक्षण किया गया। जिन अधिकारी कर्मचारियों का टर्नआउट साफसुथरा व उच्चकोटि का पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को उनके द्वारा ईनाम दिया गया और जिनकी वर्दी ठीक नहीं थी उन्हें सुधार हेतु हिदायत दी गई। आई.जी. साहब द्वारा राजत्रि अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को स्कावर्ड ड्रील कराने को कहा गया जिनके कमाण्ड पर जवानों ने बेहतरीन परेड का प्रदर्शन किया। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज श्री दीपक कुमार झा द्वारा किये गये निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी ऑप्स श्री अजीत ओगेर, एसडीओपी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया, एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम, एसडीओपी श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर एवं थाना प्रभारी लालबाग श्री नवरत्न कश्यप, थाना घुमका प्रभारी निरीक्षक श्री बसंत बघेल, पुलिस चौकी चिखली प्रभारी उनि. श्री नरेश कुमार बंजारे, पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी उनि. श्री विरेन्द्र मनहर, पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ प्रभारी उनि. श्री कैलाशचंद मरई, पुलिस चौकी सुकुलदैहान प्रभारी श्री निरीक्षक राकेश कुमार मन्नाडे, पुलिस चौकी चिचोला प्रभारी उनि. भूषण चन्द्राकर रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर सहित लगभग 100 अधिकारी/कर्मचारी

एक नजर

## महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की बैठक में अध्यक्ष का स्वागत

**महासमुंद,21 अगस्त।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नवगठित जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष व विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, सचिव व प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल की उपस्थिति में प्राध्यापक कक्ष में हुई। स्वागत बैठक में सामान्य समिति के सदस्यों में संदीप दीवान संगठन प्रतिनिधि, अमृत चोपड़ा उद्योग प्रतिनिधि, मनीष बंसल व्यवसायी, पवन पटेल पार्षद स्थानीय संस्था, महेश मक्कड़ बीमा व्यवसायी, लाल विजय सिंहदेव पूर्व छात्र प्रतिनिधि, मंगेश टाकसाले पार्षद, पूर्व छात्र प्रतिनिधि, डॉ शेषनारायण गुप्ता चिकित्सक प्रतिनिधि, धर्मेन्द्र डड़सेना अधिवक्ता, आनंद गिरी गोस्वामी कृषक प्रतिनिधि, विनोद चंद्राकर मेडिकल संगठन, कमलेश ध्रुव एसटी प्रतिनिधि, देवीचंद राठी समाजसेवी, विनोद रात्रे एससी प्रतिनिधि, रमेश साहू ओबीसी प्रतिनिधि, गुलाब सेन पूर्व छात्र प्रतिनिधि, महाविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में प्रभारी डॉ. दुर्गावती भारतीय, डॉ. नीलम अग्रवाल, डॉ. ईपी चेलक, अजय कुमार राजा, मनीराम धीवर, मुकेश साहू, कुंदन देवांगन उपस्थित थे।बैठक में सर्वप्रथम सभी सदस्यों के परिचय के उपरांत अध्यक्ष व विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का स्वागत संस्था की प्राचार्य एवं जनभागीदारी समिति की सचिव डॉ. अनुसुइया अग्रवाल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया। तत्पश्चात् सभी प्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल द्वारा स्वागत भाषण देते हुए कहा कि महाविद्यालय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के मध्य महाविद्यालय के विकास के लिए स्वस्थ संवाद कायम कर महाविद्यालय को विकास की ओर अग्रसर करना है। जनभागीदारी समिति की प्रभारी डॉ. दुर्गावती भारतीय द्वारा जनभागीदारी समिति के गठन एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए पूर्व में किए गए कार्यों, महाविद्यालय की आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं पर आधारित प्रतिवेदन पठन किया गया। समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं संगठन प्रतिनिधि संदीप दीवान ने एनईपी के उद्देश्यों को लागू कराने में संगठन की ओर से पूर्ण सहयोग की बात कही। अलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं जनभागीदारी सदस्य अमृत चोपड़ा द्वारा विद्यार्थियों के पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए वाटर कूलर को भेंट किया गया। डॉ. शेषनारायण गुप्ता चिकित्सक द्वारा प्रति माह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने की सहमति दी गई। अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा कहा गया कि वे सही समय पर सही निर्णय लेकर महाविद्यालय के विकास में नए सोपान बनाएंगे। महाविद्यालय की समस्त मांगों पर विस्तार से चर्चा करने के लिए उन्होंने शीघ्र ही जल्दी मीटिंग बुलाने पर जोर दिया। आईक्यूसी प्रभारी मनीराम धीवर द्वारा 28-29 अगस्त को नेक मूल्यांकन में जनभागीदारी सदस्यों की भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. नीलम अग्रवाल द्वारा आभार ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अजय राजा ने किया।

## स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जवानों को बांधी राखी



**भोपालपटनम,21 अगस्त।** भोपाल पटनम जनपद पंचायत क्षेत्र की महिलाओं ने आज ग्राम पंचायत गोटाईगुडा सिथत छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल केंप पहुंच कर रझा बंधन पर्व के अवसर पर सभी मौजूद जवानों के कलाईयों पर राखी बांध कर रझा का वचन लिया इस दौरान जवानों ने रझा का वचन दिया और खुशी जाहिर की इस भावुक क्षणों पर स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यो से आकर जवान यहां. हमारी हिफाजत करते है इसलिए हमारा भी दायित्व बनता है कि हम भी उन जवानों के खुशियों मे शामिल हो कर उनके खुशियो मे भागीदार बने इ इस मौके पर जवानों ने भी केंप पहुंचे सभी बहनों का स्वागत करते उनका सममान किया उन्हें मिठाई खिलाई इस मौके पर थाना भोपाल पटनम के थाना प्रभारी और वहाँ के स्टाफ भी मौजूद रहे।

## जनदर्शन में आयुष्मान कार्ड बनने से अमृतलाल सिदार को इलाज कराने में होगी सुविधा

**रायगढ़, 21 अगस्त।** तहसील पुसौर के ग्राम-जामपाली निवासी अपने हार्ट की बीमारी के इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आज जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल को बताया उन्हें हार्ट की बीमारी है। जिसका दो बार वे इलाज करा चुके है और इलाज के दौरान उनकी जो भी जमा पूंजी थी वह सब कुछ खत्म हो गई है। वर्तमान में डॉक्टरों ने उनके इलाज पर फिर से काफी खर्च बताया है। उन्होंने कलेक्टर के समक्ष आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की बात कही। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को बुलाकर शीघ्र ही आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उक्त निर्देश के परिपालन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर ही उनका आयुष्मान कार्ड का प्रोसेस करते हुए उसका नंबर जारी कराया। जिससे उन्हें अब आगे अपने इलाज में सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जनदर्शन में आम जनता की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग को तुरंत निर्देश जारी किए। जनदर्शन में लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं जैसे राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, आवास, सड़क और सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने अधिकारियों को इन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करने का निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। तहसील पुसौर के 74 वर्षीय मुरलीधर मेहर वृद्धा पेंशन राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि वृद्धा पेंशन के लिए वे पूर्व में आवेदन कर चुके है।

# बंगाल का अमानवीय अत्याचार ममता सरकार की घोर विफलता:सांसद रूपकुमारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 21 अगस्त।** सांसद रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि डॉक्टर के साथ कलकत्ता में हुए जघन्य अपराध ने पूरे बंगाल को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना केवल एक महिला के साथ हुए अमानवीय अत्याचार का मामला नहीं है, बल्कि यह पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में चल रही प्रशासनिक विफलता का भी प्रतीक है। इस घटना ने न केवल हमारे समाज की संवेदनाओं को ठेस पहुंचाई है, बल्कि यह ममता सरकार की प्रतिबद्धता पर भी गंभीर सवाल खड़ा करती है।एक डॉक्टर, जो समाज में सेवा, समर्पण और सम्मान का प्रतीक होती हैं, उनके साथ इस तरह की बर्बरता ने साबित कर दिया है कि राज्य में महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस, महिलाओं की सुरक्षा के प्रति गंभीर है? सरकार की यह जिम्मेदारी थी कि वह इस प्रकार की घटनाओं पर तुरंत और सख्त कार्रवाई करे, लेकिन आज तक जो भी कदम उठाए गए हैं, वे पूरी तरह से अपर्याप्त और निराशाजनक हैंममता बनर्जी और उनकी सरकार से हर महिला को यह अपेक्षा थी कि वे महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। लेकिन इस घटना ने साफ कर दिया है कि तृणमूल कांग्रेस सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कितनी उदासीन है। इस मामले में सरकार की निष्क्रियता और नाकामी न केवल पीड़िता और उसके परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक गहरा धक्का है। यह वही



सरकार है जिसने नारी सशक्तिकरण और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन इस घटना ने उन सभी वादों को खोखला साबित कर दिया है। इस घटना के बाद राज्य की महिलाओं में एक गहरी असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। अगर डॉक्टर जैसे पेशे से जुड़ी महिला भी इस प्रकार के अत्याचार का शिकार हो सकती है, तो आम महिलाओं की सुरक्षा का क्या? यह सवाल आज हर महिला के मन में गूंज रहा है। ममता बनर्जी की सरकार की ओर से इस मामले में जिस प्रकार की निष्क्रियता दिखाई दे रही है, वह बेहद शर्मनाक और दुखद है। यह सरकार की नाकामी है कि वह महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में असमर्थ रही है। एक ऐसी सरकार जहां महिलाओं को सुरक्षा का कोई भरोसा नहीं, वह सरकार कहलाने का हकदार नहीं है। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या ममता बनर्जी सरकार वास्तव में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा कर रही है, या फिर वह सिर्फ राजनीतिक समीकरणों में उलझी हुई है? डॉक्टर के साथ हुए इस जघन्य अपराध ने ममता बनर्जी की सरकार की संवेदनहीनता को उजागर कर दिया है। इस मामले में तृणमूल कांग्रेस सरकार की उदासीनता और अपराधियों के प्रति नरमी राज्य की जनता के लिए अस्वीकार्य है। यह समय है कि ममता बनर्जी अपने दायित्वों को समझें और इस घटना की पूरी जिम्मेदारी लें। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषियों को जल्द से जल्द सख्त सजा मिले और इस घटना की निष्पक्ष जांच हो। लेकिन यदि ममता बनर्जी और उनकी सरकार इस मामले में उचित कदम नहीं उठाती है, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि उनकी सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। हमारी माताएं, बहनें, बेटियां, जो इस समाज की रीढ़ हैं, वे इस सरकार की नाकामी की वजह से भय और असुरक्षा के माहौल में जी रही हैं। ममता बनर्जी को यह समझना होगा कि यह सिर्फ एक अपराध का मामला नहीं है, यह हमारी समाज की संवेदनाओं, हमारी नैतिकता और हमारी न्याय प्रणाली का भी सवाल है। यदि इस मामले में तृणमूल सरकार सख्त कदम नहीं उठाती है, तो यह सरकार की नैतिक और राजनीतिक विफलता का प्रमाण होगा।यह घटना एक चेतावनी है कि यदि ममता सरकार इस प्रकार की घटनाओं को गंभीरता से नहीं लेती हैं, तो हमारा समाज एक गहरे संकट में जा सकता है। ममता बनर्जी को अब राजनीति से ऊपर उठकर, इस मामले में न्याय सुनिश्चित करना होगा। यह उनकी जिम्मेदारी है, और यदि वे इसमें विफल होती हैं, तो इतिहास उन्हें कभी माफ नहीं करेगा।

# स्कूली बच्चों के जाति, आय और निवास प्रमाणपत्र बनाने चलाएं अभियान:कलेक्टर

**रायगढ़, 21 अगस्त।** कलेक्टर श्री गोयल ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम काज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है स्कूलों में नवप्रवेशी बच्चे जिनके आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र नहीं है अभियान चलाकर उसे बनवाएं। शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारी इसमें आपसी समन्वय से काम करें।



कलेक्टर श्री गोयल ने जिले के स्थाई विस्फोटक लाइसेंसधारियों की बैठक लेकर विस्फोटकों के भंडारण और परिवहन के संबंध में जानकारी लेने के निर्देश एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े को दिए। उन्होंने कहा कि विस्फोटकों का परिवहन अत्यंत सावधानीपूर्वक किया जाना होता है। इसके परिवहन की सूचना कलेक्ट्रेट के साथ ही उस क्षेत्र के एसडीएम कार्यालय और पुलिस थाना में भी दी जानी चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सीएम जनदर्शन और जन समस्या निवारण शिविरों से प्राप्त होने वाले आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गोयल द्वारा चयनित सहकारी समिति में मेडिकल स्थापित किए जाने के काम की प्रगति के बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेने पर बताया गया कि अनुमति की प्रकिया पूर्ण हो चुकी है। इसके पश्चात सॉफ्टवेयर अपडेशन और ऑर्डर प्लेसमेंट का काम बाकी रह गया है। कलेक्टर श्री गोयल ने अगले टीएल से पहले दवा दुकान प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने समाज कल्याण विभाग के पेंशनधारियों के डीबीटी और आधार सीडिंग अपडेशन के बारे में जनपद पंचायत और नगरीय निकाय वार जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अभी प्राप्त होने वाले सभी आवेदन डीबीटी और आधार सीडिंग के साथ भरे जाएं। साथ ही पूर्व के आवेदनों को भी शत- प्रतिशत डीबीटी के लिए अपडेट किया जाए। महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री गोयल ने पूरक पोषण आहार के तहत टेक होम राशन और गर्म तैयार खाने के वितरण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने लैलूंगा और मुकडेगा में विशेष रूप से ध्यान देते हुए पूरे जिले में आंगनबाड़ी से दोनों योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला अस्पताल में निर्मित टीबी वार्ड के भवन में सारा काम पूरा करते हुए हैंडओवर की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री गोयल ने राशन कार्ड धारियों के ई-केवाईसी की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ई केवाईसी अपडेशन में तेजी लाने की आवश्यकता है, खासकर नगरीय निकायों में इस ओर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। उन्होंने खाद्य विभाग के साथ सभी एसडीएम और सीएमओ से कहा कि जिनका अपडेशन छूट गया है उनसे डोर टू डोर सर्वे कर ई केवाईसी का काम पूरा करें। इसी के साथ उन्होंने पीडीएस बारदाना जमा किए जाने में भी तेजी लाए जाने की बात कही। कलेक्टर श्री गोयल ने शत-प्रतिशत पीडीएस दुकानों के ऑनलाइन संचालन के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### शत प्रतिशत विशेष पिछड़ी जनजाति को जोड़ें पीएम जनमन से

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर की शत-प्रतिशत जनसंख्या को पीएम जनमन योजना से जोड़ा जाए। उनके आधार कार्ड, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनने के साथ सभी योजनाओं से मिलने वाली सहायता का लाभ मिलना चाहिए। विशेष पिछड़ी जनजाति वाली बसाहटों में अधोसंरचना विकास के कामों को तेजी से मंजूरी देने के साथ पूरा किया जाए।

### ओवर हेड टंकियों की पूर्णता पर दें जोर

जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री गोयल ने ईई पीएचई से कहा कि ओवर हेड टैंक और जल स्त्रोत के शेष कार्य को जल्द पूरा कराएं। इसकी हर सप्ताह समीक्षा की जायेगी।

# प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से एक सुंदर राखी बनाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नवापारा राजिम, 21 अगस्त।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जंवईबांधा मे छात्र-छात्राओ की राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमे बच्चों द्वारा अपने हाथों से एक से बढकर एक व अनोखी राखियां बनाई गई थीं।राखी बनाओ प्रतियोगिता मे मुख्य अतिथि के रूप मे सुशीला सोनकला द्वारा अपने उदबोधन मे बच्चों को विपरीत परिस्थितियों मे भी धैर्य नही खोने व जमकर मुकाबला (संघर्ष) करने के लिए प्रेरित किया.उन्होंने अपने जीवन के संघर्ष को बताया कि उनके व उनके पति स्वर्गीय नोहर राम सोनकला द्वारा अपने बच्चों को संघर्ष करके पढ़ाया लिखाया व आज उनके दोनो बच्चे शासकीय नौकरी मे है।उनके द्वारा ÷भारत देश हमारा प्राणो से प्यारा, इसी मे गंगा, जमुना÷ गीत गाकर बच्चों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करते हुए अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया,जिसस? गांव,समाज, देश का नाम रोशन कर सके।वहीं मुख्य अतिथि सुशीला सोनकला द्वारा राखी बनाओ प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जय कुमार साहू, द्वितीय भूमिका साहू व गौरी, तृतीय प्रतिभा साहू,वोमेश साहू व मुस्कान को प्रोत्साहन राशि देकर पुरुस्कृत किया गया। तत्पश्चात प्रधान पाठक ओमप्रकाश सोनकला द्वारा भी भूमिका साहू द्वारा प्रकृति से फूल व पत्तियों से बनाई गई अनोखी राखी के लिए राशि देकर उत्साहित किया।इस अवसर पर अंजूलता गिलहरे शिक्षिका,चेतन लाल साहू शिक्षक,मेधावी सोनकला छात्र अध्यापक सहित पालकगण उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अंजूलता गिलहरे ने किया.

## प्राचार्य ने कहा, संस्था की भूमि अधिकारी बोले बिक गई है जमीन

**रायगढ़, 21 अगस्त।** जिले में राजस्व मामलों में गड़बड़ी और अनियमितता को लेकर धरमजयगढ़ क्षेत्र की अनाधिकारिक रैंकिंग टॉप पर है। यहां के राजस्व प्रकरणों का इतिहास मृतकों के नाम पर जमीन बेचने, नक्शा छेड़खानी जैसे कई अनगिनत मामलों से भरा पड़ा है। विभाग के हाल के हालात भी बहुत बेहतर नजर नहीं आ रहे हैं। बल्कि स्टेट में नए सरकार के गठन के साथ अधिकारियों को अपनी मानसिकता बदलने की कई ताकीद के बावजूद भी विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली आशाओं के विपरीत नजर आ रही है। जिसमें जिम्मेदार बेखौफ होकर अपने विधि विपरीत कारनामों को अंजाम दे रहे हैं। सरकारी कारिंदों के इस साहस के पीछे स्थानीय राजनीतिक हस्तक्षेप से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# 22 अगस्त को सीएम व शिक्षा सचिव के नाम से सभी जिले में कलेक्टर को सौपेंगे मांग पत्र

**फिंगेश्वर, 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, शालेय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे, सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा, नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास राजपूत ने बैठक कर युक्तियुक्तकरण, ऑनलाइन अवकाश के विसंगति का तीव्र विरोध करने का निर्णय लिया है, इसके लिए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया है, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष समान भूमिका में प्रदेश संयोजक होंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा ने बताया कि 2008 के सेटअप के अनुसार युक्तियुक्तकरण नीति नही है, इसमे न्यूनतम छात्र संख्या वाले प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में 1-1 शिक्षक संख्या कम कर सेटअप को ही बदल दिया गया है.आखिर शिक्षा विभाग अपनी रीढ़ सेटअप को कैसे बदल सकता है, इससे बालक व पालक को शाला में कम शिक्षक उपलब्ध होगा जिसका सीधा असर शिक्षा के गुणवत्ता पर पड़ेगा.छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा,प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू, प्रदेश सहसचिव विनोद सिन्हा, प्रदेश संयुक्त मंत्री सचिन यशवंत बघेल जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर जिला संयोजक भुवन यदु,उपाध्यक्ष घनश्याम दिवाकर टिकेंद्र यदु,जमशीर कुरैशी,ब्लॉक अध्यक्ष हुलस साहू,जितेंद्र सोनवानी, संतोष साहू, गोविंद पटेल, धवलेश्वर बेहरा नंदकुमार रामटेके,सुरेश केला,सलीम मेमन, संजय यादव, किरण साहू, कमलेज़ बघेल,डगेश्वर ध्रुव,दिनेश्वर साहू, छगन दीवान,रवि अग्रवार, विजयमणी वर्मा,प्रहलाद मेश्राम, दिनेश



निर्मलकर,महिला प्रतिनिधि लता ध्रुव,प्रतिभा सकरिया,ईश्वरी सिन्हा सहित गरियाबंद जिले के शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा है कि शिक्षकों को पदोन्नति के लिए पद नही मिलेंगे और बीएड, डीएड, टेट उत्तीर्ण युवकों के शिक्षक बनने का सपना चकनाचूर होगा,क्योकि तब शाला में शिक्षकों के रिक्त पद ही नही बचेंगे. पदाधिकारियो ने कहा कि 22 अगस्त को मुख्यमंत्री व शिक्षा सचिव के नाम से सभी जिले में कलेक्टर को मांगपत्र सौपेंगे, उन्होंने प्रश्न किया कि सेटअप में भर्ती व पदस्थ शिक्षक आखिर बिना ट्रांसफर हुए अतिशेष क्यो होंगे, उन्होंने आरोप लगाया कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्रायमरी व मिडिल स्कूलों में पदों की कटौती की योजना बनाई गई है.युक्तियुक्तकरण नियम सेटअप 2008 का उलंघन है, जिसके कारण शिक्षक हो रहे परेशान - मुख्यमंत्री जी को संज्ञान लेना चाहिए। वहीं विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण को रद्द करने चरणबद्ध आंदोलन घोषित किया गया है जिसमें 22 अगस्त को सभी जिले में कलेक्टर व डीईओ को देंगे ज्ञापन सौंपा जावेगा.23 अगस्त से 28 अगस्त तक मंत्री, संसद व विधायक को ज्ञापन एवं 2 व 3 सितम्बर को सचिव व डीपीआई को ज्ञापन दिया जावेगा.9 सितम्बर को सभी जिला मुख्यालय में विशाल धरना, प्रदर्शन के साथ समयानुसार राजधानी में प्रदर्शन किया जावेगा.वर्तमान युक्तियुक्तकरण वाले पूर्व- माध्यमिक शालाओं में जिनकी दर्ज संख्या 105 या उससे कम है वहां एक प्रधान पाठक एवं तीन शिक्षक पदस्थ करने का नियम बनाया गया है, इसके अतिरिक्त पदस्थ शिक्षक अतिशेष माने जायेंगे। जबकि 2008 के सेटअप जो वर्तमान में लागू है, में न्यूनतम छात्र संख्या पर 1 प्रधान पाठक एवं 4 शिक्षक पदस्थ करने का नियम बनाया गया था, और इसी के आधार पर भर्ती व पदोन्नति विभाग द्वारा की गई है, 1 पद घटाने से एक शिक्षक तो स्वमेव अतिशेष हो जाएंगे इसीलिए यह नियम व्यवहारिक नही है। 2008 के सेटअप में प्राथमिक शाला में न्यूनतम छात्र संख्या पर 1 प्रधान पाठक व 2 सहायक शिक्षक का पद स्वीकृत किया गया था वर्तमान में 1 पद कम कर दिया गया है,यहाँ भी 1 शिक्षक स्वमेव अतिशेष होंगे, यह नियम अव्यहारिक है तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लंघन है।प्राथमिक स्कूलों का मिडिल स्कूलों में युक्तियुक्तकरण से प्राथमिक विद्यालय के प्रधानपाठक का पोस्ट ही समाप्त करने की साजिश है, यदि मिडिल और हाई स्कूल को युक्तियुक्तकरण करने से मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक के अधिकार में कटौती होगी उसका कोई स्वतंत्र अस्तित्व ही नही रह पायेगा।प्रधान पाठक का पद समाप्त करने वाला इस युक्तियुक्त करण नियम से सहायक शिक्षक व शिक्षक की पदोन्नति 50त्न तक कम होगी.इससे शिक्षकों के पदोन्नति के अवसर कम होंगे जो पूर्णतः अनुचित है। बालवाड़ी संचालित स्कूलों में बालवाड़ी 1 व प्राथमिक 5 कुल 6 कक्षा का संचालन 2 शिक्षकों से कैसे संभव है? 2 अगस्त 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण नियम से शाला में पदों की संख्या कम किया गया है.इससे नई भर्ती नही होने से प्रशिक्षित बेरोजगारों के साथ अन्याय होगा? शिक्षा विभाग के सेटअप के विपरीत युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को अपनाया जाना न्यायपूर्ण नही है, एक ही परिसर में उच्चत्तर शाला में निचले शाला को मर्ज करना स्वतंत्र शाला के नियंत्रण व शिक्षण व्यवस्था पर विपरीत असर डालेगा, प्रधान पाठक उच्च शाला के अधीन मर्ज होंगे इस प्रकार से इन पदों को समाप्त करने की रणनीति गलत है, प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला में न्यूनतम शिक्षक संख्या घटाया गया है इससे इन शालाओ के शिक्षण स्तर में गिरावट आएगा,पूरी युक्तिकरण की नीति में विसंगतिया है जो गंभीर आपत्तिजनक है।

# दो मासूम बच्चों की डबरी में डूबने से मौत, माता-पिता सदमे में गांव में शोक



**बीजापुर,21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के ग्राम दुगोली के बीचपारा में डबरी में डूबकर दो मासूमों की मौत हो गयी है। दोनों बच्चे अपने परिजनों के साथ खेत गए थे, तभी वो खेलते वक्त घर के पास बनी डबरी में डूब गए। दोनों बच्चों की मौत से घर में मातम पसर गया है और परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार को दुगोली गांव के बीच पारा में दो मासूम बच्चे पदमा तेलम पिता लखमू तेलम 6 वर्ष, रंजना तेलम पिता रंजित तेलम 6 वर्ष के दो मासूम बच्चो की डबरी में डूबकर की मौत हो गयी है। घटना दोपहर एक बजे की है।बताया जा रहा है कि, परिजन बच्चो को अपने साथ खेत ले गये थे। उसके बाद परिजन कृषक कार्य में व्यस्त हो गये। इसी बीच दोनों खेत से खेलते- खेलते घर के पास बने डबरी के पास चले गए। जिसमें डूबकर दोनों मासूम बच्चों की मौत हो गयी।

**अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों को किया मृत घोषित** –बच्चों की मौत पर उनके परिजन रंजित तेलम ने बताया कि, दोनों बच्चो अपने साथ खेत ले गये थे, खेती कार्य में हम लोग व्यस्थ हो गये। कुछ देर बाद बच्चे खेत में दिखाई नहीं दिए। उसके बाद हम लोग बच्चो को ढूढंते हुऐ खेत से घर की ओर पहुंचे। तब अपने घर के पास बने डबरी में बच्चे डुबे दिखाई दिये। किसी तरह से दोनों बच्चों को डबरी से निकाला गया। जिसके बाद तत्काल बच्चों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली,पुनरीक्षण के लिए नोडल एंव सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर,21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी नगरपालिकाओं तथ त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 संपन्न कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली/पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया जाना है, निर्वाचक नामावली शुद्ध एवं त्रुटि रहित बने इसके लिए नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली को तैयार करने एवं मतदान प्रक्रिया को सरलता से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार अभियान योजना बनाई गई है। मतदाता जागरुकता अभियान जागव-बोटर ''जाबो'' कार्यक्रम के तहत निर्वाचक नामावली का प्रचार-प्रसार सार्वजनिक स्थानों पर किये जाने हेतु श्री हेमन्त रमेश नंदनवार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर को नोडल अधिकारी एवं नगरपालिका परिषद बीजापुर जाबों कार्यक्रम के लिए श्री व्ही.के.एस. पॉल मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है इसी प्रकार नगर पंचायत भोपालपटनम के लिए श्री दिनेश कुमार कोसरिया सीएमओ भोपालपटनम्, नगर पंचायत भैरमगढ़ के लिए श्री विकास पाटले सीएमओ भैरमगढ़, जनपद पंचायत बीजापुर के लिए श्री गीत कुमार सिन्हा मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीजापुर, जनपद पंचायत भोपालपटनम के लिए श्री दिलीप उईके मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपालपटनम, जनपद पंचायत भैरमगढ़ के लिए श्री आर. के. आर्या मुख्य कार्यपालन अधिकारी भैरमगढ़ एवं जनपद पंचायत उसूर के लिए श्री प्रभाकर कुमार चन्द्राकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी उसूर को मतदाता जागरुकता अभियान जागव बोटर ''जाबो'' कार्यक्रम के तहत निर्वाचक नामावली का प्रचार-प्रसार सार्वजनिक स्थानों पर किये जाने के लिए सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## 29 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**बीजापुर,21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम अंतर्गत बीजापुर जिले में 29 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन समस्त विकासखण्डों के शासकीय-अशासकीय शिक्षा संस्थानों,अनुदान प्राप्त शिक्षा संस्थानों, निजी शिक्षा संस्थानों,आंगनबाड़ी केन्द्रों,महाविद्यालयों,मदरसों, तकनीकी शिक्षा संस्थाओं के माध्यम से 01 से 19 वर्ष तक के समस्त छात्र-छात्राओं एवं शाला त्यागी किशोर-किशोरियों को कृमिनाशक दवा (एल्वेंडाजॉल)सेवन कराया जायेगा, ताकि छात्र-छात्राओं एवं शालात्यागी किशोर-किशोरियों का स्वास्थ्य, पोषण एवं रक्तअल्पता की स्तर में कमियों को दूर किया जा सके एवं साथ ही बौद्धिक विकास तथा शाला के उपस्थिति में सुधार हो सके। 04 सितंबर 2024 को इसका मॉपअप राउंड होगा, जिसमें छूटे हुए बच्चों को दवा का सेवन कराया जायेगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जायेगा।

## नगर पालिका-पंचायतों की आबंटित दुकानों का दुरुपयोग करने पर होगी बेदखली की कार्रवाई

**बीजापुर,21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासन द्वारा विभिन्न योजनाओ के तहत दुकाने उपलब्धता के आधार पर पात्रतानुसार हितग्राहियों को आबंटित की जाती है, ताकि शासन की योजना से लाभांवित हो सके दुकान आबंटन हेतु रिक्त दुकानों के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था भी की जाती है।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने बताया कि कई संगठनों/व्यक्तियों द्वारा शिकायत मिल रही है कि आबंटित व्यक्तियों द्वारा स्वयं दुकान का संचालन नही किया जा रहा है बल्कि अन्य लोगों को अधिक दर पर किराए में दुकान दी जा रहीं है। वही इनके द्वारा शासकीय बकाया भी है जो अभी लगभग रु 40 लाख रुपए हो चुका है। यह कृत्य शासन के मूल भावना एवं अनुबंध की शर्तों के विरूद्ध है।अतः बीजापुर जिले में आबंटित दुकानों को किसी अन्य व्यक्तियों द्वारा उपयोग किए जाने पर लोक परिसर बेदखली अधिनियम तथा आरसीसी के तहत कार्रवाई की जाएगी तत्पश्चात रिक्त दुकाने को उसी वर्ग के अन्य अभ्यर्थी को नियमानुसार आबंटित की जाएगी।

# रक्षाबंधन पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी



कसडोल। त्यौहारों का देश है दिवाली , होली , दशहरा और रक्षा-बंधन ! इन त्यौहारों में रक्षाबंधन विशेष रूप से प्रसिद्ध है ! रक्षाबंधन का पर्व भारत के कुछ स्थानों में रक्षा -सूत्र के नाम से भी जाना जाता है ! प्राचीन काल से यह पर्व भाई-बहन के निश्चल स्नेह के प्रतीक के रूप में माना जाता है ! भाई बहन के अटूट प्रेम के त्यौहार के तौर पर जाना जाने वाला रक्षाबंधन सोमवार को कसडोल क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया ! क्षेत्र में भाई-बहन के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन को लेकर बाजार में पूरे दिन चहल-पहल और रौनक देखने को मिली ! हर दुकानों पर रंग- बिरंगी राखियां खरीदने के लिए कसडोल नगर के साथ ही आसपास के गांवों से भी महिलाएं अपने भाइयों के लिए राखियां खरीदने बाजार में पहुंची थी ! राखी व्यापारियों ने बतलाया कि महिलाओं को गणेश , शिव , स्वास्तिक मोती , रुद्राक्ष , का नाम लिखा हुआ व सोने -चांदी से बनी राखियां पसंद आई ! कसडोल क्षेत्र की बहनों एवं ग्रामीणों ने अपने विचार साझा करते हुए बतलाया कि हमारे पर्व , हमारी लोक परंपराओं को जीवित रखते हैं ! रक्षाबंधन का त्यौहार हमें सिखाता है कि हमें एक दूसरे की सुरक्षा व सम्मान के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए! रक्षाबंधन का त्योहार पारिवारिक एकता को बढ़ावा देता है और भाइयों और बहनों के बीच के रिश्ते को और भी मजबूत बनाता है ! आज के समय में जब समाज में कई बदलाव हो रहे हैं और पारिवारिक ढांचे में भी परिवर्तन हो रहा है ,रक्षाबंधन की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है ! यह त्यौहार हमें अपने मूल्यों और संस्कृतियों की याद दिलाता है ! रक्षाबंधन पर रक्षा सूत्र बांधने की हमारी परंपरा , सदियों से चली आ रही है ! रक्षा-बंधन का पर्व सभी भाइयों और बहनों को समर्पित है ! सभी एक -दूसरे के प्रति प्रेम , कर्तव्य और रक्षा का दायित्व ले और यही सोच के साथ एक दूसरे के हितैषी बनें ! रिश्तों की अहमियत का नया अध्याय शुरू करें और नई पीढ़ी को भावनात्मक पहलूओं से अवगत करायें ताकि समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण हो ! रक्षाबंधन का इतिहास बहुत पुराना है और इसके पीछे कई पौराणिक कथाएं और ऐतिहासिक घटनाएं जुड़ी हुई है ! पौराणिक कथा के अनुसार महाभारत काल में शिशुपाल का वध करने के बाद जब श्री कृष्ण की उंगली पर सुदर्शन चक्र वापस बैठने के लिए लौटा तो श्री कृष्ण की कलाई पर चोट लग गई ! ऐसे में द्रौपदी ने तुरंत साड़ी का पल्लू फाड़कर श्री कृष्ण जी की कलाई पर बांध दिया ! इस प्रकार रक्षाबंधन की शुरुआत हुई ! इस बार भाई बहन के पवित्र रिश्ते रक्षाबंधन में भद्रा का साया रहने से दोपहर एक बजकर तीस मिनट तक हजारों भाइयों की कलाइयों पर राखियां नहीं बंधी थी ! एक बजकर तीस मिनट के बाद रक्षाबंधन का जैसे ही शुभ- मुहूर्त प्रारंभ हुआ ! शहर में वातावरण पर्व का बन गया ...घर -घर बहनों नें अपने -अपने भाइयों की कलाइयों में तरह-तरह रंग-बिरंगी राखियां लेकर बांधने पहुंचने लगी ! बहनों द्वारा अपने भाइयों की कलाइयों में राखी बांधकर रक्षा करने का वचन लिया गया ! यातायात में अनेक जगहों पर जाम की स्थिति से लोगों को जूझना पड़ा ! रक्षा-बंधन के चलते तमाम छोटे- बड़े मिष्ठान दुकानों में जमकर मिठाइयों की बिक्री हुआ !

## एक नजर

### शराब कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 21 अगस्त।** ऑपरेशन विश्वास के तहत पुलिस सहायता केन्द्र निपनिया द्वारा शांति भंग करने वाले असमाजिक तत्वों, जुआ, शराब, सट्टा आदि अनैतिक कार्यों में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 20.08.2024 को मुखबिर सूचना पर सहायता केंद्र निपनिया से उपनिरी किशन कुम्भकार, प्र.आर युगल वर्मा, रमेश मिश्रा एवं पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही कर ग्राम मोपका में विभिन्न प्रकार के केमिकल एवं अन्य पदार्थों का प्रयोग करते हुए, नकली शराब बनाकर बेचने वाले आरोपी झावेंद्र उर्फ शेरू को पकडा गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से ?30,000 कीमत मूल्य का 40 पाव देशी मसाला नकली शराब जप्त किया गया। साथ ही पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी से नकली शराब बनाने में इस्तेमाल 15 लीटर स्प्रिट और रंगीन युक्त केमिकल, 400 नग खाली शीशी, 100 नग ढक्कन एंव एक मोबाइल जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस सहायता केंद्र निपनिया, थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर, मेमोरेंडम कथन लिया गया, जिसके आधार पर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए नकली शराब बनाने का निर्माण करने में एक अन्य आरोपी का भी शामिल होना पाया गया है, जो कि अभी फरार है, जिसकी सरगर्मी से पता तलाश जारी है। आरोपी- झावेन्द्र उर्फ शेरू उम्र 35 साल निवासी ग्राम मोपका पुलिस सहायता केंद्र निपनिया, थाना भाटापारा ग्रामीण।

### धोखाधड़ी की लिखाई रिपोर्ट

**तिल्दा नेवरा 21 अगस्त।** विकास मैटेलिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड के मालिकों के खिलाफ तिल्दा नेवरा पुलिस में रिपोर्ट की जानकारी मिली है भिलाई के व्यापारी संदीप अग्रवाल ने उक्त कम्पनी के डायरेक्टर और अन्य पर धोखा धडी का मामले की रिपोर्ट लिखाई और बयान में बताया की जून 2022में उमेश शर्मा मनोज शर्मा लक्ष्मी शर्मा ने 29करोड़ रुपए कम्पनी में निवेश करने और पार्टनर बनाने के आफर दे कर रकम निवेश करवाई और पिछले वर्षो से प्रार्थी जब कमीशन और अन्य मुनाफे की मांग की तो उसे घुमाते रहे किसी तरह का कम्पनी में कोई फायदा नही होने पर मालिकों से संपर्क सादा गया शेयर माग की गई तो तीनों शर्मा बंधु घुमाते रहे इसके बाद प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई लगातार की जा रही

**बलौदाबाजार 21 अगस्त।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 19.08.2024 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 07 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 07 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।



### जन्माष्टमी पर्व पर कोलाहल अधिनियम का ना हो उल्लंघन:कलेक्टर

**धमतरी 21 अगस्त।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में ली। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन और समय सीमा के लंबित प्रकरणों की बारी-बारी से विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते समय गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण एक सप्ताह के भीतर किया जाए, जिसकी मॉनिटरिंग राज्य स्तर पर की जाएगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, वनमण्डलाधिकारी श्री श्रीकृष्ण जाधव, अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वाले ग्रामों के बसाहटों में घरेलू स्तर पर योजनाओं जैसे-पीएम आवास योजना, हर घर जल, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला इत्यादि योजनाओं से शत्-प्रतिशत लाभान्वितों का परिवारवार विस्तृत डाटा एकत्र करने का कार्य ऑनलाईन मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए संबंधित एसडीएम को विशेष रूचि लेकर समझने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। इसके लिए उन्होंने प्रशिक्षण आयोजित करने भी कहा है। कलेक्टर ने बैठक में जिले में किए गए वृक्षारोपण की

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं आम लोगों की समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,21 अगस्त।** जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने आम लोगों की समस्याओं, शिकायतों को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथा शीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर दीप्ति गौते,सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे। जनदर्शन में ग्राम केसदा के ग्रामीणों ने गांव में विकास कार्य कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कलेक्टर बलौदाबाजार जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए समय सीमा में प्रकरण को निराकरण करने कहा है। इसी तरह ग्राम बलौदाबाज़ार नगर के बनऊ राम कुर्रे ने वृद्धा पेंशन नही मिलने को शिकायत दर्ज कराई जिस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को जांच कर समय सीमा के भीतर प्रकरण को निराकरण करने निर्देश दिए है। इसी तरह ग्राम करदा के ग्रामीण द्वारा सरपंच महेश साहू के विरुद्ध 15 वी वित्त के राशि का दुरुपयोग संबधित आवेदन प्रस्तुत किए जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा है। इसके अलावा जनदर्शन में स्वास्थ्य उपचार ,नए राशन कार्ड निर्माण,रोजगार की मांग,सड़क नाली निर्माण, आईअतिक्रमण हटाने, मुआवजा दिलवाने,सीमांकन कराने जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री जनदर्शन के आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण करें: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,21 अगस्त।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन अंतर्गत विभागों को प्राप्त आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण समय- सीमा में करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने केंद्र एवं राज्य शासन के महत्वकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा करते हुए जरुरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत हर- घर जल की प्रगति की समीक्षा करते हुए जल स्त्रोत चयन के लिए शेष 171 स्थलों का शीघ्र चयन करने तथा जिन ग्रामो में शतप्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है उनमे सहकारी समिति के माध्यम से संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में शुरू किये गए नवाचारी कार्यक्रम संपर्क के माध्यम से लोगों द्वारा बताए गए समस्याओं की जानकारी लेने तथा निराकरण की जानकारी उसी माध्यम से देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फ़ोन से प्राप्त समस्या को सम्बंधित विभाग को तत्काल सूचित करें। कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना के तहत वशेष पिछडी जनजाति के लोगों को शासन की योजनाओं से शतप्रतिशत लाभान्वित करने कहा। उन्होंने बल्दाकच्छार और औराई के विशेष पिछडी जनजाति कमार परिवारों के सदस्यों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने अभियान चलाने के निर्देश दिए। राज्य शासन के निर्देशानुसार स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा मर्ज किये जाने वाले स्कूलों की जानकारी समय पर जिला कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर जनदर्शन,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निराकरण के साथ ही आयुष्मान भारत,पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना,किसान क्रेडिट कार्ड,पीएम पोषण अभियान, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना,पीएम जीवन ज्योति योजना,सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना, इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्नमूलन, वन अधिकार पट्टा व्यक्तिगत एवं सामूहिक,वन धन केंद्र,पीएम स्वनिधि योजना,पीएम विश्वकर्मा योजना,पीएम मुद्रा लोन योजना,स्टार्टअप इंडिया,पीएम आवास योजना (शहरीय),स्वच्छ भारत अभियान (शहरीय) पीएम जन औषधि केंद्र,पीएम सौभाग्य योजना की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,सभी एसडीएम,तहसीलदार, जनपद सीईओ,सीएमओ एवं विभिन्न विभागों क़े जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 21 अगस्त।** प्रार्थी द्वारा दिनांक 09.03.2024 को थाना सिटी कोतवाली में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि इसकी नाबालिक पुत्री दिनांक 09.03.2024 के सुबह 09.00 बजे लगभग घर में किसी को बिना बताए कहीं चली गई है। आसपास पता तलाश करने पर नहीं मिल रही है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में गुम इंसान तथा अपराध धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा गुम इंसान पतासाजी की कार्यवाही करते हुए गुम बालिका को आदित्य इंडस्ट्रीज हैदराबाद तेलंगाना से खोजबीन कर बरामद किया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी शरद द्वारा घटना दिनांक से बहला फुसलाकर हैदराबाद तेलंगाना ले जाना एवं वहां घटना दिनांक से लगातार दुष्कर्म करना बताया गया। नाबालिक बालिका के कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 366,376 भादवि एवं 04,06 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई है। पुलिस द्वारा आरोपी शरद उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम कोकडी थाना सिटी कोतवाली को आज दिनांक 20.08.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की

## ब्रह्माकुमारी बहनें रक्षाबंधन पर भाइयों से बुरी आदतें छोड़ने का वचन लेती हैः रूप सिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा 21 अगस्त।** भाई बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षा बंधन का पवित्र पर्व अंचल मे हर्शोल्लास पूर्ण माहौल मे मनाया गया।ग्राम खड़मा के ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओम शाँति भवन मे रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजन किया गया ।जहां प्रातःसात बजे से लोगों का आवा-जाही लगा रहा।क्षेत्र के युवा सामाजिक कार्यकर्ता रूप सिंग साहू,जनपद सदस्य नीलकंठ ठाकुर, पुर्व जनपद उपाध्यक्ष अवध राम साहू,सरपंच हेमलाल नेताम, विभिन्न समाज प्रमुख त्रिलोचन साहू,देवापी सोनी,गोविंद यादव,अघण सिह ठाकुर,साधू राम निषाद,जागेश्वर ध्रुव,प्रमोद शर्मा, नारायण निषाद, सहित क्षेत्रिय सामाजिक,व राजनैतिक कार्यकर्ता,की उपस्थिती व गरिमा मय माहौल मे सेवा केन्द्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने भारतीय संसकृति मे रक्षा बंधन की परम्परा एवं उद्देश्य बताते हुए सभी को तिलक दे कलाईयो मे रक्षा-सूत्र बांध मुख मीठा कराई।दीदी ने कहा कि त्योहारों में जब संगठन में सत्संग करते, ईश्वरीय परिवार से मिलते हैं तो हमारे अंदर नवचेतना का संचार होता है। इसके साथ ही अंदर की सुषुप्त शक्तियां जागृत हो जाती हैं। कभी- कभी कोई साधक आलस्यवश अज्ञानता रूपी कुंभकरण की नींद में सोने लग जाते हैं। तब ऐसे में इन त्योहारों से पुनः जागरण का संकल्प आ जाता है। सामाजिक कार्यकर्ता रूप सिंग साहू ने रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि रक्षाबंधन दो शब्दों से मिलकर बना है, रक्षा और बंधन। इस बंधन में बहन-अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है और भाई अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता है। उन्होंने कहा कि आज धीरे-धीरे इस प्यार के बंधन के मायने ही बदल गए हैं, लेकिन ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर बदले में महंगे उपहार न लेकर केवल मात्र भाइयों की जीवन से बुरी आदतें छोड़ने का वचन लेती हैं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन एक पवित्र त्योहार है। भाई और बहन के पवित्र रिश्ते का नाम रक्षाबंधन है।

### बड़ी संख्या में समाज के जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

## 24 अगस्त को होगा सतनामी समाज का महासम्मेलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा 21 अगस्त।** सतनामी समाज धमतरी द्वारा जिले में प्रदेश स्तरीय सतनामी महासम्मेलन का आयोजन 24 अगस्त को किया जा रहा है।उक्त आयोजन में सतनामी समाज के गुरु बालदास साहेब के नेतृत्व में प्रदेश के हजारों सामाजिक कार्यकर्ता धमतरी मे जुटेंगे।इस हेतु गुरु वंशजों,सामाजिक विधायक,मंत्री,विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्षों,समाज के सामाजिक चिंतक,प्रखर वक्ताओं को आमंत्रित करने का दौर अंतिम चरण पर है। जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने बताया कि आयोजित महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए गुरु बालदास साहेब,गुरु खुशवंत साहेब,गुरु रुद्र कुमार, सहित सभी गुरु वंशजों को आमंत्रित किया गया है साथ ही अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा,बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे,पूर्व मंत्री डॉ.शिव डहरिया,धमतरी जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी जैसे समाज के जनप्रतिनिधियों को समाज के एक मंच पर लाने के लिए वह स्वयं पहुंचकर उन्हे आमंत्रित किया है।इसके अलावा समाज के विभिन्न सामाजिक संगठन के पदाधिकारीयों को भी न्योता भेजा गया है।उन्होंने बताया कि सम्मेलन में शामिल होने वाले समस्त लोगों के लिए भोजन एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था रहेगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष कपिल देशलहरे, सलाहकार डा सुरेन्द्र कुर्रे,रमेश लहरे, राजा बंजारे,दीपचंद भारती,प्रधान संचालक इतवारी गावस्कर,उपाध्यक्ष विजय सोनवानी,भुवन गायकवाड़,महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मी घृतलहरे,संगठक मंत्री मोहन जांगड़े, महासचिव चंद्र कुमार बंजारे,सचिव मणीकांत जोशी,कोषाध्यक्ष दीपचंद भारती, संचालक मंडल से नरेश कुमार बघेल,फग्गू लहरे,चंद्र प्रकाश पाटले,शहर अध्यक्ष अमर दास बंजारे,शहर सचिव टिकेश्वरी बंशाली,प्रबंध कार्यकारिणी भगत मार्कण्डेय,सुंदर लाल सोनवानी, गंगा राम देशलहरा,मीडिया प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश रात्रे,मीडिया प्रभारी प्रीतम टंडन,अधिवक्ता प्रकोष्ठ शिव कोसरे,युवा अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय,भखारा ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण कोसरे,परिक्षेत्र अध्यक्ष सोनू राम ढीढी, कोषाध्यक्ष बलीराम कोरिया, ग्रामीण अध्यक्ष अशोक चंदेल, ब्लाक सचिव परमेश्वर जांगड़े,भेंड्रा परिक्षेत्र अध्यक्ष जीतेंद्र जांगड़े,मगरलोड अध्यक्ष तोरण अनेश्वरी,सचिव हीरालाल बघेल,धमतरी ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र भारती, सचिव भगवान सिंह सोनवानी,कुरूद अध्यक्ष रामकुमार बंजारे,सचिव राजकुमार टंडन सहित समाजजन तैयारी में जुटे हुए है।

## समाचार संक्षेप

### अतिक्रमण हटाने पहुंची राजस्व टीम के बिना कार्रवाई लौटने से ग्रामीण में आक्रोश




**भखारा 21 अगस्त।** ग्राम पंचायत चर्रा में दो व्यक्तियों ने अतिक्रमण कर मकान बना लिया है जिसकी पूर्व में कई शिकायत होने के बाद उक्त व्यक्तियों की काबिज भूमि को बेदखल करने के लिए तहसीलदार कुरुद द्वारा पुलिस बल व राजस्व अमला सहित अतिक्रमण हटाने हेतु निर्धारित तिथि शनिवार 17 अगस्त को पहुंची थी जिसमें काबिज भूमि व भवन की बेदखली के लिए तहसीलदार,पुलिस बल व राजस्व अमला सहित पंचायत बॉडी मौजूद रहे लेकिन अतिक्रमण में कार्रवाई नही हुई जिससे ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगे इस संबंध में ग्रामीणो का कहना है कि राजनीतिक दबाव के कारण कार्रवाई नही हुई राजस्व विभाग की टीम अतिक्रमण करने वालो की पक्षपाती व संरक्षण देने का कार्य कर रहे है इसलिए राजस्व विभाग व पुलिस बल की टीम बिना कार्रवाई किये वापस लौट गए ग्रामीणों ने आगे बताया कि यदि अतिक्रमणकारी से कब्जा नहीं हटाया गया तो इस मामले में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर शिकायत की जाएगी और अतिक्रमणकारियों को संरक्षण देने वाले अधिकारियों का स्थानांतरण की मांग भी की जाएगी!

### बहनों ने राखी भाइयों की खुशहाली की कामना की



**भखारा 21 अगस्त।** ग्राम सुपेला में भाई और बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया गया। भद्रा के साया के बीच शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों की कलाइयों में रक्षा सूत्र बांधकर अपनी रक्षा का वचन लिया और तिलक वंदन करते हुए मिठाई खिलाकर अपने भाइयों की खुशहाली की कामना की। बाजारों में मिठाईयां और राखी की खरीददारी के लिए काफी भीड़ रही। वहीं भाइयों ने अपनी बहनों को गिफ्ट देने के लिए खरीददारी की। परिवार में मनभावन वातावरण रहा। इस अवसर पर दिग्विजयसिंह ने बताया कि मान्यताओं के अनुसार रक्षाबंधन का पर्व हर साल सावन मास की पूर्णिमा तिथि के दिन मनाया जाता है। यह त्यौहार भाई और बहन के द्वारा मनाए जानें वाला सबसे पवित्र पर्व माना जाता है। इसे मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। हिंदू धर्म में इसका खास महत्व माना गया है। ये पर्व भाई- बहन के पवित्र संबंध को समर्पित पर्व है। रक्षा बंधन के दिन बहने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनसे अपनी सुरक्षा का वादा लेती है। बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनकी लंबी उम्र की कामना भगवान से करती हैं और भाई भी अपनी बहन की रक्षा का वचन लेते हैं और हर कदम पर अपनी बहन का साथ देते हैं। इसके साथ ही भाई अपने सामर्थ्य के अनुसार इस दिन बहन को उपहार भी देते हैं। इस अवसर पर ताम्रध्वज साहू,विनायक साहू,कुलदीप साहू,दिग्विजयसिंह,युगल किशोर साहू,झानेंद्र साहू,समीर साहू,जतीन साहू,गगनदीप साहू,सुग्गु साहू को बहन वेनुप्रभा साहू ने रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षा का वचन लिया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 18 जनवरी को

**धमतरी 21 अगस्त।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन आगामी 18 जनवरी 2025 को किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उक्त चयन परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है और आवेदन भरने की अंतिम तिथि 16 सितम्बर तक है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)सिमगा**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. .................
अ/2 वर्ष 2023-24
वाद भूमि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं.15 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक सनत कुमार देवांगन पिता बृजभूषण निवासी ग्राम सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम सिमगा पहनं. 15 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नंबर 1254/1 रकबा 0.0200 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि खसरा नंबर 1254/1 रकबा 0.0200 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, बी-1 खसरा नक्शा, ले-आऊट की प्रति एवं बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 28/08/2024 तक आपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 05/08/ 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी(रा.)
सिमगा

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202408092200023**

विषय - अ-74 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2023-2024
माटेकटा ( प.ह.न. 00030 ),
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- रमेश कुमार व अन्य,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रमेश कुमार, महेंद्र कुमार आ. सत्यदेव प्रसाद जाति ब्राम्हण सा. माटेकट्टा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम माटेकट्टा प.ह.न. 30 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 186 में ख.न. क्रमशः 482, 536/1 रकबा क्रमशः 0.688, 0.405हे. कुल ख.न. 02 कुल रकबा 1.0930हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में रमेश कुमार, महेंद्र कुमार पिता सत्यदेवप्रसाद जाति ब्राम्हण सा. माटेकट्टा के नाम पर दर्ज है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि / आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.08.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

## एक नजर

### कोमल प्रसाद को मानद उपाधि



**रायपुर 21 अगस्त।** नई दिल्ली के करोल बाग स्थित होटल यस, पी, बी, 87 में 15 अगस्त 2024 को आजादी उत्सव एवम् सम्मान समारोह के मंच से विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के कुलपति डा. संभाजी राजाराम बाविस्कर जी के द्वारा रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के श्री कोमल प्रसाद राठौर जी, सेवानिवृत, कक्ष अधिकारी, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को उनके अनवरत सुदीर्घ साहित्य सेवा के लिए विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि के सम्मान से सम्मानित किया गया।

### देश को अराजकता में झोंकने का षड्यंत्रः शर्मा

**रायपुर 21 अगस्त।** एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ देश भर के विभिन्न संगठनों ने आज यानी 21 अगस्त को 'भारत बंद' का आह्वान किया है. भारत बंद को लेकर छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने विपक्ष पर निशाना साधा है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर विपक्ष की कांग्रेस पार्टी पर कुत्सित राजनीत कर देश को अराजकता में झोंकने का षड्यंक्ष करने का आरोप लगाया है. उन्होंने इस बंद पर सवाल खड़ा करते हुए लिखा कि जब केंद्र सरकार ने अपनी राय स्पष्ट कर दी है - की एससी-एसटी आरक्षण में क्रिमी लेयर लागू नहीं होगा - तब कल 21 अगस्त 2024 को भारत बंद के आह्वान का औचित्य क्या है

### किसना ने जीता सोशल मीडिया कॉन्टेस्ट

**रायपुर 21 अगस्त।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी को प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ सोशल मीडिया कॉन्टेस्ट ऑफ द ईयर 2024 के पुरस्कार से नवाजा गया है। यह सम्मान प्रसिद्ध फ्यूरा रिटेल ज्वैलर इंडिया अवार्ड्स के द्वारा प्रदान किया गया, जो ज्वैलरी उद्योग में उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए आयोजित किया जाता है। इस अद्वितीय सम्मान को किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के निदेशक, श्री पराग शाह द्वारा ग्रहण किया गया। इस मौके पर श्री शाह ने कहा, यह हमारे लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है और यह पुरस्कार हमारी टीम के अथक प्रयासों का परिणाम है। सोशल मीडिया के माध्यम से हमारे ग्राहकों के साथ जुड़ना और उनकी पसंद-नापसंद को समझना हमारे व्यवसाय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस पुरस्कार से हमें और भी प्रेरणा मिली है कि हम अपने ग्राहकों के साथ और बेहतर तरीके से जुड़ें।

### लुका ज़िप्पॉनी सीईओ नियुक्त

**रायपुर 21 अगस्त।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने लुका ज़िप्पॉनी को रोल्ड प्रोडक्ट्स का सीईओ नियुक्त किया है। अपनी इस भूमिका में लुका प्रोडक्ट ग्रुप से संबंधित सभी प्रचालनों की देखरेख और वृद्धि के लिए जिम्मेदार होंगे। ये उत्पाद ऑटोमोटिव, इंसुलेशन, विद्युत परियोजनाओं, इलेक्ट्रिकल, पैकेजिंग इत्यादि उद्योगों में विभिन्न एप्लीकेशंस में इस्तेमाल किए जाते हैं। लुका यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रौद्योगिकी चालित नवाचार का सर्वोत्तम उपयोग हो और ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ उत्पाद उपलब्ध कराए जा सकें, इसके अलावा वेदांता एल्युमीनियम की मार्केट लीडरशिप एवं प्रचालन उत्कृष्टता को बढ़ाने का दायित्व भी लुका ज़िप्पॉनी का रहेगा।

### अब मोबाइल एप से भुगतान

**रायपुर, 21 अगस्त।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने आज वीज़ा और मिंटोक के साथ भागीदारी में मर्चेंट के लिए नियो लॉन्च करने की घोषणा की। यह अत्याधुनिक बैंकिंग समाधानों के साथ व्यवसायों को सशक्त बनाने के प्रति एक्सिस बैंक की प्रतिबद्धता के लिहाज़ से महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अपने उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस, बहुमुखी भुगतान स्वीकृति विकल्पों और बेशकीमती व्यावसायिक अंतर्दृष्टि के साथ, नियो फॉर मर्चेंट्स एप पूरे देश में मर्चेंट के लिए भुगतान परिदृश्य को पुनर्परिभाषित करने के लिए तैयार है।

# रायपुर में गोलीकांड का मुख्य शूटर पंजाब से गिरफ्तार

**रायपुर 21 अगस्त।** राजधानी रायपुर के तेलीबांधा इलाके में हुए गोलीकांड के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. रायपुर पुलिस की टीम ने मुख्य शूटर सागर उर्फ टाइटल (21 वर्ष) को पंजाब के बठिंडा से गिरफ्तार किया है. वहीं उसका साथी अब भी फरार है. आरोपी को क्राइम ब्रांच की टीम गिरफ्तार कर रायपुर पहुंची है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है. इस पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने की संभावना है, जिससे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो सकती है. बता दें कि मामले में अब तक 10 आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस ने पंजाब और झारखंड से की है।

इससे पहले अमन साहू गैंग के पंजाब से अमनदीप सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया था. अमनदीप का झारखंड के अमन साहू गैंग से भी कनेक्शन है. मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी हैंडलर अमनदीप ने ही शूटरों के लिए बाइक और पैसों का इंतजाम किया था. 13 जुलाई को दिन दहाड़े पीआरए ग्रुप के ऑफिस के बाहर बाइक सवार शूटरों ने फायरिंग की थी. पीआरए ग्रुप ने रोड निर्झामाण के लिए झारखंड में 810 करोड़ का ठेका लिया है. उसकी रंगदारी वसूलने की लिए गोली कांड करवाया गया था।



### यह है पूरी घटना

तेलीबांधा थाने के पास स्थित कंट्रक्शन कंपनी पीआरए ग्रुप के ऑफिस के बाहर 13 जुलाई को करीब 11 बजे पल्सर बाइक सवार दो शूटरों ने दफ्तर के बाहर पार्किंग एरिया में फायरिंग की. वहीं फायरिंग की आवाज सुनकर कार में बैठे कारोबारी के ड्राइवर और कर्मचारी घबरा गए और जान बचाकर ऑफिस के अंदर भागे. फायरिंग की आवाज सुनकर सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग में 2 से 3 राउंड गोली चलाई. घटना के बाद नकाबपोश शूटर्स मौके से फरार हो गए. जिसके बाद आरोपियों को पकड़ने पुलिस ने पूरे शहर में नाकेबंदी की. वहीं गोली चलाने वाले युवकों की बाइक छ्॥ 01 छ्रु4692 को तेलीबांधा क्षेत्र से बरामद किया गया. गोलीकांड मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने झारखंड और पंजाब में स्पेशल टीम गठित कर कार्रवाई की. इस कार्रवाई में पुलिस ने दोनों राज्यों से अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



रायपुर 21 अगस्त। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति जोरा, रायपुर के द्वारा सावन संगम का आयोजन किया गया । कॉलोनी की महिला मंडली ने बढ़-चढ़ के आयोजन में हिस्सा लिया तथा सभी के सहयोग एवं भावपूर्ण उपस्थिति से यह कार्यक्रम सफल रहा । भक्तिभाव से सरोबार इस कार्यक्रम के आयोजन एवं संचालन में महिला मंडली ने अहम भूमिका अदा की ।

### रायपुर में ब्यूटी बिजनेस डेज़ इवेंट

**रायपुर,21 अगस्त।** ब्यूटी गैराज प्रोफेशनल, एक सच्चा मेड-इन-इंडिया ब्रांड, जो हेयर केयर इंडस्ट्री को नया आयाम दे रहा है। यह इवेंट सैलून और स्पा मालिकों, स्टार्टअप्स, विक्रेताओं, वितरकों और उद्यमियों के बीच व्यापार को सुविधाजनक बनाने और उन्हें अपने व्यवसाय को अगले स्तर तक ले जाने में मदद करने के लिए प्रसिद्ध है। इस इवेंट का उद्घाटन महेश रवारिया ने किया, जिन्होंने इस अवसर का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी और सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ब्यूटी बिजनेस डेज़ जैसे निजी, ब्यूटी और सैलून मालिक-केंद्रित इवेंट में भाग लेना आकर्षक है।

### योगेश तिवारी को महिलाओं ने बांधी राखी

**रायपुर 21 अगस्त।** बेरला, ब्लॉक के ग्राम नेवनारा चंडी मंदिर में भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक राखी पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम नेवनारा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन व भाजपा नेता योगेश तिवारी के द्वारा किया गया। कुलदेवी चंडी मंदिर नेवनारा में रक्षाबंधन त्यौहार मनाने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र की हजारों महिलाएं शामिल हुई। भाजपा नेता योगेश तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में 7 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुई। महिलाओ ने भाजपा नेता योगेश तिवारी को रक्षा सूत्र बांधकर उपहार प्राप्त किया। कार्यक्रम में शामिल हजारों महिलाओं को साड़ी भेंट की गई।



## बस्तर के पत्रकारों के खिलाफ झूठे मामले को वापस लेने की मांग

**रायपुर 21 अगस्त।** इंडियन जर्नलिस्ट्स यूनियन की आंध्र प्रदेश शाखा एपीयूडब्लूजे प्रतिनिधिमंडल ने आंध्र प्रदेश सरकार की गृह मंत्री श्रीमती वी. अनिता से राज्य सचिवालय, अमरावती में उनके कक्ष में मुलाकात की। यूनियन ने छत्तीसगढ़ के छह पत्रकारों के खिलाफ आंध्र प्रदेश के एएसआर जिले के चिंतूर पुलिस स्टेशन में दायर झूठे मामले को वापस लेने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा है। स्टेट वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन छत्तीसगढ़ के महासचिव विरेंद्र शर्मा ने बताया कि यूनियन नेताओं ने गृह मंत्री को छत्तीसगढ़ के कोंटा थाने में हुए घटनाक्रम के बारे में बताया। यूनियन नेताओं ने मंत्री को आगे बताया कि छत्तीसगढ़ के कोंटा पुलिस थाने के प्रभारी इंस्पेक्टर और चिंतूर एपी के सर्कल इंस्पेक्टर ने आंध्र प्रदेश के चिंतूर पुलिस स्टेशन में पत्रकारों के खिलाफ झूठा गांजा मामला दर्ज करने के लिए मिलीभगत की है। इस मामले में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कोंटा थाने के तत्कालीन प्रभारी अधिकारी सब इंस्पेक्टर को साक्ष्य नष्ट करने के आरोप में निलंबित कर उनके खिलाफ़ प्रकरण दर्ज करके गिरफ्तार कर विभागीय जाँच भी की जा रही है। गृह मंत्री ने यूनियन के केंद्रीय नेताओं की बात ध्यान से सुनी और तुरंत जिला एसपी से बात की। गृह मंत्री ने जिला पुलिस अधिकारी को मामले की दोबारा जांच कर जल्द रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया।



### जागरूकता एवं बचाव अभियान से जुड़े बिगबी

**रायपुर 21 अगस्त।** जीएसके ने आज शिंगल्स के प्रति जागरूकता के लिए नया कैंपेन लॉन्च किया इस कैंपेन में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन एवं प्रतिष्ठित अभिनेता मनोज पाहवा चिकनपॉक्स और शिंगल्स के बीच के वैज्ञानिक संबंधों के बारे में विस्तार से समझाते हुए नजर आएंगे। कैंपेन फिल्मों में शिंगल्स के बारे में चर्चा कर रहे दो दोस्तों के बीच की सामान्य बातचीत को ही केंद्र में रखा गया है। इसमें डायबिटीज से पीड़ित लोगों में शिंगल्स की अधिक आशंका के बारे में भी विमर्श किया गया है। जीएसके की पेशेंट एम्पावरमेंट हेड विज्ञेता अग्रवाल ने कहा 2023 का एपीआई-इप्सॉस सर्वे दिखाता है कि यहां तक कि जिन लोगों को शिंगल्स हो चुका है उन्हें भी अपनी इस दर्दभरी बीमारी का कारण नहीं पता होता है।

## 27 गायक दलों ने 17 घंटे तक बांधा देशभक्ति का समां

**रायपुर 21 अगस्त।** आजादी के अमृत महोत्सव पर सेंट पॉल्स कैथेड्रल में प्रदेश स्तरीय देशभक्ति गीत -संगीत प्रतियोगिता करीब 17 घंटे तक चली। छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश के 27 गायन दलों ने सुरलय और ताल से देशभक्ति का समां बांधा। दोपहर 1 बजे प्रारंभ हुई स्पर्धा के नतीजे सुबह 6 बजे जारी हो सके। स्पर्धा में डोंगरगढ़ को बेस्ट परफार्मेंस, राजनांदगांव को बेस्ट सॉंग ऑफ द ईयर और रायपुर के ग्रेस चर्च को विजेता का पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथि बिशप डॉ. सुषमा कुमार थीं। पीवायएफ प्रेसीडेंट जेनिस दास, सचिव वाय. अनुदित रंजन और कोषाध्यक्ष एलिशा हनुक ने बताया कि कैथेड्रल के पास्ट्रेट कोर्ट, पास्ट्रेट कमेटी, संडे स्कूल, महिला सभा, युवा सभा, क्वायर ने प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रतियोगिता की थीम थी - तब तुम सत्य को जानोगे और सत्य तुम्हे स्वतंत्र करेगा। इस मौके पर यह स्पर्धा पास्टोरेट यूथ फैलोशिप द्वारा स्व. पादरी यीशु दान की स्मृति में करवाई गई। प्रतियोगिता में सभी डिनॉमिनेशन की कलीसियाएं शामिल हुईं। सर्वश्रेष्ठ गीत प्रस्तुत करने वाले दल को दस हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। एकल गान में प्रथम पुरस्कार 3 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार दो हजार व तृतीय पुरस्कार 1 हजार रुपए दिया गया। युगल गीत में प्रथम पुरस्कार 4 हजार, द्वितीय पुरस्कार 3 हजार व तृतीय पुरस्कार 2 हजार रुपए दिया गया।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायपुर 21 अगस्त।** अमेज़न ने आज अमेज़न फ्यूचर इंजीनियर छात्रवृत्ति कार्यक्रम के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की। यह पहल, भारत में युवा महिलाओं को टेक्नोलॉजी में करियर बनाने में सहायता प्रदान करने से जुड़ी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग या संबंधित क्षेत्रों में स्नातक कर रही 500 छात्राओं को व्यापक सहायता प्रदान कर टेक्नोलॉजी उद्योग में लैंगिक अंतर को पाटना है। हर चुनी गए स्कॉलर को शिक्षा संबंधी खर्च को पूरा करने में मदद करने के लिए चार साल के दौरान 200,000 रुपये की पर्याप्त छात्रवृत्ति मिलेगी। यह कार्यक्रम वित्तीय सहायता भर नहीं है, बल्कि यह एक समग्र विकास योजना प्रदान करता है। सबसे होनहार उम्मीदवारों की पहचान करने के लिए अमेज़न कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया अपना रही है। इसके लिए कंपनी ने फाउंडेशन फॉर एक्सलेंस (एफएफई) के साथ भागीदारी की है। छात्रवृत्ति शैक्षणिक योग्यता, वित्तीय आवश्यकता और प्रदर्शित नेतृत्व क्षमता के संयोजन के आधार पर प्रदान की जाएगी। टेक्नोलॉजी तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, हर स्कॉलर को अपनी पढ़ाई और परियोजनाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए एक लैपटॉप भी मिलेगा।




## छत्तीसगढ़ में रूफटॉप सोलर समाधानों को बढ़ावा देने के लिए सम्मान

**रायपुर 21 अगस्त।** स्थायी उर्जा समाधानों में लीडर टाटा पावर सोलर सिस्टम्स लिमिटेड छत्तीसगढ़ में नवीकरणीय उर्जा के आधुनिकीकरण में अग्रणी रही है तथा उर्जा के स्थायी समाधानों के माध्यम से स्थानीय उद्योगों जैसे कृषि, आतिथ्य, कोयले के खनन एवं स्टील आदि को लाभान्वित कर रही है, साथ ही रिहायशी समुदायों एवं परिवारों को सशक्त बनाने में भी मुख्य भूमिका निभा रही है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में बिलासपुर, छत्तीसगढ़ से भट्ट एंटरप्राइजेज़ ग्रीन हीरोज़ में से एक रहे, जिन्होनें पूर्वी क्षेत्र के चैनल पार्टनर्स के बीच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए कार जीती। यह उपलब्धि सौर उर्जा के अडॉप्शन को बढ़ावा देने में भट्ट एंटरप्राइज़ेज़ के उत्कृष्ट योगदान और प्रभाव को दर्शाती है। हालांकि टाटा पावर सोलर का यह रिकॉग्निशन प्रोग्राम उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चैनल पार्टनर्स के दायरे से आगे बढ़कर काम करता है; इसे इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह सभी पार्टनर्स के कल्याण को सुनिश्चित कर उनहें प्रेरित करता है। साथ ही सुनिश्चित करता है कि इस प्रक्रिया में योगदान देने वाले हर पार्टनर को पहचान मिले।

### भारत का पहला क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल

**रायपुर 21 अगस्त।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपने जल्द लॉन्च होने वाले भारत के पहले क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल - एमजी विंडसर का नया टीज़र पेश किया है।? इस टीजर में पानी में फर्राटे से चलने की इसकी बेजोड़ खूबियों को पेश किया गया है। यह नया टीजर एमजी विंडसर की बेहतरीन इंजीनियरिंग और भारतीय सड़कों के अनुकूल इसकी विभिन्न खासियतों को पेश करती है। इसकी यही खूबियां इस कार को भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के लिए एक सबसे उपयोगी एवं इंटेलिजेंट CUV के रूप में स्थापित करती हैं। इस टीजर की बात करें तो इसमें एमजी विंडसर को चुनौतीपूर्ण इलाकों से बेहद आत्मविश्वास के साथ गुजरते हुए दिखाया गया है। भारत में हर साल मानसून के मौसम जल जमाव एक आम चुनौती है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26